सूर्योदय : 6:30
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-155 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 26 नवम्बर 2024

23 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# मोदी कैबिनेट : वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन स्कीम को मंजूरी

- कैबिनेट ने कई अहम फैसले भी लिए
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्यूआर कोड वाले नए पैन कार्ड पर लगायी मुहर
- 2481 करोड़ के प्राकृतिक खेती मिशन को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने सोमवार को बैठक में कई अहम फैसले लिए। बैठक में पैन-2.0 को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पैन कार्ड हमारे जीवन का हिस्सा है। यह मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है। इसे अपग्रेड किया गया है।

पैन 2.0 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत मौजूदा सिस्टम को अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही इनोवेशन मिशन के लिए 2750 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इसके साथ ही वन नेशन और वन सब्सक्रिप्शन को भी लागू करने पर मुहर लगाई गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन का सबसे बड़ा लाभ युवाओं और छात्रों का मिलेगा। उन्होंने कहा कि शोध के लिए उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों की आवश्यकता होती है। यह बहुत महंगे होते हैं। पीएम ने इसे एक नए रूप में बदल दिया है।

वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन में सभी विश्वविद्यालय अपने संसाधनों को साझा करेंगे। सरकार सभी विश्व प्रसिद्ध जर्नल लाएगी। उनका सब्सक्रिप्शन लिया जाएगा और देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस पर लगभग 6,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2750 करोड़ की लागत से अटल इनोवेशन मिशन 2.0 को मंजूरी दी है। युवाओं को नवाचार और उद्यमिता में आगे लाने के लिए भारत में अटल इनोवेशन मिशन की शुरुआत हुई थी। हमें पता लगा था कि अटल इनोवेशन मिशन के पहले संस्करण में स्थानीय भाषा को शामिल नहीं किया गया था। इसलिए हमने अटल इनोवेशन मिशन 2.0 को लागू किया है। इसके तहत 30 ऐसे नवाचार केंद्र खोले जाएंगे जो स्थानीय भाषा में काम करेंगे। केंद्र सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय मिशन का एलान किया। इसके तहत 2,481 करोड़ रुपये से देशभर के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने और रसायन मुक्त भोजन के साथ लोगों के स्वस्थ रखने की जरूरत है। प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन देशभर के एक करोड़ किसानों को कवर करेगा। पूरे देश में लगभग 10 लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती होती है।

### इन परियोजनाओं पर भी लगी मुहर

बैठक में अरुणाचल प्रदेश में दो जल बिजली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इस पर 3,689 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बैठक में रेलवे की तीन बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। 160 किमी लंबी मनमाड-जलगांव चौथी लाइन बनेगी। इससे हर साल आठ करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी। वहीं दूसरी परियोजना में भुसावल से खंडवा तक तीसरी और चौथी लाइन का काम होगा। इससे पूर्वांचल और मुंबई के बीच क्षमता बढ़ेगी। इस परियोजना पर 8,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे रोजगार शुरू होगा और किसानों, छोटे उद्योगों को मदद मिलेगी।

# संभल हिंसा की होगी मजिस्ट्रियल जांच

- सांसद-विधायक समेत 800 पर एफआईआर, 25 लोग गिरफ्तार
- बाहरी व्यक्तियों पर रोक, सख्त कार्रवाई की तैयारी



**संभल।** मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने सोमवार को कहा कि संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच होगी। मुरादाबाद कमिश्नर ने कहा कि संभल में स्थिति सामान्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के साक्ष्य मिल रहे हैं, दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और एनएसए लगाया जाएगा।

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने एक दिसंबर तक जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि हिंसा में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। संभल शहर में फिलहाल अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मामले में सरथल पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक राठी की ओर से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल समेत 800 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया, मुकदमे में इनपर आरोप लगाया गया है कि इन लोगों ने भीड़ को भड़काकर बलवे का रूप दिया। 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पत्रकार वार्ता में जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा, ''संभल में रविवार दोपहर बाद से शांति व्याप्त है। जनजीवन सामान्य है। साप्ताहिक बंदी के बावजूद आज लोगों ने अपनी दुकानें खोलीं। स्थिति पूरी तरह सामान्य है। रात को गश्त की गयी। किसी तरह की कोई समस्या नहीं है।'' उन्होंने कहा कि 19 नवंबर को सर्वे शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ था एवं जुमे की नमाज भी शांतिपूर्ण ढंग से हुई थी। उन्होंने कहा कि कल जब यह ऐलान हुआ कि सर्वे हो गया है तो उसके बाद अचानक पथराव शुरू हुआ। पेंसिया ने कहा, ''हमें लगता है कि रातोंरात योजना बनायी गयी। जांच से इसका खुलासा हो सकेगा। भीड़ ने अपने ही लोगों पर पथराव किया और गोलियां चलायीं।

## संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के लिए सोमवार को राज्य की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रशासन द्वारा सभी पक्षों को सुने बिना और संवेदनहीनता के साथ कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, संभल में मुगलकालीन मस्जिद का अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 20 सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य घायल हो गए।

# दिल्ली-एनसीआर में जारी रहेंगे ग्रैप-4 के प्रतिबंधः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप प्रतिबंधों में ढील देने से साफ इनकार कर दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, जब तक एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में लगातार सुधार नहीं दिखता, तब तक वह ग्रैप-3 या ग्रैप-2 से नीचे प्रतिबंध लगाने का आदेश नहीं दे सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ग्रैप-4 के तहत लगे प्रतिबंधों से समाज के कई वर्ग, जैसे मजदूर और दिहाड़ी मजदूर, बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा, उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों से कहा कि निर्माण कार्यों पर लगे बैन के दौरान मजदूरों के लिए राहत के तौर पर उनके पास जमा लेबर सेस (मजदूर उपकर) का इस्तेमाल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से स्कूलों और कॉलेजों में शारीरिक कक्षाएं फिर से शुरू करने पर विचार करने को कहा, क्योंकि कई छात्रों के पास ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए मध्याह्न भोजन और बुनियादी ढांचे की कमी है।

# शीतकालीन सत्र का पहला दिन चढ़ा हंगामे की भेंट

- लोकसभा-राज्यसभा बुधवार तक स्थगित



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। दोनों ही सदनों में अमेरिका में अदाणी के खिलाफ लगे आरोपों और यूपी के संभल में हुई हिंसा को लेकर चर्चा की मांग की गई।

इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। आखिरकार दोनों ही सदनों को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बताया गया है कि राज्यसभा में विपक्ष ने मणिपुर हिंसा और केरल के वायनाड में आई आपदा को लेकर भी स्थगन प्रस्ताव दिए थे। हालांकि, इन मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाई। इस बीच विपक्षी सांसदों ने भाजपा को संभल हिंसा के मुद्दे पर घेरा। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और कुछ अन्य पार्टी सदस्यों ने इस दौरान जोर शोर से अपनी बात रखने की कोशिश की।

# मत हों परेशान, हर समस्या का कराएंगे समाधान : सीएम योगी

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं
- हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

### सीएम योगी ने की गोसेवा, बतखों को भी चारा खिलाया

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल शिवावतारगुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंश के बीच समय बिताया और गोसेवा की। गोसेवा के दौरान उन्होंने सितंबर माह में आंध्र प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के दो गोवंश भवानी और भोलू को खूब दुलारा तथा अपने हाथों से उन्हें चारा (बरसीम) खिलाया। मुख्यमंत्री ने अन्य गोवंश को भी खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के भी कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान सीएम योगी जब भीम सरोवर पर पहुंचे तो वहां बतखों का समूह विचरण कर रहा था। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से चारा खिलाकर बतखों पर भी स्नेह बरसाया।

## संविधान से धर्मनिरपेक्ष-समाजवाद शब्द हटाने की मांग वाली याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से खारिज



**नई दिल्ली।** संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ये याचिकाएं पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और अन्य के द्वारा दायर की गई थी। गौरतलब है कि साल 1976 में पारित हुए संविधान संशोधन के तहत धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद जैसे शब्दों को जोड़ा गया था। बीते शुक्रवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका को खारिज करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका पर विस्तार से सुनवाई करने की जरूरत नहीं है। सीजेआई ने कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द 1976 में संविधान संशोधन के जरिए जोड़े गए थे और इनसे 1949 में अपनाए गए संविधान पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

## 28 को सोरेन का शपथ-ग्रहण

**रांची।** कांग्रेस के राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव सहित इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के शीर्ष नेता 28 नवंबर को हेमंत सोरेन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी सोमवार को कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने दी। हेमंत सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन ने शनिवार को झारखंड में शानदार वापसी करते हुए 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल कर ली।




# लखनऊ से पलियाकलां के बीच हवाई सेवा शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ से पलियाकलां के बीच हवाई सेवा का सोमवार को शुभारंभ हो गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी और लखनऊ मंडल की कमिश्नर डॉक्टर रोशन जैकब अधिकारियों की टीम के साथ सोमवार को पहली फ्लाइट से पलिया पहुंचे। आठ सीटर विमान पूर्वाह्न करीब 11ः30 बजे पलिया के मुंजहा स्थित हवाई पट्टी पर उतरा हवाई पट्टी के टर्मिनल हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हवाई सेवा शुरू होने को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह दुधवा टाइगर रिजर्व के पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी। इससे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश के पर्यटक दुधवा आसानी से पहुंच सकेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि जल्द ही शासन अयोध्या से कुंभ, अयोध्या से नैमिष और अयोध्या से गोरखपुर के लिए भी इसी तरीके की हवाई यात्रा सेवाएं शुरू करने जा रहा है। इससे प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा सरकार की ओर से मुंजहा स्थित हवाई पट्टी से 72 सीटर विमानों को उड़ाने की योजना तैयार की गई है। इसको अमलीजामा पहनाने का काम तेजी से चल रहा है। यहां भूमि अधिग्रहण का काम लगातार जारी है लखीमपुर महोत्सव 2024 का दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन परिसर से सोमवार से आगाज हुआय। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने महोत्सव का शुभारंभ किया। यह महोत्सव 25 से 28 नवंबर तक चलेगा। इससे पूर्व रविवार को लखीमपुर महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को पूरा दिन प्रशासनिक अमला जी जान से लगा रहा।

## 03 नफर वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर की पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.11.2024 को 03 नफर वारंटी अभियुक्तगण-रामखेलावन पुत्र भरोसे नि0 ग्राम रंजीतगंज थाना ईसानगर जनपद खीरी सम्बन्धित मु0अ0स0-756-04 धारा-60/62 आब0 अधि0 ता0 पेशी 27.11.2024 2. पटवारी पुत्र बाबूराम लोध नि0 ग्राम लोधनपुरवा मजरा शंकरपुर थाना ईसानगर जिला खीरी सम्बन्धित अ0स0-851/08 धारा 398/401/307 भादवि0 थाना ईसानगर जिला खीरी ता0पेशी 25.11.2024 3. अशिक अली पुत्र फरजन्द अली नि0 ग्राम मुखलिशपुर थाना ईसानगर जिला खीरी सम्बन्धित अ0स0-18-01 धारा-26/28 फारेस्ट एक्ट थाना ईसानगर जिला खीरी ता0पेशी 25.11.2024 को दबिश देकर डेबर चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर हुई उजागर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मेला मैदान चौराहे पर बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। कई दिनों से जर्जर हालत में खड़ा एक बिजली का खंभा अचानक गिरकर धराशायी हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन खंभा गिरने से सड़क पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खंभे को हटाने के साथ बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम शुरू किया। हालांकि, इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताते चले मेला मैदान चौराहे पर वर्तमान में सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। इस प्रक्रिया में जर्जर बिजली के खंभों को हटाकर शिफ्ट किया जाना था। जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसके लिए बिजली विभाग को धनराशि भी जारी कर दी थी। लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के चलते न खंभे शिफ्ट किए गए न ही उनकी मरम्मत की गई। इसके बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों पर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले खंभों को शिफ्ट करने की जिम्मेदारी बिजली विभाग की थी। लेकिन विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## पागल सियार ने 12 लोगों को काटकर किया जख्मी

**लखीमपुर-खीरी ।** धौरहरा वनरेंज के खमरिया कस्बा और नजदीकी गांव तमोलीपुरवा में शाम एक सियार घुस आया। पागल सियार ने 12 लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। इसके बाद भड़के ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पीटकर सियार को खदेड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि ग्रामीणों की पिटाई से सियार मरणासन्न हो गया था।

रविवार शाम को खेतों से एक सियार ने निकलकर खमरिया और तमोलीपुरवा की आबादी में सियार घुस आया। हिंसक सियार ने रमाशंकर, टन्ने, आकाश तिवारी, मनोज कुमार, पैरू, कपिल, शोभित, रोहित, शिवांशु , कल्लू, मोहित व लल्लू आदि पर हमलाकर जख्मी दिया। तमोलीपुरवा और खमरिया कस्बे में भाग भागकर हमला कर रहे सियार को खमरिया कस्बे में लोगों ने घेरकर लाठी डंडों से पीट दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ग्रामीणों के हमले में सियार बुरी तरह जख्मी होकर सड़क किनारे बेसुध पड़ा रहा। जिसके बाद सियार का कोई पता नहीं चला।

## लंगूरी बंदर ने दो भाइयों को काट कर किया गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद के गांव परसेला मे लंगूरी बंदर ने दो भाइयों को काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है।

इन दिनों महेशपुर इलाके मे हजारों की संख्या मे बंदर घूम रहे है। इलाके के दर्जनों गांव मे बंदरो का आतंक है। लोगो का खाना खाने का साथ खाना बनाना भी मुश्किल हो गया है। थाना हैदराबाद के परसेला मे एक लंगूरी बंदर ओम नारायण वर्मा के घर मे घुस आया। इस लंगूरी बंदर ने पहले इनके छोटे पुत्र सचिन को काटा। उसके बाद बड़े पुत्र शिवम को काटा। यह नजारा देखकर गांव के तमाम लोग दौड़ पड़े। तब बंदर छोड़कर भाग गया।

## जिला कृषि अधिकारी ने खाद की दुकानों का किया निरीक्षण,25 नमूने भरे



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली :** सोमवार को जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने तहसील बहेड़ी में किसानों को रबी फसलों के लिए खाद और बीज की उपलब्धता कराए जाने के लिए कस्बा बहेड़ी में तराई बीज भंडार, न्यू शिवम बीज भंडार, कमल बीज भंडार, शिवा एजेंसी तथा पंकज फर्टिलाइजर एजेंसी, बहेड़ी कृषि सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान 25 नमूने भरे गए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों व पीओएस मशीन से स्टाक का भौतिक सत्यापन किया। विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिए गए की कृषकों को पीओएस मशीन से ही निर्धारित दर पर उर्वरक बिक्री सुनिश्चित करें। यदि कोई विक्रेता अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बहेड़ी में सभी विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में डी ए पी उर्वरक उपलब्ध पाया गया। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि कृषको को उर्वरक आधार के माध्यम से पीओएस मशीन से ही दिया जाए। किसानों की ओर से कोई भी शिकायत आती है तो उसकी जांच कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने किया शेखूपुर चीनी मिल के पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को दी किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड शेखूपुर बदायूं के 48वे पेराई सत्र 2024-25 का विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने मिल के अधिकारियों के साथ चीनी मिल का मुआयना भी किया।

पेराई क्षेत्र के उद्घाटन के दौरान मिल गेट पर जिलाधिकारी तथा मिल के अधिकारियों ने कृषक दुर्ग पाल सिंह ग्राम कुरऊ एवं बृजभूषण सिंह ग्राम गुराई की गन्ने से भरी प्रथम बैलगाड़ी एवं ट्राली की तौल कर पेराई सत्र का शुभारंभ किया, इसके पश्चात विधिवत हवन पूजन एवं मिल स्थित सैयद बाबा की जयारत पर चादर चढ़ाई गई तथा मिल के शिव मंदिर पर पूजन किया गया।

मिल के प्रधान प्रबंधक गुलशन कुमार ने बताया कि शेखूपुर चीनी मिल की क्षमता 1250 टन प्रतिदिन है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा गत पेराई सत्र का किसानों के गन्ना मूल्य का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है।



उन्होंने बताया कि मिल से करीब 1300 किसान जुड़े हैं तथा जनपद का लगभग 3750 हैकटेयर का गन्ना लिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 15 लाख कुंतल गन्ना क्रश करने का लक्ष्य रखा गया है जो कि गत वर्ष का लक्ष्य 13 लाख कुंतल था। प्रधान प्रबंधक गुलशन कुमार ने कृषकों से अपील किया कि वह सत्र प्रारंभ से ही मिल को स्वच्छ एवं ताजा पेडी गन्ने की आपूर्ति करने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें ताकि उनके द्वारा आपूर्ति किए गए गन्ने का समय अंतर्गत भुगतान भी सुनिश्चित हो सके।

## संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर कांग्रेसियों ने निकाला पैदल मार्च

**सहारनपुर।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर पैदल मार्च निकालकर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में देहरादून रोड पर एकत्रित हुए और जहां से पैदल मार्च करते हुए जनकपुरी तिराहे पर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्मारक पर पहुंचे तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी ने संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब ने एक ऐसा अद्वितीय संविधान हमारे देश को दिया, जिसमें सभी के लिए न्याय है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया उसी की बदौलत आज भारत विश्व का सबसे बड़ा और गौरवशाली लोकतंत्र है, जिस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि आज देश की सत्ता में बैठे लोग बाबा साहब के नाम पर राजनीति करते हैं और दूसरी तरफउनके दिए संविधान को कमजोर करके देश की समस्त संवैधानिक संस्थाओं पर कुंडली मारकर बैठे है।

## संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर कांग्रेसियों ने निकाला पैदल मार्च



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर पैदल मार्च निकालकर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में देहरादून रोड पर एकत्रित हुए और जहां से पैदल मार्च करते हुए जनकपुरी तिराहे पर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्मारक पर पहुंचे तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी ने संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब ने एक ऐसा अद्वितीय संविधान हमारे देश को दिया, जिसमें सभी के लिए न्याय है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया उसी की बदौलत आज भारत विश्व का सबसे बड़ा और गौरवशाली लोकतंत्र है, जिस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि आज देश की सत्ता में बैठे लोग बाबा साहब के नाम पर राजनीति करते हैं और दूसरी तरफ उनके दिए संविधान को कमजोर करके देश की समस्त संवैधानिक संस्थाओं पर कुंडली मारकर बैठे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की इन जन विरोधी नीतियों से देश के लोकतंत्र का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है और हमें अब लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष रामपुर मनिहारान संदीप डाबर, जॉनी बिरला, राजन बिरला, राजीव बत्रा, दीपक सैनी, मनीष गोदियाल, सलमान, आयुष कुमार, पंकज कुमार, पीयूष कुमार आदि मौजूद रहे।

## गाजियाबाद प्रकरण को लेकर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहे अधिवक्ता

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन की कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आज भी सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरक्त रहे तथा गाजियाबाद के अधिवक्ताओं को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने की घोषणा की। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। जिसमे गाजियाबाद बार के पदाधिकारियों की वार्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से होने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुयी। तत्पश्चात सभी अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के बार संघों के साथ एक जुटता दिखाते हुए न्यायिक कार्य से विरक्त रहने का निर्णय लिया, जिसके चलते आज अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया।

## नेता जी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की स्मृति में बरेली कॉलेज बरेली में होगा बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट




*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली** बरेली कॉलेज के विधि संकाय के छात्रों द्वारा पूर्व रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की स्मृति में एक विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है.इस टूर्नामेंट में जिले भर की टीमें हिस्सा लेंगी.जिसके सभी मैच टेनिस वॉल से खेले जाएंगे टूर्नामेंट का शुभारम्भ 29 नवंबर 2024 से होगा टूनामेंट के आयोजको द्वारा तयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है 7 टीमों और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इंतजाम किया जा रहे हैं टूर्नामेंट विजेता टीम को एक बड़ी ट्रॉफी के साथ ही एक प्राइज मनी भी दी जाएगी.साथ ही रनर अप टीम को भी पुरस्कार दिया जाएगा.इस आयोजन के लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है.इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए टीम आयोजक जाबेद गद्दी 9837169450,और बृजेश आजाद के 9917619145 नंबर पर संपर्क कर सकती है।

## अपराधियों पर नियंत्रण के लिए क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल का उद्घाटन




**बरेली।** अपराध और अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए बरेली पुलिस ने एक नई पहल की है। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने पुलिस कैंप कार्यालय में क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि यह सेल हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी, गोवध, गौ-तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, चैन स्नेचिंग, अवैध शराब कारोबार और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों पर सख्त नजर रखेगा।

**सेल का उद्देश्य**

यह सेल अपराधियों का एक डिजिटल डेटाबेस तैयार करेगा और उनकी गतिविधियों की सतत निगरानी करेगा। साथ ही, अपराधों को रोकने और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**प्रमुख जिम्मेदारियां**

1. अपराधियों का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार करना।
2. उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उन्हें ट्रैक करना।
3. अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी और त्वरित कार्रवाई करना।
4. जनता को सुरक्षित और अपराधमुक्त माहौल प्रदान करना

**उद्घाटन में वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में एसपी सिटी मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह समेत अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इस पहल को अपराध रोकने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

इस कदम से पुलिस का उद्देश्य अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करना है।

# लिटिल एंजेल स्कूल में यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था लिटिल एंजेल स्कूल में आयोजित यातायात जागरूकता गोष्ठी में विभागीय अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क सुरक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया गया। स्थानीय माधव नगर स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एआरटीओ एमपी सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज अमित तोमर, यातायात उपनिरीक्षक गंगा शरण शर्मा, स्कूल प्रबंधक श्रीमती ललिता मंगल, प्रिंसिपल मनीष मंगल एवं नव प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। यातायात जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए एआरटीओ एमपी सिंह व ट्रैफिक इंचार्ज अमित तोमर ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्रा अपना लक्ष्य निर्धारित कर लगन के साथ शिक्षा हासिल करें तथा अपने अभिभावकों से बाईक व स्कूटी जैसी कोई अनुचित मांग न करें, ताकि आने वाली अनहोनी से बचा जा सकें। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलायी। स्कूल प्रबंधक श्रीमती ललिता मंगल, प्रिंसीपल मनीष मंगल ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नव प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने सभी बच्चों से पुलिस अधिकारियों द्वारा बताये गये आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों पर आधारित नाटक, गीत और पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रणेश कुमार, श्रीमती सुनीता वाधवा, तूलिका भंडारी, कोमल, अनु गुलाटी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




## करोड़ों की नाजायज स्मैक समेत दो शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना नानौता व एएनटीएफकी संयुक्त पुलिस टीम ने 02 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 531 ग्राम अवैध स्मैक, 02 मोबाइल व तस्करी में प्रयोग की जाने वाली एक बाईक बरामद की है। बरामद की गयी स्मैक की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 01 करोड़ 06 लाख रूपये आंकी गयी है। पुलिस ने दोनों नशा तस्करों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना नानौता प्रभारी सचिन पूनिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक धीरज सिंह, एएनटीएफसे उपनिरीक्षक रवि कुमार, भूपेन्द्र सिंह की संयुक्त नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित हमामपुर नहर पुल से दो शातिर नशा तस्करों नौशाद पुत्र इरशाद व सारिक पुत्र इदरीश निवासीगण घाटमपुर थाना नकुड़ को गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। थाना तीतरो पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए एक हत्यारोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल ईट बरामद की है। पुलिस ने हत्यारोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 24 नवम्बर को वादी प्रमोद कुमार पुत्र यशपाल सिंह उर्फ पाल्ला निवासी ग्राम डूभर किशनपुर थाना तीतरो की तहरीर पर आरोपी अंकुर उर्फ रासु पुत्र सुनील कुमार शर्मा निवासी ग्राम डूभर किशनपुर थाना तीतरो के खिलाफ वादी के भाई आनन्द को अपनी स्कूटी पर बैठाकर ले जाने तथा वादी के भाई आनन्द की हत्या कर शव को ट्यूवैल के पास बने कुएं में डालने के संबंध में थाना तीतरो पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा व उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव रादौर के पास स्थित गोगा म्हाड़ी के समीप से हत्यारोपी अंकुर उर्फ रासू को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आला कत्ल ईट बरामद कर ली। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी अंकुर ने खुलासा किया कि 22 नवम्बर को वह आनंद को अपनी अपनी इलैक्ट्रिक स्कूटी पर बिठाकर अपने खेत पर ले गया था। उसके बाद हमने खण्डलाना ठेके से शराब खरीद थी, जिसे पीकर आनंद को ज्यादा नशा हो गया था। इसी दौरान आनंद ने मुझे गोली दी थी, जिस पर मैने आनंद को मारना पीटना शुरू कर दिया था। बार बार गाली देने पर मैंने तैश में आकर आनंद के सिर में इंट मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गयी थी तथा उसके शव को टयूवबैल पर बने एक कुंए में डाल दिया था। पुलिस ने हत्यारोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खिलडियों ने की जोर आजमाइश

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व क्षेत्रीय खेल कार्यालय के समन्वय से आयोजित जिला स्तरीय जूनियर कुश्ती (बालक) प्रतियोगिता में खिलाड़ियो ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्थानीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर कुश्ती (बालक) प्रतियोगिता का शुभारंभ सूबेदार पंकज कुमार व डीआईओएस हर्ष देव सिंह ने किया। प्रतियोगिता में जनपद के 120 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला कुश्ती संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता व जिम्नास्टिक के सचिव नीरज राठी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 26 नवम्बर 2024



# द एमएसजी फाउंडेशन दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स.) में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन ने हाल ही में दरगाह हज़रत अब्बास में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 400 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया और उन्हें दवाएं प्रदान की गईं। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शमसुल हसन ज़ैदी व डॉ. मोहम्मद सालिम (एमबीबीएस केजमीयू), अतिथि डॉ. अंशिका सिंह (एसजीपीजीआई) मौजूद रही। द एमएसजी फाउंडेशन अब तक 90 चिकित्सा शिविर आयोजित कर चुका है और 15556 मरीजों को लाभ पहुंचा चुका है। इस शिविर में मोहम्मद ज़फ़र अली आबिदी का भी योगदान रहा।

इस चिकित्सा शिविर में डॉ.मारिया परवीन, डॉ. फ़ैक अहमद मंसूरी, डॉ. अनिकेत चौधरी, डॉ भूमि सिंह, डॉ. शैख़ सदफ़, डॉ. मोहम्मद आमिर, डॉ नाजिया क़ुरैशी, डॉ. अमीना ज़ैदी, डॉ. अमीना की टीम ने भी हिस्सा लिया। द एमएसजी फाउंडेशन की टीम की तरफ़ से इमरान अली, मिस्बा आबिदा, अतहर अब्बास, मोहम्मद जमन अंजील और मोहम्मद आलम (अध्यक्ष) व मोहम्मद सादिक़ (संस्थापक) मौजूद रहे।

## चार दिन बाद युवक का झरही नदी में मिला लाश, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के देवीपुर झरही माई के स्थान के समीप झरही नदी पुल के पास एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान गुरवलिया खरवार टोला निवासी पच्चीस वर्षीय सन्नी खरवार के रूप में हुई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों द्वारा थाने पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर संजय कुमार ने मय फोर्स मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरवलिया बाजार के खरवार टोला निवासी ओमप्रकाश खरवार का पुत्र सनी खरवार 20 नवंबर को दो साथियों के साथ झरही माई मंदिर की तरफ गया था। जब देर रात तक वह वापस नहीं लौटा तो घरवाले और ग्रामीण उसकी काफी खोजबीन किए। जब वह नहीं मिला तो 21 नवंबर को घर वालों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की दर्ज कराई। पुलिस की छानबीन चल ही रही थी तब तक सोमवार की सुबह 9 बजे झरही नदी में ग्रामीणों ने शव देखा जिसकी पहचान सनी खरवार के रूप में हुई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने के बाद मौके पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चार दिन से गायब सनी का शव मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर के भाई सनी की शव मिलने की सूचना मिलते ही उसके पिता अचेतावस्था में चले गए। घर वालों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तुर्कपट्टी संजय कुमार ने बताया कि पी एम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई की पता चल सकेगा। **आर्थिक सहायता व गुनाहगारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर माने-** सोमवार की सुबह झरही नदी में मिली लाश के पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीणों ने घर आए शव को कसया तमकुही मार्ग पर रखकर शाम 4:30 बजे से 2 घंटे परिजनों ने जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय कुमार के मनाने के बाद भी जब परिजन नहीं माने तो इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार तमकुही लक्ष्मी वर्मा ने परिजनों को समझा कर जाम खत्म किया। तब तक मौके पर एसडीएम पडरौना व्यास नारायण उमराव, सीओ कसया कुंदन सिंह व तहसीलदार चंदन शर्मा मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आर्थिक सहायता व गुनहगारों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## कमलेश राजपूत ने आर्यन गुप्ता व शिखर जैन एवं अग्रिम गुप्ता को पदाधिकारी बनाया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत की अध्यक्षता में जिला सचिव कृतज्ञ गुप्ता के आवास रायपुर खास मे मीटिंग सम्पन्न हुई जिसमे जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने आर्यन गुप्ता को तहसील सदर का अध्यक्ष शिखर जैन को तहसील सदर का उपाध्यक्ष और अग्रिम गुप्ता को जिला महा मंत्री बनाया है और इनसे आशा व्यक्त की है कि ये संगठन का अच्छे से साथ देंगे इस खास मौके पर जिला संरक्षक चंद्र सिंह जाट अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष शाह बारिश खान कानपुर मंडल मीडिया प्रभारी डा अजय शाक्य जिला सचिव कृतज्ञ गुप्ता तहसील प्रभारी आलोक शाक्य हिमांशु गुप्ता चिराग सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रा. विद्यालय मदारपुर में निपुण एसेसमेंट टेस्ट कराया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में कक्षा 3 में एनएटी परीक्षा की ओएमआर सीट भरवाती कक्ष निरीक्षक कमलेश राजपूत-प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में निपुण एसेसमेंट टेस्ट का आयोजन हुआ। कक्षा एक में पंजीकृत दस बच्चों में आठ की परीक्षा कक्ष निरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने कराई। कक्षा दो में कक्ष निरीक्षक आकाश पाल ने 13 बच्चों के सापेक्ष 12 बच्चों की परीक्षा ली जबकि कक्षा में कक्ष निरीक्षक कमलेश राजपूत की कक्षा में 9 बच्चों में से सभी 9 बच्चों ने परीक्षा में उपस्थित होकर परीक्षा ली। केंद्र व्यवस्थापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि तीनों कक्षाओं के बच्चों को सीटिंग प्लान के अनुसार बैठकर परीक्षा आयोजित कराई।कल कक्षा 4 एवं 5 की एनएटी परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने अभिभावकों से सभी बच्चों को परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया।

## सृष्टि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में काव्य स्पंदन मनाया गया



**मुम्बई अवधनामा संवाददाता।** नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, मुंबई, महाराष्ट्र में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश, कल्चरल डिपार्टमेंट ऑफ़ महाराष्ट्र, डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र और सृष्टि फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में काव्य - स्पंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित कवयित्री सुश्री निधि, कृष्ण प्रकाश, डॉ प्रज्ञा शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, सुश्री सविता असीम, विभोर चौधरी , प्रबुद्ध सौरभ, अविनाश त्रिपाठी , विकास कौशिक , विपिन गुप्ता, अजिंक्या जोशी द्वारा अपनी साहित्यिक प्रस्तुति से मुंबई वासियों का मन मोह लिया गया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा आई ए एस द्वारा राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया साथ ही अपनी कविताओं से उपस्थित साहित्यकारों श्रोताओं प्रबुद्ध जनों का मन मोह लिया। सुश्री निधि, श्री कृष्ण प्रकाश द्वारा राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के संबंध में प्रशंसा व्यक्त की गई साथ ही साहित्य के चौमुखी विकास का संदेश भी दिया गया। संस्थान की महामंत्री डॉक्टर सीमा गुप्ता द्वारा बताया गया कि राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2024 में अहिंदी प्रदेश के अंतर्गत बेंगलुरु सहित मुंबई में साहित्यिक कार्यक्रम को बहुत ही सजगता के साथ मनाया गया है। आशा है कि आने वाले समय में संस्थान सभी अहिंदी प्रदेशों में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करेगा।

## आइडियल क्रिकेट अकादमी 87 रनों से विजयी

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** शहर के स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर



महाविद्यालय के मैदान पर 9 नवम्बर से चल रहे गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग 2024-25 टूर्नामेंट मैच में महावीर क्रिकेट अकादमी और आइडियल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया। मैच में महावीर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर आइडियल क्रिकेट अकादमी को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए। आइडियल क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 40वें ओवर के पहले गेंद में रोहित और बिपिन के 24- 24 रनों की बदौलत 170 रन बनायीं। महावीर क्रिकेट अकादमी के तरफ से अनीश ने सर्वाधिक 4 और पंकज ने 2 विकेट लिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए महावीर क्रिकेट अकादमी की टीम मैच के 22वें ओवर के पहली गेंद पर ही 83 रन बनाकर आलआउट हो गयी। महावीर क्रिकेट अकादमी के तरफ से विवेक गुप्ता ने 24 तथा सोनू पासवान ने 19 रन बनाया। आइडियल क्रिकेट अकादमी के तरफ से आनंद यादव ने सर्वाधिक 5 पवन यादव ने 3 विकेट लेते हुए 87 रनों से मैच जीत लिया। इस मैच में स्मृति राय तथा आशीष सिंह ने अंपायर तथा कुशाग्र, भावेश, आयुष और सिद्धार्थ ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

## 27 लाख बिजली बिल, 70 उपभोक्ताओं के काटे गए कनेक्शन

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** बिजली बिल समय से नहीं जमा करने पर उपभोक्ताओं को पड़ा महंगा। बिजली विभाग का मेंगा वसूली अभियान कई इलाकों में चला। इस दरमियां उपभोक्ताओं पर 27 लाख रुपये बकाया होने पर 70 लोगों के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई, मौके पर 6 लाख रुपये जमा कराए गए।अवैध तरीके से बिजली जलाने पर तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। विद्युत वितरण खंड नगर के अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि शहर समेत मुहम्मदाबाद व करीमुद्दीनपुर में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। नंदगंज, दवोपुर, नारी पचदेवरा और परमेठ गांव में विद्युत विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें सात बड़े बकायदारों की बिजली काटी गई। साथ ही 47 हजार रुपये की वसूली की गई।

## अलीगढ़ में पिस्टल जमा करने गए एसओजी प्रभारी को लगी गोली, पुलिस प्रशासन में हड़कंप

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिले में सरकारी पिस्टल की गोली से



एसओजी प्रभारी के घायल हो गई। घटना तब हुई जब सोमवार को वह अपनी सरकारी पिस्टल जमा करने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे थे. पिस्टल जमा करने के दौरान अचानक गोली चल गई, जिससे एसओजी प्रभारी अंकित चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए. गोली उनके कमर में लगी है. मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया. डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत अब खतरे से बाहर है। गौरतलब है कि अंकित चौधरी को हाल ही में एसओ गंगीरी का कार्यभार सौंपा गया था. इस घटना ने पुलिस विभाग की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं. इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है. थाना कोतवाली में एक महिला पासपोर्ट बनाने गई थी. वेरिफिकेशन के दौरान दारोगा की लापरवाही से महिला के सिर में गोली लग गई थी. महिला की मौत के बाद दारोगा को निलंबित किया गया था। एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार अपनी सरकारी पिस्टल आर्मरी में जमा करने गए थे. इस दौरान साफ सफाई करते हुए पिस्टल अचानक नीचे गिर गई. जिससे गोली दीवार से टकराते हुए उनके कमर में लग गई. इलाज के लिए उन्हें जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है. डॉक्टर ने अभी उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है. संबंधित अधिकारियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व प्रधानाचार्य रमापति पाण्डेय का हुआ निधन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा बाजार के तुलसी



दास नगर (हड़ही) के निवासी एवं पूर्व प्रधानाचार्य, रमापति पाण्डेय का रविवार को सुबह 5 बजे उनके निजी आवास पर निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।वह एक सरल और मृदुभाषी व्यक्तित्व के मालिक थे। उनका पूरा जीवन शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रहा। उनके निधन से शिक्षा जगत में एक अपूरणीय क्षति हुई है। पूर्व प्रधानाचार्य का अंतिम संस्कार अयोध्या के सरयू तट पर उनके बड़े पुत्र, रविप्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया। उनके परिवार और समस्त शुभचिंतकों में शोक की लहर है। इस दौरान घघसरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे, राजेन्द्र पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, राम प्रसाद पाण्डेय, शेषमणि पाण्डेय, राम प्रकाश पाण्डेय, ध्रुव चंद्र पाण्डेय, कृपाशंकर पाण्डेय, अरविंद त्रिपाठी, उमाशंकर पाण्डेय, कपिल पाण्डेय, शिवानंद, नीटू राज, विनोद पाण्डेय, विकास राज, विकास श्रीवास्तव रंजन त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## माजिद बेग की याद हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नजीबाबाद के नगर पंचायत साहनपुर के ईदगाह मैदान में माजिद भाई की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया! टूर्नामेंट की स्पॉन्सरशिप रॉयल फर्नीचर प्वाइंट द्वारा की गई! टूर्नामेंट के समापन पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे रॉयल फर्नीचर प्वाइंट के एमडी, एवं चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को मैच के कमेंटेटर द्वारा शॉल ओढ़ाकर, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया! क्रिकेट के समापन पर रॉयल फर्नीचर प्वाइंट के एमडी इमरान अंसारी द्वारा सभी खिलाड़ियों को कंपनी की टेंग लगी हुई ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया! उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर कहा कि हमें किसी भी कार्य को लगन और मेहनत से करना चाहिए, चाहे वह खेल का मैदान ही क्यों न हो, कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है, जो खिलाड़ी पीछे रह गए हैं निराश नहीं होना चाहिए बल्कि चाहिए मेहनत करनी चाहिए, और काम के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए, खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है! वही चैयरमैन खुर्शीद मंसूरी भी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया! दोनों मुख्य अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को मुबारकबाद दी गई, और उनके भविष्य की उज्जवल कामना की।

## ज़िंदगी के लिए पेड़ लगाना बहुत ज़रूरी



**महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** आने वाली नस्लों के लिए एक पेड़ जरूर लगाए आपके जरिए लगाया गया एक बीज या एक छोटा सा पौधा कुछ वर्षों बाद वह एक विराट पेड़ होगा वह पेड़ सबको छाया देगा पेड़ किसी से मजहब पूछ कर छाया नहीं देता यह बात डॉन बॉस्को कॉलेज के वार्षिक उत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर अली खान ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहां की कुरान में भी जैतून के पेड़ का जिक्र आया है और हर धर्म में पेड़ लगाने की बात कही गई है। प्रोफेसर अली खान ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि वक्त वक्त पर जिस तरह पेड़ों की कटिंग करके उनको तराशा जाता है तो वहीं पेड़ और बड़ा होता जाता है इस तरह मां-बाप अपने बच्चों को समय-समय पर डांटे हैं समझते हैं उनकी बात का बुरा नहीं मानना चाहिए जो बच्चे अपने टीचरों और मां-बाप के बताए हुए रास्ते पर चलते हैं वही बच्चे बुलंदियों पर पहुंचते हैं प्रोग्राम की शुरुआत प्रोफेसर अली खान और उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला फादर क्लैडिस डी अल्मेडा फादर रियो माइकल डिसिलवा ने दीप प्रज्वलित किया द्य बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर प्रोग्राम की शुरुआत की छात्रों ने अपने अंदाज से तरह-तरह के डांस, गाने गाकर सबका मन मोह लिया और मोबाइल से होने वाले बुरे असर का भी स्टेज प्रोग्राम करके समझाया इस मौके पर रॉबर्ट मोंटेरे मारिया, मोहम्मद, नदीम दीपक अमित पीटर, अनूप मोहन श्री दिवस नरेंद्र शर्मा प्राची कनौजिया और बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# नेता के माफीनामे के बाद विवाद का पटाक्षेप

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शनिवार को तहसील के पास पत्रकारों के साथ एक पार्टी के पदाधिकारी द्वारा किए गए विवाद का रविवार को पटाक्षेप हो गया।पार्टी के नेता द्वारा लिखित माफीनामे के बाद पत्रकारों ने अपनी शिकायत वापस ले ली।इस मामले को लेकर रविवार को मामला काफी गर्म रहा।

बताते चलें कि शनिवार को कुछ पत्रकार तहसील रोड स्थित मीडिया कार्यालय के पास बैठे हुए थे।इसी बीच एक पार्टी के विधानसभा क्षेत्र स्तर के एक पदाधिकारी ने महाराष्ट्र,झारखंड तथा यूपी उपचुनाव को लेकर उनसे बहस कर दी।पत्रकारों द्वारा विरोध किए जाने पर उक्त नेता ने विवाद शुरू कर दिया।विवाद बढ़ता देख मामले में पत्रकारों ने सहजनवां थाने में तहरीर दी। इधर, रविवार को पत्रकारों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। बाद में पत्रकारों का हुजूम थाने पर पहुंचा। पत्रकारों द्वारा उक्त नेता द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर

**पत्रकारों से बहस के बाद खड़ा हो गया था विवाद**

तीखा रोष प्रकट करते हुए थानाध्यक्ष से तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।वार्ता के क्रम में उक्त नेता द्वारा पत्रकारों से लिखित माफी मांगे जाने तथा भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति न किए जाने की बात पर पत्रकारों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए विवाद का पटाक्षेप कर दिया। इस दौरान डॉ मंगल शुक्ल, बी ड़ी शुक्ल, संजय दुबे, दिनेश शुक्ला, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, सत्यब्रत त्रिपाठी, हामिद अंसारी , उपेंद्र त्रिपाठी , अमित पांडेय ,अमित उपाध्याय, प्रधान प्रवासी, पुरषोत्तम अग्रवाल, आधाराम मिश्रा, रणविजय दुबे, दुर्विजय सिंह, संदीप दुबे,राघवेंद्र त्रिपाठी, प्रिंस श्रीवास्तव, सिंटू मिश्रा, ,अजित यादव, सर्वेश पांडेय, सुदर्शन शुक्ला बेचन शर्मा, रफीक अहमद, अनिल कुमार मिश्रा, पवन सिसौदिया, अशोक चौधरी, अशोक यादव, चंदन त्रिपाठी, सन्तोष भट्ट, सुनील मिश्रा, शैलेष त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, संजय उपाध्याय, मुकेश दुबे, अमित सिंह, मुक्तेश्वर सिंह, प्रयाग कुमार, पन्ने लाल चौधरी, उमेश यादव, सतेंद्रअग्रहरि, कन्हैया, सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

## मिट्टी खनन के ट्रैक्टर चालक ने ली एक की जान

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर चालक ने 40 वर्षीय अधेड़ की जान ले ली। अधेड़ की जान जाने से पूरा परिवार अनाथ हो गया है। परिवार मे 2 लड़की व 2 लड़के नवालिग है। मृतक माधौगढ़ से हरौली अपने घर जा रहा था तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया जिस कारण मृतक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक वृजेन्द्र सिंह राजावत पुत्र प्रवेन्द्र सिंह (40) निवासी हरौली अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर का शिकार हो गया। मृतक साग सब्जी लेकर माधौगढ़ से हरौली अपने घर जा रहा था तभी शराब के नशे मे धुत ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक के नाबालिग चार बच्चे दो लड़की व दो लड़के है ।पिता का साया छिन जाने से बच्चे अनाथ हो गये जबकि कुछ समय पहले ही माँ का साया भी बच्चो के सर से उठ गया था। ग्रामीणों ने इस घटना का जिम्मेदार प्रशासन को ठहराया है। उनका कहना है कि मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर तेज रफ्तार में सड़क पर वाहन दौड़ाते हैं।

## स्कूल बस ने मासूम छात्रा को कुचला

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सुबह एक दर्दनाक हादसे में स्कूल की बस ने कक्षा 2 में पढ़ने बाली मासूम छात्रा को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार घटना उरई के कोंच रोड पर स्थित सेक्रेट हार्ट स्कूल कैम्पस की है जहाँ ऐट थाना क्षेत्र के वर्ध निवासी कौशलेन्द्र सिंह की 7 वर्षीय बेटी राधिका ओर बेटा हर्ष सेक्रेट हार्ट स्कूल में पढ़ते थे। सुबह स्कूल कैम्पस में बस ड्राइवर की लापरवाही से बैक करते समय छात्रा राधिका बस के पहिये के नीचे दब कर कुचल गई और उसकी मौत हो गई।इस घटना से स्कूल में हड़कम्प मच गया।

# डीएम की अध्यक्षता में मेला रामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी को लेकर बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में मेला श्री राम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के सम्बंध में मेला समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर, सीओ सदर की कमेटी बना कर अखाड़ों को जमीन आवंटित की जाये, पेयजल की व्यवस्था पूर्व की भांति ही रहेगी विशेष पर्वो पर नगर पालिका के वॉटर टैंकर भी लगाये जायेंगे, मेला क्षेत्र में लगाये जाने बाले बिजली के केबिल इंसुलेटेड हो, खोया पाया केंद्र बनाया जाये, साउंड की व्यवस्था अच्छी क्वालिटी की हो, मेले में लगाये जाने बाले कैम्प कार्यालय की गुडवत्ता अच्छी हो, पैंटून पुल के दोनो किनारो पर बैरीकेटिंग की जाये व पानी गहरा है के चेतावनी बोर्ड लगाये जाये, मेले में लगाये जाने बाले बालेंटियर को ड्रेस उपलब्ध कराई जाये। एस0डी0एम0 सदर को पदेन मेला मजिस्ट्रेट व सी0ओ0 सिटी को पदेन मेला सी0ओ0 बनाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये, पूरे मेला क्षेत्र में रोटेशन के अनुसार मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाये, मोबाइल टॉयलेट लगाये जाने व उनकी समुचित सफाई की व्यवस्था की जाये, पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जाये। मेले के उपरांत मेला क्षेत्र की सफाई की शर्त टेंडर में रखी जाये, मीडिया कैम्प का डेकोरम सही रहे, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का सही से समतलीकरण कराया जाये, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तीनों विधा के चिकित्सा कैम्प लगाने, एम्बुलेन्स की तैनाती व सभी सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों को अलर्ट पर रखने के लिये निर्देशित किया गया। पूरे मेला क्षेत्र में एन्टी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग नियमित रूप से कराई जाये, सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करने व अग्निशमन वाहन की तैनाती की जाये व मॉनिटरिंग के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाये, नावों पर मालिक,नाविक का नाम व बैठने की क्षमता का अंकन कराया जाये व लाइफ जैकेट रखे जाये। सभी दुकानों में अग्निशमन यंत्रो की व्यवस्था रखी जाये।

## कोटा चयन में धांधली मामला पहुंचा मुख्यमंत्री दरबार, विकलांग महिला ने लगाई गुहार

**गोरखपुर।** सहजनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर में कोटा चयन में किए गए धांधली की शिकायत अब मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच गया। विकलांग महिला ने मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी से आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत रामपुर में कोटा चयन में मौजूद अधिकारियों द्वारा धांधली किया जा रहा है। कोटा चयन में दो लोग विकलांग गुड़िया और सुचिता ने प्रतिभाग किया था। अधिकारियों ने दोनो पक्षों से हाथ उठाया गया। दोनो पक्ष को 188 और 188 लोगो ने हाथ उठाया। मामला बराबर हो गया। चयन प्रकिया में शामिल नायब तहसीलदार द्वारा राजनैतिक दबाव में आ गए। और सुचिता के पक्ष में कोटे का चयन करने लगे। ग्रामीणों के विरोध से मौके से अधिकारी फरार हो गए। और कोटा चयन में फर्जी कारवाई करना चाह रहे है। विकलांग गुड़िया ने सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर कराकर पत्रक मुख्यमंत्री को सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है।

## नगर आयुक्त ने एनिमल क्रिमेटोरियम का निरीक्षण किया



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा नौशाद में बना रहे एनिमल क्रिमेटोरियम का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान क्रिमेटोरियम तक जाने के लिए एकल बंदे से सीसी रोड ढलाई का कार्य चल रहा था नगर आयुक्त द्वारा रोड के दोनों तरफ वृक्षारोपण व सोलर लाइट लगाने का निर्देश दिया गया क्रिमेटोरियम निर्माण का कार्य शीघ्रता से कराए जाने हेतु मुख्य अभियंता को निर्देश दिया गया इसके अलावा क्रिमेटोरियम के चारों ओर बाउंड्री वॉल पर फाइबर लगवाने हेतु निर्देश दिया गया इसके अलावा क्रिमेटोरियम से जल निकासी व्यवस्था हेतु नाली बनवाने एवं पाइप डालने हेतु भी निर्देशित किया गया ठेकेदार द्वारा अवगत कराया गया एक हफ्ते के अंदर कार्य को समाप्त कर एनिमल क्रिमेटोरियम शुरू कर दिया जाएगा नगर आयुक्त द्वारा महेवा वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया गया वर्कशॉप का कार्य धीमा पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की गई एवं शीघ्रता से कराए जाने हेतु अवर अभियंता रंजीत को निर्देश दिया गया नगर आयुक्त द्वारा कार्य के पहले एवं कार्य के बाद का फोटोग्राफ संग्रह करने वर्कशॉप का सुंदरीकरण करने टाइल लगाने पुराने टीन शैडो को ध्वस्त कर वेटिंग एरिया कुर्सी एवं ड्राइवर की सुविधा हेतु कक्ष बनाए जाने हेतु निर्देश दिया गया इसके अलावा पेयजल की सुविधा टॉयलेट सुविधा भी उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया शीघ्र नगर निगम के सभी वालों वाहनों के मरम्मत का कार्य महेवा वर्कशॉप पर शुरू कर दिया जाएगा

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या V5271569 मे मेरा नाम मोज़्ज़ाम दर्ज हो गया है जबकि मेरा पूरा नाम मो. मोज़्ज़ाम (MOHD MOAZZAM ) है जो मेरे सभी अभिलेखों मे दर्ज है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**मो. मोज़्ज़ाम**
**417/610 नेवाज गंज छोटी मस्जिद ठाकुरगंज लखनऊ**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरे रानोपाली (BNP) के प्लाट की चैन डीड जिसका क्रमांक संख्या 3513 जिल्द संख्या 3519 पृष्ठ संख्या 317 से 340 दिनांक 27/07/ 2009 गाटा संख्या 558 क्षे. 91.78 स्क्वायकर मी. कही खो गई है। अगर किसी को प्राप्त हो तो कृपया सूचित करने की कृपा करें।

**शम्मी गुप्ता**
**901 दर्शन नगर कूढा केशवपुर उपहार अयोध्या**
**9415364990**

## सूचना

मैं गुलफाम पत्नी शेर अली 90/83/4, ग्राम देवराई कला, बख्शी का तालाब, लखनऊ की निवासी हूँ, मेरे सभी दस्तावेज़ों में मेरा नाम गुलफाम बानो (GUL-FAM BANO) दर्ज है, मैंने अपना नाम गुलफाम (GULFAM) से बदल कर गुलफाम बानो (GULFAM BANO) कर लिया है, भविष्य में मुझे गुलफाम बानो (GULFAM BANO) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**मो. मोज़्ज़ाम**
**417/610 नेवाज गंज छोटी मस्जिद ठाकुरगंज**

## सीएम डैशबोर्ड से संबंधित रिपोर्ट तत्काल संबंधित विभाग को उपलब्ध कराया जाएः अपर जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कमाण्ड सेंटर द्वारा सीएम डैश-बोर्ड के फ्लैगशिप प्रोजक्टों की माह अक्टूबर 2024 की जारी रैकिंग के आधार राजस्व एवं वसूली सम्बंधी प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड से संबंधित रिपोर्ट तत्काल संबंधित विभाग को उपलब्ध कराया जाए, जिससे संबंधित विभाग समय से प्रकरण का निस्तारण कर सके। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों को माह के अंत तक समय सीमा के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंडी समिति को निर्देश दिए की मंडी शुल्क लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त करें इसके साथ ही मंडी आवक में सुधार के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने उद्योग, आबकारी, आवास, औषधि विक्रय, बाट-माप, खाद एवं रसद, गन्ना, जलकल, नगर विकास, खनन, परिवहन, जीएसटी सहित अन्य विभागों की बिंदुवार समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया की लंबी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार से धारा 80, 116, 67, 24, 98 आदि राजस्व के बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए निर्धारित समय अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वसूली को लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त करने के लिए कहा तथा आय, जाति आदि प्रमाण पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा अपने कार्य को गंभीरता से करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए और जिसके द्वारा कार्य में शिथिलता पायी जाएगी उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित उप जिलाधिकारीगण व तहसीलदार एवं संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार - अयोध्या।** सभी एलपीजी उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलिंडर के प्रयोग में सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान आगलगी की घटनाओं में गैस सिलिंडर के विस्फोट के मामलों को देखते हुए शुरू किया गया। सोमवार को इस अभियान के तहत पूरा बाजार में उपभोक्ताओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई सत्यनारायण इंडेन ग्रामीण गैस वितरक पूरा बाजार के तत्वधान में अयोजित कार्य क्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी ने बताया कि यह अभियान भारतीय तेल निगम के निर्देशों पर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत डिलीवरी मैन उपभोक्ताओं के घरों में जाकर गैस सिलेंडर, चूल्हा, गैस पाइप और




रेगुलेटर की जांच कर रहे हैं। यदि गैस कनेक्शन का पाइप पांच साल पुराना हो गया है, तो डिलीवरी मैन उसे बदलने की सुविधा भी प्रदान करेंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को 150 रुपये देने होंगे, जबकि सामान्य दिनों में यह पाइप 190 रुपये में मिलता है। संतोष सिंह ने बताया कि रसोई में एलपीजी गैस सिलिंडर के इस्तेमाल के दौरान कई बार छोटी-मोटी घटनाएं हो जाती हैं और खासतौर पर घर में काम करने वाली महिलाएं गैस सुरक्षा के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखतीं। इस अभियान के माध्यम से उन्हें सभी जरूरी सुरक्षा उपायों के बारे में बताया जा रहा है। उपभोक्ताओं को यह भी बताया गया कि अगर उनके गैस कनेक्शन में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है, तो वे एजेंसी या व्हाट्सएप के जरिए इसे अपडेट कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता को गैस लीकेज की आशंका होती है, तो वे तुरंत 1906 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। कॉल करने के दो घंटे के भीतर संबंधित समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, उपभोक्ता ऑनलाइन भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं यदि किसी प्रकार की असुविधा होती है। इस दौरान गैस सिलिंडर के प्रयोग में विशेष सतर्कता बरतने की जानकारी भी दी गई। एजेंसी के संतोष सिंह ने बताया कि गैस सिलिंडर लेने से पहले उपभोक्ताओं को डिलीवरी मैन से लीकेज की जांच जरूर करानी चाहिए। लीकेज जांचने के लिए माचिस का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आग लग सकती है। इसके साथ ही, गैस सिलिंडर का उपयोग करने के बाद रेगुलेटर को बंद करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरायराशी रणधीर सिंह लल्ला, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमणि यादव, महादेव सिंह, रामू गुप्ता, हरिनाथ सिंह व जिले के इंडियन अयाल के अधिकारी एन सी प्रवीन भी मौजूद थे जिन्होंने इस अभियान की सराहना की और उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर के सुरक्षित उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## अयोध्या के 76 सरकारी स्कूलों में लगाये जायेंगे तीन किलोवाट के सोलर प्लांट

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को तेजी से सोलर सिटी के रूप में डेवलप किया जा रहा है। अब तक यहां के कई सरकारी व निजी संस्थानों में सोलर प्लांट लागये जा चुके हैं। इसी कड़ी में अब सरकारी विद्यालयों में ऐसे प्लांट लगाये जाने की कवायद शुरू हो गई है। सबसे पहले नगर निगम क्षेत्र के 76 विद्यालयों को सोलर प्लांट लगाने के लिए चिह्नित किया गया है। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद प्रदेश सरकार ने अयोध्या के विकास को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सूर्यवंश की राजधानी होने के नाते ही अयोध्या को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की घोषणा कर चुके हैं।

## आठ महीने से अन्नपूर्णा गोदाम काम ठप, मात्र दीवार खड़ी



**कोठी बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के 96 ग्राम पंचायत में से अन्नपूर्णा स्टोर के लिए चयनित पांच गांव पड़रावां, सेमरावां, मीरापुर, मंसारा व पश्चिम बेलाव है। यहां मनरेगा व पंचायत निधि के कन्वर्जन से करीब 15 लाख रूपए में भवन निर्माण होना था। फिर पंचायत निधि से निर्माण के आदेश मिले। इस संशय में करीब आठ महीने से अन्नपूर्णा गोदाम मंसारा का कार्य दीवार खड़ी कर ठप कर दिया गया। प्रधान मंसारा गुरु प्रसाद ने बताया कि पहले स्पष्ट शासनादेश नहीं मिले थे। करीब साढे तीन लाख रुपए का भुगतान फसा हुआ है?। क्योंकि अब उसी कार्य पर दोबारा आईडी जनरेट नहीं हो रही है। सिर्फ शुरू में मनरेगा में मजदूरी का भुगतान हो सका। करीब आठ महीने से कार्य ठप होने की बात प्रधान ने स्वयं कही।

## संविधान दिवस के दिन अवध विवि में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशक्रम में 26 नवम्बर दिन मंगलवार को संविधान दिवस के दिन परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करायेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने राजभवन के निर्देशक्रम में परिसर में संविधान की उद्देशिका का वाचन, शैक्षणिक भ्रमण, रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये विधि संकायाध्यक्ष प्रो. ए.के. राय को नोडल अधिकारी नामित किया है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर में सविधान के उद्देशिका वाचन स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रातः 10:30 बजे से कराया जायेगा। इसका दायित्व प्रो. नीलम पाठक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण को दिया गया है। वहीं शैक्षणिक भ्रमण की जिम्मेदारी प्रो. गंगाराम मिश्र, विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान विभाग, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का डॉ. सुरेन्द्र मिश्र विभागाध्यक्ष, प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग व भाषण प्रतियोगिता का दायित्व डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. सन्तोष कुमार, डॉ. विवेक सिंह एवं वन्दना गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों को दिया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि संविधान दिवस दिन परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं में भारतीय संविधान के प्रति आस्था एवं जागरूकता को बढाया जायेगा। जिससे छात्रों एवं नागरिकों में संवैधानिक प्रावधानों के प्रति जिज्ञासा पैदा हो सके।




## भारतवंशी ब्रिटेन के सांसद नवेंदु मिश्रा ने किया रामलला का दर्शन पूजन

**अयोध्या।** भारतीय मूल के ब्रिटेन के सांसद नवेंदु मिश्रा ने सोमवार को अपने साथियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा, ÷अपने साथियों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## पागल कुत्तो का आतंक, मासूम को किया घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**दरियाबाद बाराबंकी।** पागल कुत्ते ने मासूमो को काट कर लहूलुहान कर दिया। घायल बच्चो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद एक बच्चे को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया जबकि दूसरे बच्चे को घर भेज दिया गया। वही पागल कुत्ता काट कर भाग गया जिससे गाव में दहशत बनी हुई है। दरियाबाद के गुलचप्पा कला गांव के अशोक के पुत्र अयांश व रामपाल के पुत्र आदर्श को पागल कुत्ते ने काट लिया। यह दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। पहले आदर्श के गाल पर काटकर लहूलुहान कर दिया। फिर कुछ दूरी पर खेल रहे अयांश पर हमला किया। उसके हाथ में काट



लिया। दोनों घायल बच्चे को स्वजन लेकर सीएचसी मथुरानगर आए। यहां पर वैक्सीन लगाई गई। आदर्श के गाल में जख्म होने के कारण उसे मेडिकल कालेज भेजा गया। जबकि अयांश की घर भेज दिया गया है। इस दौरान पागल कुत्ता कही भाग गया जिससे गाव में दहशत बनी हुई है।

## अनियंत्रित कार हाईवे पर खड़ी ट्रक से टकराई चालक की मौत, एक महिला सहित तीन बच्चे घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट के समीप प्रयागराज हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 7¬30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में कार चालक युवक के दर्दनाक मौत हो गई जबकि कार में सवार एक महिला सहित तीन बच्चों सहित चार लोग घायल हो गए। कार सवार प्रयागराज से गोरखपुर जा रहे थे। जैसे ही खजुरहट के पास पहुंचे कार अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे गलत ढंग से खड़ी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कार चालक अभिषेक त्रिपाठी 45 वर्ष निवासी सरस्वतीपुरम थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तथा कार में बैठी उनकी पत्नी सोनी त्रिपाठी 42 वर्ष और दो पुत्रियां सान्हवी 7 वर्ष, श्रीमिका 3 माह तथा 15 वर्षीय निशि पांडेय पुत्री राजीव पांडेय घायल हो गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद मृतक और सभी घायलों को कार से बाहर निकला गया। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया गया। जांच पड़ताल के बाद इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक अनुराग गुप्ता ने अभिषेक त्रिपाठी को मृत घोषित कर दिया। तथा अभिषेक की पत्नी सोनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया किया। कोतवाली पुलिस द्वारा सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली ट्रक को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। क्षेत्र के लोगों द्वारा बताया गया कि खजुरहट चौराहा और उसके आसपास अयोध्या प्रयागराज हाईवे के किनारे पटरी तक किए गए आक्रमण के चलते आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। जिसमें लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ती है। खजुरहट चौराहे के दक्षिण दर्जनों ट्रक चालक मोरंग भर कर अपनी ट्रक ले आकर यहां खड़ी करते हैं तथा बिक्री करते हैं। मोरंग भरी ट्रकों के इधर-उधर खड़ी रहने से दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

## संभल की घटना योगी सरकार के माथे पर बदनुमा दागः पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संभल की घटना योगी सरकार के माथे पर बदनुमा दाग है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से साबित हो गया है कि, प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है और उत्तर प्रदेश सरकार आम जनता विशेषकर कमजोर वर्गों की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। इस सरकार में बैठे लोगों ने इस घटना को अंजाम देने का काम किया ह। जब एक बार सर्वे हो चुका था तो दोबारा सर्वे की क्या जरूरत थी। विगत लोकसभा के चुनाव में राहुल जी की अगुवाई में जो इण्डिया गठबन्धन की विजय मुहिम की शुरूआत हुई थी उससे भाजपा को एहसास हुआ कि, अब हमारा खेल खत्म हुआ इसलिए संभल जैसी सुनियोजित घटना का अंजाम भाजपा के लोग कर रहे है। प्रदेश की आवाम को ऐसी ताकतों से अलग हो जाना




चाहिए। उक्त प्रक्रिया पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर सम्भल जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते हुये व्यक्त की। पत्रकार वार्ता में सांसद पुनिया के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला व पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा कि, भारत देश विभिन्न जाती धर्म और सम्प्रदायों का देश है। और यहां का संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है लेकिन भाजपा के जन-प्रतिनिधि शपथ लेकर कि सब के साथ बिना भेद-भाव के न्याय और विकास करेंगे अपनी शपथ का अपमान कर रहे है। पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा कि, भाजपा सरकार में बैठे लोगों का एजेंडा है कि, समाज को टुकड़ों में बांट दें इसलिए वो तरह तरह के हथकण्डे कर रही है। संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना भी राज्य सरकार के इशारे पर प्रदेश में हुये उपचुनाव में भाजपा के हथकण्डों की चर्चा न हो इसलिए कराई गयी एक सुनियोजित साजिश है। सरकार में बैठे लोग समस्या पैदा कर रहे हैं।

## प्रवेश के लिए आवेदन एक दिसम्बर से

**महराजगंज।** निजी संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभिभावक जिनकी वार्षिक आय 1 लाख से कम है, अपने बच्चों का पंजीकरण आरटीई पोर्टल पर प्रथम चरण में 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक कर सकते हैं।आवेदन के समय बच्चे के जन्म प्रमाण-पत्र एवं अभिभावक के आय व निवास प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी। इसकी जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि अभिभावक प्रवेश हेतु निकटतम विद्यालय को ही प्राथमिकता दें। इस अधिकार के तहत बच्चों को ड्रेस, बैग आदि के लिए ? 05 हजार का अनुदान भी दिया जाएगा।

## अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में गोल्डी रही अव्वल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज(मिठौरा)।** क्रीडा परिषद सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपितलवस्तु, सिद्धार्थनगर द्वारा अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन बीते 11 नवंबर से 13 नवंबर के मध्य शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हीनपुर, बलरामपुर में किया गया था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत महाविद्यालय के गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ स्नाकोत्तर महाविद्यालय चौक बाजार के बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गोल्डी राव एवं बीए प्रथम सेमेस्टर का छात्र संग्राम निषाद ने प्रतिभाग किया था। जिसके अंतर्गत रिले रेस 400 मीटर, 800 मीटर में गोल्डी राव ने द्वितीय स्थान एवं 10 किलोमीटर मैराथन रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं संग्राम निषाद, 400 मीटर के रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामपाल यादव जी के द्वारा प्रार्थना सभा में महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले गोल्डी राव एवं संगम निषाद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा की इस महाराजगंज की माटी में प्रतिभा की कमी नहीं है केवल आवश्यकता है सही दिशा एवं सही मार्गदर्शन की।

## बाइक व कार की भिड़ंत, बाइक चालक हुआ घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा जैदपुर के सिनेमा हॉल के निकट पकड़िया वाले कब्रिस्तान के सामने सोमवार करीब 9 बजे बाइक व कार की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए। वहीं बाइक पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद भारी संख्या में स्थानीय व राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर में भर्ती कराया। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी।

## परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का परख एप के माध्यम से टेस्ट लिया गया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से कक्षा तीन तक निपुण एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा ओएमआर शीट पर छात्र छात्राओं का शैक्षिक आकलन किया गया। जिसे शिक्षक द्वारा भरा गया। कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का परख एप के माध्यम से टेस्ट लिया गया। सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे से ब्लॉक सिरौली गौसपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करौरा में प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी,शिक्षक प्रहलाद कुमार विमल, अखिलेश कुमार, रितेश सिंह आदि शिक्षकों की देखरेख में नामांकित सभी 44 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया। लोधपुरवा में प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ की देखरेख में नामांकित 42 में से 41 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया ।तरह बदोसराय प्रथम में शिक्षक अभिषेक सिंह की देख रेख में छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया इस तरह प्राथमिक विद्यालय मदारपुर, मीरापुर, कोटवाधाम दरिगापुर सहित सभी परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा सम्पन्न हुई।

## छात्रों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

### सनराइज पब्लिक स्कूल में छात्रों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**बागापार।** सनराइज पब्लिक के छात्रों ने सोमवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विशाल रैली निकाली। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं यातायात नियम लिखे स्लोगन की तख्तियां लेकर चल रहे थे और यातायात के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे थे। रैली सनराइज पब्लिक स्कूल के मुख्य द्वार से होते हुए पिपरा, बागापार कस्बा व लखनपुर गांव होते हुए पुनः विद्यालय पर पहुंची, जहां गोष्ठी आयोजित की गई। चौकी प्रभारी अनघ कुमार ने कहा कि अधिकतर मार्ग दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने से होती हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का पालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विद्यालय के प्रबंधक कमलेश शर्मा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई। कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य




आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक कराना है क्योंकि आए दिन सड़क पर दुर्घटना बढ़ती जा रही हैं। जागरूकता के अभाव में लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना नहीं जानते हैं। उन्हीं नियमों को पालन कराने के लिए यह रैली निकाली गई। इस अवसर पर आरक्षी प्रदीप प्रजापति, शिक्षक प्रदीप चौधरी, मौजम अली, कुशमावती मौर्या, रेनू यादव, साबिया, निशा, ज्योति शर्मा, उर्मिला गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

## विज्ञान प्रदर्शनी गुरूवार को

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में 28 नवंबर गुरूवार को प्रातः 10 बजे से अपराह्न ढाई बजे तक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसमें कॉलेज के मेधावी विज्ञान की आधुनिक तकनीकों से अतिथियों को रूबरू कराएंगे। प्रधानाचार्य डॉ. शिवाजी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर सत्यपाल सिंह होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा रहेंगे।

# पूछ में आग लगते ही हनुमान ने जलाई सोने की लंका





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा स्थित रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला कार्यक्रम में गत रात्रि दिखाया गया कि पूछ में आग लगाते ही हनुमान ने सोने की लंका जला दिया। रामलीला कार्यक्रम में दिखाया गया की सीता हरण के बाद राम और लक्ष्मण शबरी आश्रम पहुंचते हैं जहां शबरी उन्हें ऋषि मुख पर्वतपर सुग्रीव से मिलने के लिए कहती है राम और लक्ष्मण वहां पहुंचते हैं हनुमान जी ले जाकर उन्हें सुग्रीव से मिलते हैं सुग्रीव से राम की मित्रता होती है रामचंद्र जी सुग्रीव से उदासी का कारण पूछते हैं तब सुग्रीव कहता है कि उसके भाई बालि उसे मारपीट कर भगा दिया है तथा पत्नी भी छीन ली है रामचंद्र जी सुग्रीव के पूरी बात बताने पर क्रोधित होकर लड़ने के लिए भेजते हैं।

बालिसुग्रीव को मारता है तब तक रामचंद जी अपने तीर से बालि को मार देते हैं बालि बेटे अंगद का हाथ भगवान श्री राम के हाथों में पकड़ कर परलोक चला जाता है लक्ष्मण जी सुग्रीव को राजा तथा अंगद को युवराज बनाते हैं पर्वत पर राम और लक्ष्मण वर्षा ऋतु में रहते हैं वर्षा ऋतु बीत जाती है।भगवान राम को काफी चिंता होती है तो वह लक्ष्मण को पंपापुर भेजते हैं जहां से सुग्रीव हनुमान जी के साथ पर्वत पर पहुंचते हैं तमाम बंदर दल भी रहते हैं वानर दलों को चारों दिशाओं में भेजा जाता है दक्षिण दिशा में हनुमान जी के साथ जामवंत, अंगद सब जाने को तैयार होते हैं।

रामचंद्र जी हनुमान जी को मुदरी देते हैं कहते हैं कि इसको सीता को दे देना हनुमान जी, अंगद, जामवंत सब लोग आगे बढ़ते हैं की गिद्धराज संपति से उनकी मुलाकात होती है संपति पूरी बात बताकर चला जाता है समुद्र के किनारे सब लोग पहुंच जाते हैं जहां से हनुमान जी छलांग मारकर लंका की तरफ चलते हैं कि नागों की माता सुरसा उनका परीक्षा लेने आती है बाद में आशीर्वाद देकर चली जाती है हनुमान जी लंका पहुंचते हैं जहां लंकनी नाम की राक्षसी उन्हें रोकती है, हनुमान जी उसे मार देते हैं लंकनी कहती है कि जब रावण को ब्रह्मा जी ने वरदान दिया था तब उन्होंने कहा था कि अगर किसी बंदर के हाथ तुम्हारे शरीर पर पड़ेंगे तो समझ लेना की राक्षसों का अंत आ गया है हनुमान जी लंका में विभीषण से मिलते हैं विभीषण की उन्हें सारी बात बताते हैं हनुमान जी अशोक वाटिका में पहुंचते हैं जहां सीता जी हैं ,तब तक रावण पहुंच जाता है रावण सीता जी पर क्रोधित होता है तथा रक्षासियों से सताने को कहता है।

हनुमान जी सीता जी के आंचल में मुदरी गिरा देते हैं सीता जी चौक जाती हैं कि कहीं यह माया तो नहीं है तब हनुमान जी उनके सामने प्रकट होते हैं और सारी बात को बताते हैं हनुमान जी अशोक वाटिका में फलों से फलों को खाने के लिए सीता जी से कहते हैंसीता जी उन्हें आज्ञा दे देती हैं हनुमान जी अशोक वाटिका उजाड़ देते हैं यह सूचना जब रावण को मिलती है तो वह अपने पुत्र अक्षय कुमार को भेजता है अक्षय कुमार हनुमान जी के हाथों मारा जाता है रावण क्रोधित होकर मेघनाथ को भेजता है मेघनाथ हनुमान जी को ब्रह्म पास में बांधकर रावण के पास ले जाता है पहले तो रावण क्रोधित होता है लेकिन विभीषण जी के समझाने के बाद वह हनुमान जी के पूछ में आग लगाने की आज्ञा देता है राक्षसों द्वारा हनुमान जी के पुंछ में आग लगाया जाता है आग लगते ही हनुमान जी भारी भरकम शरीर कर पूरे सोने की लंका को जला देते हैं इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल के अलावा जयवर्धन तिवारी, बबलू सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, मंगल हलवाई, अंतरिक्ष प्रताप सिंह, अंश मान सिंह, धीरु, विनोद, कुलदीप, जयशंकर मिश्रा, परमेश्वर गुप्ता, धनेश यादव, बजरंग मिश्रा, भारत यादव, गोपाल, शिवम, गुड्डू यादव, मुन्ना गुप्ता, रामू गुप्ता, विशाल, डॉक्टर प्रदीप कुमार, अर्जुन अर्कवंशी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ठाकुर प्रसाद मिश्र ने किया।

### भगवान राम से लोगों को सीख लेनी चाहिए : पाल

**डुमरियागंज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा में चल रहे रामलीला कार्यक्रम में गत रात्रि डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को भगवान श्री राम के आदर्शों का पालन करना चाहिए तथा उनसे सीख लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम मर्यादा के प्रतीक हैं जिन्होंने माता-पिता की आज्ञा पर राज्य को ठुकरा कर बन जाना पसंद किया और 14 वर्ष तक वन में बिताया भाई-भाई का प्रेम, पति-पत्नी का प्रेम ,माता-पिता की आज्ञा का प्रेम के सच्चे उदाहरण हैं, लोगों को उनके आदर्शों से सीख लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि लोग अपने धार्मिक संस्कार कभी ना छोड़े क्योंकि धार्मिक संस्कार ही मानव की जीवन को महत्वपूर्ण अंग है।

### चौखड़ा में चल रहा रामलीला कार्यक्रम

## स्वच्छ भारत मिशन योजना हो रही तार-तार

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड बसखारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटया गंजन में गांव में जाने वाली मुख्य सड़क पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है. जिस कारण ग्राम वासियों और सड़क का उपयोग करने वाले अन्य लोगों को आवाजाही में तमाम तरह की दिक्कता का सामना करना पड़ रहा हैं. वहीं स्थानीय लोगों के घरों में काफी ज्यादा बदबू से लोग त्रस्त हैं. कूड़े के इस अंबार के कारण स्थानीय लोगों के जीवन पर तमाम तरह से बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है. जहां एक और पूरे देश में स्वच्छता को तरजीह दी जा रही है, केंद्र और राज्य सरकार स्वच्छता को लेकर तमाम तरह की योजनाएं चला रही हैं, वहीं दूसरी और ग्राम कटया गंजन की ये तस्वीर बिलकुल इससे विपरीत है. ग्राम कटया गंजन की ये तस्वीर बीते तकरीबन 2 साल से जस की तस है. ग्राम निवासियों ने कई बार ग्राम प्रधान रामधनी गुप्ता से इस परेशानी को साझा करने का प्रयास भी किया, बावजूद इसके प्रधान से गाली गलौज के अलावा कुछ हाथ नहीं लगा. गांव वालों का कहना है कि, प्रधान ने अपने इर्द गिर्द पूरा तंत्र चला रखा है, इस वजह से न ही गांव के कोई काम होता है, न ही कोई उससे कुछ कह पाता है. सिर्फ इतना ही नहीं प्रधान एक ही नाली को बार बार पुनर्निर्माण करा कर सरकारी बजट में हेर फेर भी कर रहा है।

## मौसम बदलते ही बढ़ी खांसी जुखाम की समस्या

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** सर्दी का सीजन आते ही ठंड के साथ ही नजला-जुकाम और खांसी की समस्या भी बढ़ने लगी है। वायु प्रदूषण और कोहरे के चलते दवा लेने के बाद भी राहत नहीं मिल रही है।जिला अस्पताल में हर दिन एक हजार से अधिक मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। ओपीडी में प्रतिदिन खांसी के करीब 40 से 50 मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सक डॉ.योगेश वर्मा ने बताया कि सर्दी का मौसम आने के बाद ओपीडी में खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मरीजों को ठंड से बचने और कोहरा, प्रदूषित हवा व धुएं से बचने की सलाह दी जा रही है। खांसी ठीक न होने पर बलगम की जांच और एक्सरे भी कराया जा रहा है।जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि सर्दी के मौसम में टीबी रोगियों की परेशानी बढ़ जाती हैं, क्योंकि वायु में नमी और कोहरे के चलते खांसी बढ़ जाती है तथा उन्हें सांस लेने में कठिनाई होने लगती है। वहीं बढ़ता प्रदूषण भी उनके लिए प्रतिकूल परिस्थिति बनाता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष विचार रखने का मौका : अनुराग यादव

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर प्रारम्भ हो गया है। देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी, इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य के योजना को पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीतिक और नागरिक जीवन में युवाओं के भागीदारी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। पहला चरण- विकसित भारत प्रश्नोत्तरी- इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत के उल्लेखनीय उपलब्धियां के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी।

दूसरा चरण - निबंध और ब्लॉक लेखन- इसमें पिछले चरण की विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत भारत के लिए तकनीक, विकसित भारत के लिए युवा को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जाएगी। तीसरा चरण- विकसित भारत विजन पिच डेस्क - राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां- दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगाढ्ढ चौथा चरण- भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप - विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम में 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी। विजेता टीमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

# सीडीओ ने किया सैमुवाडीह में ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैमुवाडीह में ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया। ग्राम प्राथमिक विद्यालय में आयोजित सत्र में एएनएम श्रीमती सरिता भारती, राधिका देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा शकुन्लता उपस्थित मिली। भ्रमण के दौरान बेबी अनन्या, आर्यन, शीतल के टीकाकरण कार्ड का अवलोकन किया गया।

गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण किया जा रहा है। आशा की डायरी अपडेट नहीं थी, निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से अपडेट करें। अन्यथा कार्यवाही की जाएगीद्य एएनएम के पास अपडेट ड्यू लिस्ट भी उपलब्ध थी जिसके अनुसार टीकाकारण लगाया जा रहा हैद्य एएनएम के पास सभी किट एवं दवा उपलब्ध पाया गया। आंगनबाड़ी के पास इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, वजन मशीन उपलब्ध पाया गया। गर्भवती महिलाओं की सूचना पोषण टैकर पर फीड़ करने के निर्देश दिया गया। ए.एन.एम. एवं आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि ड्यु लिस्ट के अनुसार नियमित रूप से टीकाकरण करें। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के परिजनों से आशा भ्रमण का सत्यापन किया गया। सभी द्वारा बताया गया कि आशा नियमित भ्रमण करती है, करके दवाओं व अन्य जानकारी प्रदान किया जा रहा है। टीकाकरण केन्द्र पर सीएचओ अंशु उपलब्ध थी जिनके द्वारा ग्रामवासियों के बी.पी. शुगर आदि का स्क्रीनिंग किया जा रहा है। निरीक्षण के समय विकास चौधरी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा, डीएमसी यूनिसेफ, रूपेश, खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह उपस्थित रहे।

### आशा की डायरी अपडेट नहीं थी, निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से अपडेट करें

## अवैध पेड़ो की कटान क्षेत्र मे जारी

**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** पेड़ों की अवैध कटान क्षेत्र में जारी है हरे पेड़ों को लकड़कट्टे धड़ल्ले से काट कर उठा ले जा रहे हैं। पेड़ कटने से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। टांडा के डुहिया क्षेत्र में दिन में ही कटान जारी है जानकारी के बावजूद जिम्मेदार मौन हैं। क्षेत्र में प्रतिदिन आम, महुआ चिलबिल आदि पेड़ों को बड़ी संख्या में वन माफियाओं द्वारा काटकर गन्तव्य स्थान को भेजा जा रहा हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस पिकेट होने के बावजूद लकड़ियों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों का आवागमन हो रहा है। वही बुधवार को दिन में ही लकड़कट्ट टांडा के डुहियां क्षेत्र में खुलेआम हरे पेड़ो की कटान कर रहे थे क्षेत्र के चन्द्रभान, राम प्रवेश, राजेश कुमार आदि का कहना है कि हरे पेड़ो की कटाई को लेकर वनविभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी जिससे लकड़कट्टो के हौसले बुलंद है। वनदरोगा धर्मेन्द्र का कहना है कि मामले की जानकारी कराकर कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## विधायक विनय वर्मा द्वारा 02 सड़के कराया स्वीकृत



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विधायक विनय वर्मा के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पी0डब्ल्यू0डी विभाग द्वारा 02 सड़कें विधानसभा क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया है। आपको बता दें कि शोहरतगढ़ चेतिया मार्ग से शोहरतगढ़ ब्लाक होते हुए अगया तक (2 किमी. स्वीकृत लागत 27.97 लाख) एवं पी0डब्ल्यू0डी0 मुख्य सड़क से डबरा सम्पर्क मार्ग (1 किमी. 13.97 लाख) स्वीकृत किया गया है। विधायक विनय वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्रवासियों के तरफ से 02 सड़क स्वीकृत करने हेतु मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## हर मस्जिद को मन्दिर कहकर नया विवाद खड़ा करना दुर्भाग्यपूर्ण : ज्ञानेन्द्र

**बस्ती।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में 5 युवकों की गोली लगने से हुई मौत को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' की अध्यक्षता में बीडीए परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रति के समक्ष सांकेतिक उपवास रखा गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा संभल में मन्दिर के नाम पर जो कुछ हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हर मंदिर को मस्जिद कहना, हर जगह एक नया विवाद खड़ा करना देश व समाज के लिये घातक है, इसके दुष्परिणाम सभी समुदायों को भोगने होंगे। उन्होने कहा अभी बहराइच का घाव भरा नही कि संभल को दंगे की आग में झोंक दिया गया। आनन फानन में याचिका, याचिका की मंजूरी और तत्काल सर्वे, ये सब एक साजिश का हिस्सा लगता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा उत्तर प्रदेश में जो नफरती माहौल और दंगों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है उसमे पूरा देश झुलसेगा, इसलिये इसका विकराल रूप सामने आने से पहले महामहिम राष्ट्रपति को ठोस पहल करनी होगी।

## भारतीय संस्कृति व संस्कारों की समृद्ध धरोहर को सजोने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं : राम सिंह



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विद्या भारती के विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों की समृद्ध धरोहर को संजोने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी हैं। यहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उक्त बातें शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्रीराम सिंह ने कही। वह रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के तीन दिवसीय प्रान्तीय निरीक्षण के दौरान वंदना सभा में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का होना अति आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह करते हुए कहा कि छात्र केवल परीक्षाओं के लिए तैयार न करें, बल्कि उनमें जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करें। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे नियमित अध्ययन करें, समय का सदुपयोग करें और हर दिन कुछ नया सीखने का प्रयास करें। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शैक्षिक और गैर-शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति का आकलन करना, छात्रों और शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करना और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव देना है। इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के मंत्री रामनाथ गुप्ता, निरीक्षण टोली के प्रमुख रामबाग बस्ती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह, अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत समस्त आचार्य बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# एक ऐसा समाज बनाएं जहां हर महिला सुरक्षित हो : मौलाना मशहूद खां

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नेपाल में महिलाओं को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और लिंग आधारित अत्याचार, सबसे अधिक लड़कियों, महिलाओं और युवतियों को प्रभावित कर रहे हैं। मानव तस्करी और विदेशों में काम के नाम पर महिलाओं और लड़कियों की तस्करी के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह चिंता का विषय है तब जब नेपाल का संविधान समानता,समावेश और साझेदारी के सिद्धांतों पर आधारित एक समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज का दावा करता है।

नेपाल के सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रिय मदरसा संघ नेपाल के उपाध्यक्ष मौलाना मशहूद खां का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नेपाल के मौजूदा हुकूमत के दावे और हकीकत में जरा भी मेल नहीं है। पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए कानूनों में सजा का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। समाज में बुरी परंपराओं जैसे कि काले जादू के आरोप, माहवारी के दौरान अलगाव, दहेज, छुआछूत और घरेलू हिंसा के कारण महिलाएं विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न और भेदभाव का सामना कर रही हैं।

**घरेलू हिंसा और रिश्तेदारों के अपराध-** नेपाल पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, पिछले वित्तीय वर्ष में लिंग आधारित हिंसा के 20,913 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 16,519 मामले घरेलू हिंसा से संबंधित थे। सबसे चिंताजनक बात यह है कि 88.2त्न यौन उत्पीड़न के मामले रिश्तेदारों या परिचितों द्वारा किए गए।पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में पिछले साल 3,243 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 810 आरोपी पीड़ित महिलाओं के करीबी रिश्तेदार थे। इसके अलावा, 62 पति, 953 पड़ोसी और 67 शिक्षक यौन उत्पीड़न के मामलों में शामिल पाए गए। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की यह तस्वीर समाज को भयावह और विकृत बना रही है। लिंग आधारित हिंसा के 80त्न मामले घरेलू हिंसा के हैं। पुलिस का कहना है कि अधिकतर मामलों में, चाहे वे पीड़ित हों या आरोपी, दोनों ही शैक्षिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं।

**महिलाओं के समान अधिकारों के लिए संघर्ष-** महिलाओं ने समान अधिकारों के लिए एक लंबी और योजनाबद्ध संघर्ष की परंपरा बनाई है। नेपाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ सबसे पहले आवाज उठाने वाली महिला योगमाया न्यौपाने थीं। उन्होंने उस समय के समाज में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय और पुरानी परंपराओं के खिलाफ दृढ़ता से आवाज उठाई।

**लिंग समानता की आवश्यकता-**नेपाल की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से पिछड़ी हुई हैं, और ऐसे में लिंग समानता प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और हिंसा को खत्म किए बिना, एक न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज का निर्माण असंभव है। राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव और मदरसा बोर्ड लुंबिनी प्रदेश के संस्थापक मौलाना मशहूद ख़ान नेपाली ने नेपाल में महिलाओं की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी मां, बहन और बेटियों को वह स्थान दें जो अल्लाह ने उन्हें दिया है। इस्लाम ने महिलाओं को सम्मान, गरिमा और अधिकार दिए हैं। उन्होंने कहा, नेपाल में महिलाओं को लगातार हिंसा और भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए हमें अपने सामाजिक तंत्र को मजबूत करना होगा। इस्लाम हमें सिखाता है कि महिलाओं को घर की रानी समझो, उनका सम्मान करो, उनके अधिकारों की रक्षा करो।मौलाना नेपाली ने आगे कहा, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के दरवाजे कभी बंद नहीं होने चाहिए। यह हमारा कर्तव्य है कि हम हर महिला को सुरक्षा प्रदान करें।

### नेपाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव, एक गंभीर समस्या

## डीएम की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओं की समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर ऑडिट रिपोर्ट स्पष्ट न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जोगिया, उसका और खेसरहा पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अगली बैठक में स्पष्ट रिपोर्ट के साथ प्रतिभाग करने का निर्देश दिया। टीकाकरण का सत्र शेड्यूल के अनुसार निरीक्षण करे तथा टीकाकरण की फीडिंग तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। सभी बीसीपीएम को निर्देश दिया कि नये बच्चो के जन्म पर आशा से प्राप्त रिपोर्ट की फीडिंग सही समय पर की जाये। गांव में जाकर बीसीपीएम 5-5 घरो का रेण्डमली निरीक्षण कर जांच करेगे। आशाओ को दी गयी किट को भी चेक करे, उसके पास पूरी सामग्री है अथवा नही। गर्भवती महिलाओ का प्रसव अस्पताल में ही हो। जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्राचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी गर्भवती महिला को जानबूझ कर किसी अन्य जगह रेफर कदापि न किया जाये। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर मेरे स्तर से कड़ी कार्यवाई की जायेगी। पूरी ईमानदारी के साथ गर्भवती महिलाओ व बीमार व्यक्तियो के साथ अच्छा व्यवहार करे और सही इलाज करे। जिलाधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी।

# रोजगार सृजन हेतु मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी कोटिया द्वारा सीमावर्ती ग्रामीणों के रोजगार सृजन हेतु मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोमवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी कोटिया में मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत- नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम जैसे ग्रामीणों को कौशल विकाश के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने, ग्रामीणों के मुलभुत सुविधाओं को मुहैया कराने, खेल-कूद के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने तथा शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को अपने देश के ऐतिहासिक, शैक्षणिक संस्थाओं व संस्कृति से रु-ब-रु होने का अवसर प्रदान करने जैसे कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। इसके साथ एसएसबी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान, स्वच्छता अभियान आदि को संचालित कर सीमावर्ती लोगो को जागरूक करने तथा उक्त अभियानों में लोगो की भागीदारी कर भाई चारे के वातावरण को कायम रखती आ रही है 43 वीं वाहिनीं द्वारा लगातार सीमाक्षेत्र के छात्राओं को मार्गदर्शन कर सेना में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को साइबर क्राइम, मानव तस्करी, बाल श्रम आदि के बारे में जागरूक करने हेतु प्रयासरत रही है। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के प्रशिक्षक आरक्षी अविनाश भारती द्वारा मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन कर सीमावर्ती ग्रामीणों को वैज्ञानिक तकनीक से मधुमक्खी पालन के बारे में प्रशिक्षित किया गया जिससे प्रशिक्षण प्राप्ति के पश्चात सीमावर्ती ग्रामीण इसे व्यवसाय के रूप में अपनाकर रोजगार के अवसर का निर्माण कर सके। इस प्रशिक्षण में कोटिया गाँव से 9 पुरुष 4 महिलाएं कुल 13 ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोविन्द साहब मेला की तैयारियां अधूरी

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्वांचल के प्रसिद्ध गोविंद साहब मेले को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह व्याप्त हो गया है। इसके साथ ही तमाम आशंकाओं से घिरे दुकानदारों के चेहरे भी खिल उठे हैं। उन्होंने मेला क्षेत्र में दुकानें लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। विश्वास सूत्रों की जानकारी के अनुसार गोविंद दशमी मेले के मद्देनजर डीएम एसपी व्यवस्थाओं को लेकर 26 को निरीक्षण भवन में करेंगे बैठक//रामनगर विकासखंड क्षेत्र के सिद्ध पीठ तपोस्थली पूर्वांचल का ऐतिहासिक धाम मेला बाबा गोविंद साहब जो हर वर्ष की भांति इस वर्ष गोविंद दशमी पर्व स्नान पर मेले का आगाज होने जा रहा है जिसकी तैयारियां अभी तक रही अधूरी वहीं कुछ दुकानदार खझला वर्तन लकड़ी खिलौने आदि दुकानदार अपनी दुकानें मेला प्रांगण में संजो रहे हैं जिला पंचायत के टिन सेट के अंदर उपलियो का ढेर लगा हुआ है साफ सफाई शौचालय रैन बसेरा रोड मरम्मत आदि कार्य शून्य पड़ा है सूत्रों के मुताबिक मेले कि व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से समयानुसार पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ 26 को निरीक्षण भवन में बैठक कर मेले कि व्यवस्थाओं का खींचेंगे खाका आपको बता दे की मेले में स्नान पर्व गोविंद दशमी के दिन लगभग लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है बाबा की समाधि मठ पर खिचडी प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालु भक्तजन मांगते हैं मन्नतें लाल गन्ना खझला प्रसाद के रूप में अपने निवास स्थान को खरीदारी कर ले जाते हैं।

## महिलाओं का 'गेमचेंजर' जनादेश

महाराष्ट्र का जनादेश भाजपा और झारखंड का जनादेश झामुमो के पक्ष का जनादेश है। 'महायुति' गठबंधन का भी उतना ही योगदान है, लेकिन महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन को सुनामी-सा जनादेश मिला है। बेशक यह जीत प्रचंड, ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रही है, तो उतनी ही अपमानजनक पराजय कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी (शरद) के गठबंधन 'महा विकास अघाड़ी' की है। चूंकि सबसे बड़ी पार्टी भाजपा रही है, लेकिन इतनी बड़ी जीत की कल्पना भाजपा नेतृत्व ने भी नहीं की थी। मतदान से एक दिन पहले तक 'महायुति' 165-170 सीटों का आकलन कर रहा था। भाजपा भी 105-108 सीटें जीतने को आश्वस्त थी, लेकिन जो जनादेश सामने आया है, उसे खुद भाजपा-महायुति के बड़े नेता भी 'अप्रत्याशित' और 'अविश्वसनीय' मान रहे हैं। भाजपा को अकेले ही 132 सीटों पर जनादेश हासिल हुआ है और उसका स्ट्राइक रेट करीब 90 फीसदी रहा है। शिवसेना (शिंदे) का भी स्ट्राइक रेट 71 फीसदी रहा है और एनसीपी (अजित) का करीब 80 फीसदी रहा है। यह वाकई शानदार और अकल्पनीय जनादेश रहा है। चुनावी मुकाबला भी एकतरफा साबित हुआ। शिवसेना की कुल 57 सीटें विपक्षी अघाड़ी की कुल 48 सीटों से भी अधिक हैं। भाजपा के संदर्भ में गौरतलब यह रहा कि उसने 2014 की 'मोदी लहर' में अकेले ही चुनाव लड़कर 122 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार जनादेश ऐसा है कि सामान्य बहुमत का आंकड़ा 145 सिर्फ 13 सीट दूर है। इस जनादेश की 'गेमचेंजर' रही-'लाडली बहिन योजना।' यह विचार मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों को दिया था। शिवराज इसे मप्र के चुनाव में सफलतापूर्वक आजमा चुके थे। उनका आग्रह था कि तुरंत प्रभाव से योजना लागू कर दी जाए, लिहाजा जुलाई से ही महाराष्ट्र की करीब 2.34 करोड़ महिलाओं के खातों में 1500 रुपए प्रति माह भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। नवंबर में चुनाव तक हरेक महिला के खाते में 7500 रुपए पहुंच चुके थे। नतीजा सामने है। महिलाओं ने कुल 65 फीसदी से ज्यादा मतदान किया। खास तौर पर 15 सीटें ऐसी थीं, जहां महिलाओं ने सुनामी-सा जनादेश दिया। उनमें से 12 सीटें 'महायुति' ने जीतीं। मप्र का प्रयोग महाराष्ट्र में भी सफल रहा। अब भाजपा अन्य चुनावी राज्यों में भी इसे आजमाएगी। इसी तर्ज पर झारखंड में सोरेन सरकार की 'मईयां योजना' का फायदा झामुमो गठबंधन को मिला।

मध्य वर्ग से निचली जमात की महिलाओं ने अपने पुरुषों के वोट संबंधी आदेश को खारिज कर दिया और सवाल किया कि क्या आप 1500 रुपए महीना हमें दे सकते हैं? इस सवाल के साथ ही 'महायुति' को महिलाओं का व्यापक जनादेश हासिल हुआ। हालांकि 'अघाड़ी' ने महिलाओं को 3000 रुपए माहवार देने की चुनावी घोषणा की थी, लेकिन विश्वास उस पर किया गया, जो 7500 रुपए उनके खातों में भेज चुका है। अब 'महायुति सरकार' 2100 रुपए हर महीने महिलाओं को देगी। बहरहाल महाराष्ट्र का चुनाव इसलिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था, क्योंकि यह देश का सबसे समृद्ध राज्य है। सबसे अधिक जीडीपी, कर-संग्रह और प्रति व्यक्ति आय भी महाराष्ट्र के हिस्से में आती हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई इसी राज्य की भी राजधानी है। उप्र के 80 सांसदों के बाद महाराष्ट्र से ही 48 सांसद चुनकर लोकसभा में जाते हैं। विधानसभा भी 288 विधायकों का सदन है। महाराष्ट्र के चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, भ्रष्टाचार, किसानी के साथ-साथ मराठा आरक्षण या गौरव, शरद पवार की 'चाणक्यगीरी', वोट जेहाद, दलित-बौद्ध आदि कोई भी मुद्दा 'जनादेशी' साबित नहीं हुआ। शिवसेना और बाल ठाकरे की विरासत भी जनादेशी तौर पर उद्धव ठाकरे से छिन गई। पवार परिवार में 'चाचा' की प्रासंगिकता बेहद धुंधली पड़ गई। अगले चुनाव तक शरद पवार 89 साल के होंगे। वह उम्र चुनाव लड़ने लायक नहीं बचती। जनता को कुल मिलाकर भाजपा गठबंधन की स्थायी और डबल इंजन सरकार पर ही भरोसा हुआ। राहुल गांधी के संविधान, अडानी और जातीय जनगणना सरीखे मुद्दे भी फ्लॉप साबित हुए। कांग्रेस इतनी रसातल में पहुंच चुकी है कि राजनीतिक और चुनावी तौर पर उसे गहरा आत्ममंथन करना पड़ेगा। बहरहाल मोदी ने इसे विकास, सुशासन और सच्चे सामाजिक न्याय का जनादेश माना है।

## 'पर्यावरण संरक्षण ही बचा सकता है जीवन'



ओमप्रकाश

पर्यावरण संरक्षण वर्तमान में विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल पर्यावरण विभाग नहीं बल्कि आम लोगों को भी सार्थक प्रयास करने चाहिए। 26 नवंबर को विश्व पर्यावरण दिवस विभिन्न देशों में मनाया जाता है इसका उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखना तथा संतुलन बनाए रखने के लिए विश्व में जागरूकता उत्पन्न करना है। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत मनाया जाता है। यह भी अनुभव किया गया है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से जुड़ी है तथा पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है । पर्यावरण की जागरूकता हेतु 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण संरक्षण पृथ्वी मानवीय क्रियाकलापों की वजह से पृथ्वी पर बहुत सारे प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हुआ है। इसी संदर्भ में बहुत सी सरकारे व विदेश ने इनकी रक्षा एवं उचित दोहन के संदर्भ में समझौते किए इनमें अमेरिका अफ्रीका देश के 1910 के दशक से शुरू हुए इनमें क्यों टॉप प्रोटोकॉल मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और रियो सम्मेलन बहुराष्ट्रीय समझौते की श्रेणी में आते है काम करने और इनको सही करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान में हम देखते हैं की सड़कों को चौड़ी करने पर हजारों पेड़ों को काट दिया जाता है और दोबारा पौधारोपण कार्य नहीं किया जा रहे हैं बहुत रोपण का लक्ष्य तो निश्चित होता है पर एक प्रतीकात्मक ही होता है। हर वर्ष लगाए हुए पौधों की सुरक्षा और सर्वेक्षण होना चाहिए और उसे विभाग की जिम्मेवारी होनी चाहिए जिसे वह पेड़ लगवाए थे। अब पर्यावरण पर विचार करते हैं।

सामान्य अर्थ में पर्यावरण दो शब्दों से मिलकर बना है परि+ आवरण। परि का अर्थ है चारों ओर तथा आवरण का अर्थ परिवेश जिसका अर्थ ढका हुआ होता है जो हमें चारों तरफ से प्रभावित करता है। अर्थात वनस्पतियों प्राणियों मानव जाति सभी सजीव और उनका साथ संबंध को भौतिक परिसर को पर्यावरण कहा जाता है। इस प्रकार पर्यावरण में वायु, जल, पेड़ पौधे, जीव जंतु, मानव और विविध गतिविधियों के परिणाम आदि सभी का समावेश होता है। इस पृथ्वी के समस्त प्राकृतिक परिवेश घनिष्ठ रूप से संबंधित हैं। प्रदूषण के प्रकार सारी पृथ्वी दूषित हो रही है यदि इस पर रोक न लगाई गई तो मानव जीवन पर इसके भयानक प्रभाव पड़ेंगे। मानव जीवन का सुरक्षित रहना भी कठिन हो जाएगा।

पर्यावरण से संबंधित विश्व का पहला और बड़ा सम्मेलन 5 से 16 जून तक स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में 1972 में हुआ जिसमें 119 देशों ने प्रतिभाग किया था यह अंतर्राष्ट्रीय चेतना एवं पर्यावरण आंदोलन था। जिसमें सभी देशों ने एक ही धरती के सिद्धांत को सर्वमान्य तरीके से मान्यता प्रदान की और।विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाने लगा। 1972 तक किसी देश में पर्यावरण मंत्रालय नहीं थे बाद में इसकी स्थापना की गयी। भारत ने 1985 में पर्यावरण और वन मंत्रालय भी स्थापित किया गया। पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीईडी) पृथ्वी शिखर सम्मेलन भी कहा जाता है 3 से 14 जून तक 1992 में ब्राजील की राजधानी रियो डि जनेरियो में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विश्व के 182 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। पर्यावरण संरक्षण इसलिए जरूरी है कि असंतुलित पर्यावरण के दूरगामी दुष्प्रभाव हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**2000 में, नई सहस्राब्दी की शुरुआत में, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन दिल्ली में किया गया था। उस समय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली थे। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मृणाल सेन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता अनुभाग के जूरी अध्यक्ष थे, जबकि प्रसिद्ध ईरानी फिल्म निर्देशक अब्बास किरोस्तामी जूरी सदस्य थे और प्रसिद्ध अभिनेता सौमित्र चटर्जी उस फिल्म महोत्सव के मुख्य अतिथि थे। मैं उस वर्ष भारतीय पैनारोमा अनुभाग का जूरी सदस्य भी था, और इसलिए मुझे सिनेमा जगत के इन दिग्गजों के साथ एक ही होटल में ठहरने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।**

# भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव... अतीत की स्मृतियां

शिलादित्य सेन

पायल कपाड़िया की फिल्म के लिए आईनॉक्स के सामने लंबी कतार लगी है, मेरे पीछे और भी कई लोग खड़े हैं। ऑल वी इमेजिन ऐज़ लाइट इस साल पणजी में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पहले दिन दिखाई गई थी। मृणाल सेन की फिल्म खारिज ने वर्ष 1983 में कान में जूरी पुरस्कार जीता था और उसके चालीस साल बाद, पायल कपाड़िया ने इस साल कान में ग्रैंड प्रिक्स जीतकर फिर से अगली भारतीय निर्देशक बनकर इतिहास रच दिया। समाज के अलग-अलग तबके से आए लोग इस फिल्म को देखने के लिए सुबह 9 बजे ही एकत्रित हो गए। यह लोग देश के विभिन्न हिस्सों से गोवा आए हैं, जिनमें युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। ऐसा लगता है कि जागने के बाद वे सीधे थिएटर ही आ गए हों, वो भी बिना नाश्ता पानी किए!

इस पल ने मुझे तीस साल पहले वर्ष 1995 की याद दिला दी जब अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तत्कालीन बंबई में आयोजित किया गया था। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता फेडेरिको फेलिनी, जिनका कुछ समय पहले ही निधन हो गया था, उनकी फिल्में उस वर्ष महोत्सव में हर सुबह दिखाई जाती थीं। एक पूर्वव्यापी अनुभाग फ़ेलिनी की फ़िल्मों को समर्पित था। मैं उस समय एक युवा पत्रकार और सिनेमा प्रेमी था। सिनेमा के प्रति जुनून में आकर, मैं सांता क्रूज़ से चर्चगेट तक भीड़-भाड़ वाली लोकल ट्रेनों में चढ़ता था और फिर मरीन ड्राइव के सुदूर छोर तक राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) तक पहुंचने के लिए जल्दी से नरीमन पॉइंट के लिए बस पकड़ता था।



हालांकि यह कोई सिनेमा हॉल नहीं था, लेकिन राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) का प्रदर्शन अद्भुत था। यहां मैने पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उप-शीर्षक देखा! फेलिनी की फिल्म में नीले समुद्र के मनमोहक दृश्य, उसके बाद स्क्रीनिंग के अंत में मरीन ड्राइव का शानदार समुद्र तट, साथ में कटिंग चाय और पाव भाजी... भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मेरे जैसे फिल्म-प्रेमियों के लिए धरती पर स्वर्ग ला सकता है! और अब, जब एक और तटीय शहर पणजी इस फिल्म महोत्सव के आयोजन के लिए स्थायी स्थल बन गया है, तो भी अच्छी फिल्में देखने का मेरा उत्साह कम नहीं हुआ है! ऐसा पहली बार था जब मैंने पीआईबी के प्रेस-कार्ड के साथ महोत्सव में फिल्में देखीं। पीआईबी के इस कार्ड के साथ मेरा फिल्म महोत्सव में फिल्में देखना अब भी जारी है। मेरे पिता का निधन और कोविड 19 से संक्रमित होने जैसे व्यक्तिगत कारणों की वजह से एक या दो बार छोड़कर मैं हमेशा इस फिल्म महोत्सव में शामिल होता रहा हू। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने मेरे लिए सिनेमा की पूरी दुनिया खोल दी हैं। इस महोत्सव ने मुझमें और अच्छी फिल्में देखने की ऐसी लालसा पैदा की कि, अब भी, यह मुझे सिनेमा के प्यार के लिए दुनिया भर में यात्रा करने पर मजबूर कर देता है।

जिस शहर में मेरा जन्म हुआ, उस कोलकाता ने दो विश्व प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं - सत्यजीत रे और मृणाल सेन को जन्म दिया है। इन दो दिग्गजों ने हमें सिखाया कि सिनेमा की कला को हमेशा क्षेत्रवाद से ऊपर उठना चाहिए और एक राष्ट्रीय और संभवतः वैश्विक परिप्रेक्ष्य रखना चाहिए। उस समय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन हमारे विशाल देश के विभिन्न शहरों में किया जाता था। हर वैकल्पिक वर्ष में आयोजन स्थल दिल्ली ही होता था, जबकि बीच-बीच में यह फिल्म महोत्सव बॉम्बे, त्रिवेन्द्रम, हैदराबाद, कलकत्ता जैसे शहरों में भी आयोजित होता रहा। वर्ष 2004 से, खूबसूरत राज्य गोवा को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए एक स्थायी स्थल बना दिया गया। तब से, सिनेमा प्रेमियों का स्वागत स्क्रीनिंग के साथ-साथ गोवा बीच पर ताज़ा समुद्री हवा से किया जाता है। कला अकादमी के ठीक पीछे समुद्र है, जहां वर्षों से महोत्सव में कई अच्छी फिल्में दिखाई जाती रही हैं। अब उस स्थान को एक सेमिनार हॉल में बदल दिया गया है, जहां फिल्म जगत के लोग और विद्वान सिनेमा के सैद्धांतिक पहलुओं पर चर्चा करते हैं। फिल्म प्रेमियों के लिए विभिन्न सार्वजनिक व्याख्यानों की व्यवस्था की जाती है। सिनेमा केवल मनोरंजन ही नहीं करता, बल्कि हमारे नैतिक मूल्यों को भी शिक्षित करके उन्हें आकार देता है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने आधी सदी से साल दर साल इस दिशा में ठोस प्रयास किए है। महोत्सव के आयोजकों ने उभरते फिल्म निर्माताओं को निपुण निर्देशकों से मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक नया कार्यक्रम भी शुरू किया है। इस साल, भारतीय नवोदित निर्देशकों को पुरस्कार देने की एक श्रेणी शुरू की गई है। ये पहल निश्चित रूप से देश की सिनेमा संस्कृति को फलने-फूलने में मदद कर सकती हैं।

वर्ष 2000 में, नई सहस्राब्दी की शुरुआत में, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन दिल्ली में किया गया था। उस समय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली थे। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मृणाल सेन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता अनुभाग के जूरी अध्यक्ष थे, जबकि प्रसिद्ध ईरानी फिल्म निर्देशक अब्बास किरोस्तामी जूरी सदस्य थे और प्रसिद्ध अभिनेता सौमित्र चटर्जी उस फिल्म महोत्सव के मुख्य अतिथि थे। मैं उस वर्ष भारतीय पैनारोमा अनुभाग का जूरी सदस्य भी था, और इसलिए मुझे सिनेमा जगत के इन दिग्गजों के साथ एक ही होटल में ठहरने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। स्क्रीनिंग में भाग लेने के पूरे दिन के अंत में, हम सच्चे बंगालियों की तरह अड्डा में शामिल होते थे। मृणाल बाबू, जो पूरा दिन किरोस्तामी और अन्य जूरी सदस्यों के साथ समय बिताते थे, हमें किरोस्तामी की फिल्म निर्माण की शैली की बारीकियों के बारे में बताते थे। दूसरी ओर, सौमित्र बाबू बताते थे कि कैसे उनके सिनेमा शिल्प को विदेशी भूमि में बहुत सम्मान मिलता है, जहां वह सत्यजीत रे की फिल्मों में मुख्य अभिनेता होने के कारण अनगिनत बार गए थे। इन वार्तालापों में मुझे अनंत तारों वाले आकाश की ओर ले जाने की क्षमता थी। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिताए गए दिनों ने मेरे लिए जीवन के बारे में सीखने के लिए कई द्वार खोल दिए हैं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने मुझे और भी बहुत सारे सुखद अनुभव दिए हैं। उस समय की बात करें जब तत्कालीन बंबई में फिल्म महोत्सव आयोजित किया गया था - ऐसा पहली बार था जब मैं एक पत्रकार के रूप में किसी फिल्म महोत्सव में भाग लेने गया था। उस वर्ष फिल्म महोत्सव की समापन फ़िल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की शिंडलर्स लिस्ट थी। स्पीलबर्ग ने ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म के उस आखिरी दृश्य को रंगीन कर दिया था जिसमें यहूदी अत्याचारी नाज़ियों के हाथों से बचकर आगे बढ़ रहे थे। उस दिन सांता क्रूज़ में अपने होटल वापस लौटते समय, मुझे लगा कि केवल सिनेमा में ही हमें अपना इतिहास याद दिलाने की शक्ति है... और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जैसे फिल्म महोत्सवों में पूरी दुनिया को हमारे द्वार तक लाने की शक्ति है।

# संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उपजे जटिल सवाल

**संभल की ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण धार्मिकता के मनसूंबे सामने आये हैं। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना अच्छा नहीं है, मंदिर-मस्जिद के एक और मामले ने तनाव की स्थिति उत्पन्न करके शांति एवं सौहार्द को खण्डित किया। यदि मस्जिद पक्ष का यह मानना है कि जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश सही नहीं तो उसे ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए हिंसा का सहारा लेने का कहीं कोई औचित्य नहीं और तब तो बिल्कुल भी नहीं जब निचली अदालत के किसी फैसले के खिलाफ ऊंची अदालतों में जाने का रास्ता खुला हो।**



ललित गर्ग

यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है कि उत्तर प्रदेश के संभल में एक बार फिर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा एवं उन्माद का भड़क उठना और इसके चलते तीन लोगों की जान चले जाना, चुनौतीपूर्ण, विडम्बनापूर्ण एवं शर्मनाक है। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए, जिनमें 30 से अधिक पुलिसकर्मी भी हैं। इस हिंसा को टाला जा सकता था यदि अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का हिंसक विरोध नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। एक उन्मादी, विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते साम्प्रदायिक तनाव, नफरत एवं द्वेष बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं।

संभल की स्थानीय अदालत ने उस याचिका पर जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने इस मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के स्थान पर किया था। स्थानीय अदालत के आदेश पर इसी मंगलवार को जब प्रारंभिक सर्वे किया गया था तब भी इलाके में तनाव फैला था, लेकिन उसे दूर कर लिया गया था। समझना कठिन है कि गत दिवस सर्वे के दौरान ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए जिससे किसी तरह की अव्यवस्था और अशांति न फैलने पाए। रविवार को सर्वे के दौरान जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ उन्हें आग के हवाले किया गया, उससे लगता है कि कुछ उन्मादी तत्वों ने उपद्रव की तैयारी कर रखी थी। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है, किसी अदालती आदेश पर जांच कार्य होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती दिखती है। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे लेकर पूरी तैयारी की गई थी।



संभल की ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण धार्मिकता के मनसूंबे सामने आये हैं। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना अच्छा नहीं है, मंदिर-मस्जिद के एक और मामले ने तनाव की स्थिति उत्पन्न करके शांति एवं सौहार्द को खण्डित किया। यदि मस्जिद पक्ष का यह मानना है कि जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश सही नहीं तो उसे ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए हिंसा का सहारा लेने का कहीं कोई औचित्य नहीं और तब तो बिल्कुल भी नहीं जब निचली अदालत के किसी फैसले के खिलाफ ऊंची अदालतों में जाने का रास्ता खुला हो। यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल एवं सम्प्रदाय विशेष के लोग किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक स्थलों के नाम पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर संकीर्ण धार्मिकता से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं?

यह सही है कि 1991 का पूजा स्थल अधिनियम किसी धार्मिक स्थल में बदलाव का निषेध करता है, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह अधिनियम ऐसे किसी स्थल के सर्वेक्षण की अनुमति भी प्रदान करता है और इसी कारण वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण हुआ और धार में भोजशाला परिसर का भी। मथुरा में ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। मंदिर-मस्जिद के विवाद नए नहीं हैं। इन विवादों को सुलझाने की आवश्यकता है। इसका एक तरीका न्यायपालिका का सहारा लेना है और दूसरा आपसी सहमति से विवाद को हल करना। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जहां भी ऐसे विवाद हैं, उन्हें दोनों समुदाय आपस में मिल-बैठकर हल करें। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि समाज में सद्भाव, सौहार्द एवं शांति बनी रहेगी। यह समझा जाना चाहिए कि इन दोनों उपायों के अतिरिक्त हिंसा एवं नफरत कोई उपाय नहीं है। इसी के साथ यह भी समझना होगा कि देश को अतीत से अधिक भविष्य की ओर देखने और मंदिर-मस्जिद विवादों से बाहर निकलने की आवश्यकता है। इससे इन्कार नहीं कि विदेशी आक्रमणकारियों ने अनगिनत मंदिरों का ध्वंस किया। अतीत में हुए इन ज्यादतियों, अत्याचारों एवं विध्वंस घटनाक्रमों को सुधारने की संभावनाएं किसी भी दृष्टि से गलत नहीं कही जा सकती।

देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे एवं कदाचार-संकीर्णता-कट्टरता के इस अंधेरे कुएँ से निकाले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं। व्यक्ति, परिवार और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे इरादों की शुद्धता महत्व रखती है, जबकि हमने इसका राजनीतिकरण कर परिणाम को महत्व दे दिया। घटिया उत्पादन के पर्याय के रूप में जाना जाने वाला जापान आज अपनी जीवन शैली को बदल कर उत्कृष्ट उत्पादन का प्रतीक बन विश्वविख्यात हो गया। यह राष्ट्रीय जीवन शैली की पवित्रता का प्रतीक है। इसी तरह भारत भी आज विश्वविख्यात होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तो उसकी बढ़ती साख एवं समझ को खण्डित करने वाली शक्तियों को सावधान करना ही होगा। भारत जैसी माटी में जन्म लेना बड़ी मुश्किल से मिलता है। विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा वाला यह राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों को अपने में समेटे है तो यह यहां के बहुसंख्यक समुदाय की उदार सोच का ही परिणाम रहा है, इसी बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय को आखिर कब तक कमजोर किया जाता रहेगा?

# 'महायुति' की ज़बरदस्त चुनावी रणनीति से रचा इतिहास!

**एकनाथ शिंदे ने कहा है कि तीनों पार्टियां मिलकर फैसला लेंगी। उन्होंने ये भी कहा कि ये तय नहीं है कि जिसकी ज्यादा सीटें आई हैं सीएम उसका ही बनेगा। महाराष्ट्र में बंपर जीत पर आयोजित आभार कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 50 साल में किसी भी पार्टी या किसी भी गठबंधन के लिए ये सबसे बड़ी जीत है, ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा की लीडरशिप में किसी गठबंधन को महाराष्ट्र ने आशीर्वाद दिया है, ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र की गुत्थी महायुति ने सुलझा ली और बंपर जीत के साथ वापसी की है।**



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के चुनावी महापर्व को हैरत भरी नजरों से देखती है कि, उनके पूरे देश के नागरिकों या जनसंख्या वाला तो भारत में एक ही राज्य है, ऐसे 29 राज्य 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं तो कितना बड़ा चुनावी महापर्व होता होगा, आज हम इस विषय पर इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि कल दिनांक 23 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र व झारखंड राज्यों व अनेक राज्यों के उपचुनाव परिणामों का ऐलान हुआ, जिसके लिए मैंने तीन सटीक विश्लेषण दिए थे, तीनों विश्लेषण हंड्रेड परसेंट सटीक साबित हुए अब हम इसे आगे बढ़ाकर राज्यों में सरकारी बनाने का विश्लेषण व जीत के कारणों पर चर्चा करेंगे,चूँकि झारखंड में तो सीएम झामुमो का ही होगा परंतु सबकी नज़रें महाराष्ट्र पर लगी हुई है। मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि सीएम एकनाथ शिंदे ही रहेंगे, हालांकि बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी यानी 288 में से 132 सीटें शिवसेना 57 व एनसीपी को 41 सीटें मिली है, सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है, सबकी नज़र है, बीजेपी का सीएम होगा। 23 नवंबर 2024 को उद्धव ठाकरे साहब ने भी सीएम बीजेपी का होने होना चाहिए ऐसी बातें कहीं। मेरा व्यक्तिगत निजी मानना है कि सीएम एकनाथ शिंदे साहब भी हो सकते हैं क्योंकि बीजेपी की यह सटीक रणनीति का हिस्सा हो सकता है,जिसका आगे अन्य राज्यों में चुनावों में बीजेपी को बहुत फायदा व महाराष्ट्र में अनेक मुद्दों पर भी फायदा होगा, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूँकि भारत की खूबसूरत लोकतंत्र प्रणाली व बुद्धिजीवी सटीक मतदाताओं पर दुनियाँ हैरान है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महाराष्ट्र में महायुति को जबरदस्त चुनावी रणनीति ने, अभूतपूर्व जीत का इतिहास रचाया।

साथियों बात अगर हम 23 जुलाई 2024 को आए महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों की करें तो, बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति ने शानदार जीत दर्ज की है, राज्य में एक बार फिर उसकी सरकार बन रही है। 288 सीटों वाले महाराष्ट्र विधानसभा में महायुति को 230 से ज्यादा सीट मिल रही हैं, वहीं एमवीए को 47 सीटें मिली हैं। राज्य में बंपर बहुमत के बाद महायुति में अब सीएम पद को लेकर माथापच्ची होगी। एकनाथ शिंदे ने कहा है कि तीनों पार्टियां मिलकर फैसला लेंगी। उन्होंने ये भी कहा कि ये तय नहीं है कि जिसकी ज्यादा सीटें आई हैं सीएम उसका ही बनेगा। महाराष्ट्र में बंपर जीत पर आयोजित आभार कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 50 साल में किसी भी पार्टी या किसी भी गठबंधन के लिए ये सबसे बड़ी जीत है, ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा की लीडरशिप में किसी गठबंधन को महाराष्ट्र ने आशीर्वाद दिया है, ये



लगातार तीसरी बार है जब भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र की गुत्थी महायुति ने सुलझा ली और बंपर जीत के साथ वापसी की है। महायुति का हिस्सा बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी तीनों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और महायुति का स्ट्राइक रेट करीब 73 पर्सेंट तक पहुंचा दिया। महायुति का मुकाबला महा विकास अघाड़ी से था। इस गठबंधन की मुख्य पार्टियां कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी हैं। महाविकास अघाड़ी की कोई भी पार्टी सही प्रदर्शन नहीं कर पाई और महा विकास अघाड़ी का स्ट्राइक रेट करीब 17 पर्सेंट के आसपास रहा।महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा सीटों पर यानी 149 सीटों पर बीजेपी ने चुनाव लड़ा था। बीजेपी का स्ट्राइक रेट 88 पर्सेंट के आसपास है।एकनाथ शिंदे की शिवसेना 81 सीटों पर लड़ी थी और इनका स्ट्राइक रेट भी करीब 69 पर्सेंट रहा। अजीत पवार की एनसीपी 66 सीटों पर लड़ी थी और स्ट्राइक रेट करीब 63 पर्सेंट रहा। महायुति की जो सबसे बड़ी टेंशन थी वह इसे लेकर थी कि अजीत पवार की पार्टी कैसा प्रदर्शन करेगी और क्या वह अपना वोट बीजेपी को ट्रांसफर कर पाएगी। नतीजों से लगता है कि वोट ट्रांसफर हुआ है। अजीत पवार की इस चुनाव में मजबूत बनकर उभरे हैं। एकनाथ शिंदे की इमेज का भी महायुति को भी बहुत फायदा पहुंचा।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र के 5 माह पूर्व लोकसभा चुनाव में आए खराब प्रदर्शन को बड़ी ऐतिहासिक जीत में पलटाने की रणनीति की करें तो, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के दौरान 48 में सिर्फ 18 सीटें पाने वाली भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने छह महीने में ही बाजी पलट दी। अचूक रणनीति और सफल चुनाव प्रबंधन से अबकी बार 200 पार का नारा सफल हुआ और महायुति की महाविजय हुई। महायुति ने छह माह में बाजी पलटने पर संगठन और सरकार के स्तर पर एकसाथ और कारगर प्रयास किए जिसका नतीजा रेकॉर्डतोड़ जीत के रूप में सामने आया। लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित विपक्ष का माहौल बदलने के लिए उसका नैरेटिव तोडना बड़ी चुनौती थी लेकिन महायुति इसमें सफल रही भाजपा नेतृत्व ने 10 हजार आम कार्यकर्ताओं से पर्चियों के जरिए 5 से 6 सुझाव मांगे थे। हर जिले के कार्यकर्ताओं से पार्टी ने फीडबैक लेकर समय रहते कमियां दूर कीं। खास बात है कि भाजपा ने हर विधानसभा में गठबंधन के तीनों दलों के नेताओं की कॉर्डिनेशन कमेटियां बनाई। जिससे तालमेल का संकट खड़ा नहीं हुआ।महिला मतदाताओं को साधने के लिए चलाई गई लाडकी बहिन योजना सफल रही। चुनाव से पहले तक ढाई करोड़ महिलाओं के खाते में तीन बार 1500-1500 रुपये भेजकर महायुति सरकार ने विश्वसनीयत हासिल की।उसे इसका लाभ मिला। टोल टैक्स हटाने, वृद्धावस्था पेंशन बढाने और प्याज एक्सपोर्ट से जुड़ीं शर्तें हटाने, ऋण माफी आदि एलानों से महायुति सरकार किसानों और मध्यवर्गीय मतदाताओं को भी साधने में सफल रही। यही वजह रहा कि पश्चिम महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में भी महायुति ने शानदार प्रदर्शन किया।लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाराष्ट्र में विपक्ष के संविधान खतरे में नैरेटिव के कारण दलित और बौद्ध मतदाताओं का बड़ा वर्ग कांग्रेस नेतृत्व महाविकास अघाड़ी की तरफ शिफ्ट हुआ था। ऐसे में भाजपा ने नतीजों के तुरंत बाद दलित और ओबीसी वर्ग की 350 प्रमुख जातियों के नेताओं से मीटिंग शुरू की। गृहमंत्री के निर्देशन में चुनाव प्रभारी ने 3 महीने तक लगातार अलग-अलक जातियों के नेताओं के साथ बैठकें कर उन्हें पार्टी के साथ लाने में सफल रहे और जिसके जरिए वंचित समाज में संविधान और आरक्षण को लेकर फैले ब्रह्म को पाटने में सराहनीय सफल रहे। साथियों बात अगर हम महाविकास अघाड़ी की असफलता के कारणों की करें तो, लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी ने जो प्रदर्शन किया था, उसका फायदा यह गठबंधन नहीं ले पाया।

# वेदव्यास की परंपरा का हो रहा निर्वहन : योगी

## शिवमहापुराण कथा सुनने काशी पहुंचे सीएम योगी, हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** यूपी कॉलेज के निकले के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काल भैरव मंदिर में विशेष पूजा आरती की। इसके बाद सीएम ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने षोडषोपचार विधि से रुद्राभिषेक किया। इसके बाद गंगा द्वार से क्रूज में सवार होकर डोमरी के लिए रवाना हुए। कथा स्थल पर पहुंचते ही मंच पर सतुआ बाबा ने सीएम योगी का स्वागत किया। पूरे पंडाल में जयघोष होने लगा। सीएम ने शिवमहापुराण कथा में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम को सीएम ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के पावन तट पर शिवमहापुराण की कथा को श्रवण का आनंद आप सबको प्राप्त हो रहा है। मैं सबसे पहले पंडित प्रदीप मिश्रा का आप सभी काशी, प्रदेशवासियों श्रद्धालु जनों



की ओर से हृदय से स्वागत करता हूं।

कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक यानी पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक प्रयागराज की पावन धरती पर दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 का आयोजन है और उसे ठीक पहले काशी की धरती पर इस कथा के माध्यम से कुंभ का दर्शन हम सबको देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जिस अनुशासन और श्रद्धा भाव के साथ आप सभी इस

■ मुख्यमंत्री ने षोडषोपचार विधि से रुद्राभिषेक किया

कथा का श्रवण कर रहे हैं तो मैं आप सबका भी हृदय से अभिनंदन करता हूं।

भगवान शिव का भक्त और सनातनी होने के नाते मैं आप सबका अभिनंदन करता हूं। मुझे याद है कि पंडित प्रदीप मिश्रा के कथा हापुड़ में होने वाली थी तो अचानक वहां के प्रशासन ने कथा के आयोजन को निरस्त कर दिया। मुझे शाम को जानकारी मिली। मुझे बताया गया कि भीड़ ज्यादा हो सकती है। मैंने कहा कि उनकी कथा की तो चर्चा ही इस बात के लिए होती है कि वहां हजार में नहीं लाखों में श्रद्धालुओं की गिनती होती है। सभी श्रद्धालु होते हैं परम भक्त होते हैं और परम भक्त की सबसे बड़ी पहचान क्या है वह अनुशासित होता है। जिसकी आत्मा अनुशासन है, उसका भौतिक द्रव्यों पर भी अनुशासन होता है। अभी कथा को अनुमति दे दिया जाए और भव्यता के साथ आयोजन को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाए। मुझे बहुत अच्छा लगा जो भी वहां पर गया उसे आनंद आया। फर्रुखाबाद में कार्यक्रम हुआ वहां पर भी यही दृश्य था। दृष्टि सबके अपनी होती है यह दृश्य हमारे लिए सनातन धर्म का एक लघु भारत का रूप है और यह हमारी सामाजिक क्षमता का भी प्रतीक है। कौन कहता है कि हम आपस में बंटे हैं, कहां जातिवाद है, कहां संप्रदायवाद है कहां उपासना विधि का वाद है।

सीएम ने कहा कि हम तो सब एक होकर इस पावन कथा के माध्यम से उदाहरण सबके सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। मैं कथा के इस विहंगम दृश्य को देख रहा हूं। एकदम सामने बाबा विश्वनाथ का धाम है मां गंगा का सानिध्य। सतुआ बाबा ने ऐसा स्थल चयन किया कि एक साथ बाबा के भी दर्शन हो और मां गंगा के भी। बाबा भैरव नाथ के दर्शन हो जाए यानी यहां से एक साथ यह लोग भी कथा सुन रहे हैं। बाबा भैरवनाथ भी सुन रहे हैं। काल भैरव भी सुन रहे हैं, मां गंगा और श्रद्धालु भी सुन रहे हैं। यह उन सभी लोगों के मुंह पर जवाब है जो हमें जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर तमाम बातों के नाम पर बांटते हैं। उनकी आंखों को खोलने के लिए कथा का विहंगम दृश्य काफी है।

कहा कि मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि 5000 वर्ष पहले हम जिस पवित्र पीठ को व्यासपीठ कहते हैं भगवान वेद व्यास की पवित्र परंपरा है। भगवान वेद व्यास ने चारों वेदों का संग्रह करके आने वाली पीढ़ी को दिया। शिष्य की परंपरा वेदों के संरक्षण के लिए कैसे बनी है इसमें पूरा ज्ञान समाहित है। महाभारत जैसा 10001 श्लोक का महाकाव्य से पूरी टीम को नेतृत्व दिया। श्रीमद्भागवत महापुराण जैसा ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की अद्भुत त्रिवेणी का महापुराण, मुक्ति और जीवन की सफलता का रहस्य, इन पुराणों में छिपा हुआ है।

# 80 प्रतिशत विद्यालय परीक्षा में पास तो ब्लॉक होगा निपुण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में गणित व भाषा में विद्यार्थियों को दक्ष बनाने के लिए निपुण भारत अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल में 80 प्रतिशत छात्रों के निपुण होने पर उसे निपुण विद्यालय घोषित किया जाएगा।

वहीं, किसी भी ब्लॉक में 80 प्रतिशत स्कूल के निपुण होने पर वह निपुण ब्लॉक कहलाएगा। विद्यार्थियों की दक्षता को परखने के लिए सोमवार से निपुण परीक्षा शुरू हो गई। 30 नवंबर तक यह टेस्ट होगा। प्रदेश में आठ ऐसे जिले जहां वायु प्रदूषण के कारण विद्यालय बंद हैं, जिसमें मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, मुजफ्फरनगर व शामली शामिल हैं। यहां परीक्षाएं बाद में कराई जाएंगी। वहीं, छह मंडलों के 30 जिलों में निपुण परीक्षा शुरू हो गई है। पहले



■ आठ जिलों को छोड़ बाकी में 30 नवंबर तक टेस्ट

दिन लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, सहारनपुर, कानपुर व बरेली मंडल के जिलों में प्री-प्राइमरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई। सुबह 9:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक परीक्षा हुई। भाषा व गणित के कुल नौ सवाल विद्यार्थियों से पूछे गए। ओएमआर शीट पर प्रश्नों के उत्तर विद्यार्थियों ने दिए और इसे स्कैन कर शिक्षकों द्वारा परख एप पर अपलोड किया गया। अब राज्य स्तरीय टीम इसका मूल्यांकन करेगी। इन छह मंडलों में मंगलवार को कक्षा चार से कक्षा आठ तक के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

निपुण परीक्षा की निगरानी के लिए जिला व राज्य स्तर पर शिक्षा अधिकारियों की टीमें गठित की गई हैं। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित रह गए 7416 विद्यार्थियों को समाज कल्याण विभाग ने बड़ी राहत दी है। विभाग जल्द ही इन्हें छात्रवृत्ति देगा। छात्रवृत्ति के लिए 17 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

# एसीआर में शामिल होगा निवेश आकर्षण व सीडी रेशियो

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में अब जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट (एसीआर) में निवेश आकर्षण और सीडी रेशियो (क्रेडिट-डिपॉजिट) वृद्धि को भी शामिल किया जाएगा। इस पहल के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्तों के प्रदर्शन का आकलन उनके जिलों में क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात में की गई प्रगति के आधार पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिलों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना, निवेश बढ़ाना, और बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट में निवेश आकर्षण और सीडी रेश्यो वृद्धि के साथ साथ निवेशकों की



सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किये गये प्रयासों का भी मूल्यांकन होगा जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों के लिए समयबद्ध तरीके से लैंड अलॉटमेंट, लैंड सब्सिडी, लैंड यूज चेंज, लैंड क्लियरेंस समेत लैंड बैंक को तैयार कर उसकी मॉनीटरिंग और रेगुलर अपडेशन किये जाने का भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जिलों में निवेश लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारी अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से निभाएं।

# संभल हिंसा के विरोध में मौन धरने पर बैठे कांग्रेसी नेता

## राहुल की अपील- सुप्रीम कोर्ट दखल दे, हिंसा में पांच लोगों की हो गई थी मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संभल जिले में हुई हिंसा के विरोध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय पर मौन रहकर प्रदर्शन किया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष ने पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिर मौन धरने पर बैठे। बता दें कि हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई व कई घायल हो गए हैं। मौत का कारण पुलिस फायरिंग बताया जा रहा है।

कांग्रेस ने मामले में राज्य सरकार पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। संभल हिंसा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर बयान देकर कहा कि संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाज़ी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को



खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी जिम्मेदार भाजपा सरकार है।

भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। मेरी अपील है कि

■ सर्वे के लिए पहुंची टीम और हो गया बवाल

शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफरत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े।

संभल शहर की जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताते हुए दाखिल वाद के आधार पर सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर की टीम पहुंची तो संभल में बवाल हो गया। रविवार सुबह अचानक टीम के आने पर जुटी भीड़ मस्जिद में दाखिल होने कोशिश करने लगी। रोकने पर पुलिस पर पथराव कर दिया। हिंसक हुई भीड़ ने सीओ की गाड़ी समेत कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी और आग लगा दी। इसी बीच फायरिंग भी शुरू हो गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। बवाल में घिरकर पांच लोगों की मौत हो गई। कई अधिकारियों समेत दर्जनों लोग घायल हुए हैं। तनाव को देखते हुए संभल में इंटरनेट सेवा और स्कूल बंद कर दिए गए थे।

# भारतीय संविधान को जन जन तक पहुंचाने से ही अधिकारों की रक्षा संभव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 75वें संविधान दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से कैंपस में दिनांक 25 नवंबर 2024 को संविधान रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली विधि विभाग से शुरू होकर गौतबुद्ध सेंट्रल लाइब्रेरी होते हुए बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुदर्शन वर्मा, प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष, विधि विभाग ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए बताया कि संविधान को जन जन तक पहुंचाने से ही सभी के अधिकारों की रक्षा हो सकती है। इसलिए सभी को संविधान का सम्मान और रक्षा करनी

■ संविधान दिवस पर शहर के गणमान्य लोगों सहित रैली में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने दिखाई अपनी सहभागिता

होगी, हर एक कि अधिकार संविधान में ही निहित है। आगे उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने संविधान दिवस को पूरे देश में मनाने के लिए प्रेरित किया है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ0 सुफिया, एसोसिएट प्रोफेसर, विधि विभाग ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संविधान प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा की भारत के संविधान से ही देश की एकता और अखंडता बनी हुई है। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री जय सिंह ने सभी अतिथियों व् संविधान प्रेमियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन दिया और कहा कि संविधान के प्रति अपना सम्मान कि भावना को मन में रखते हुए सभी को संविधान की रक्षा करना है।

# राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र टीम को प्रथम पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की 8 सदस्यीय छात्र टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समूह गान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में अपनी संगीत प्रतिभा से विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले इन छात्रों में अमृता पाल, शंखिनी चकरवाल, अनाबिया अकरम, अनन्या पाण्डेय, अवन्या शुक्ला, शौर्य शर्मा, अविरल प्रताप सिंह एवं तन्मय उपाध्याय शामिल हैं। इन प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्रों के बीच समूह गायन द्वारा अपनी प्रतिभा की



अमिट छोड़ी एवं अपनी महान सभ्यता, उदार संस्कृति, अनूठे संविधान व वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का अनूठा संदेश प्रवाहित किया। आयोजकों द्वारा इस विजेता छात्र टीम को शील्ड, सार्टिफिक्रेट एवं अन्य आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई में तो अव्वल रहते ही हैं साथ ही साथ गीत-संगीत, नृत्य, साहित्य व कला जैसे क्षेत्रों में भी विद्यालय के छात्रों ने अलग पहचान बनाई है।

# संभल मामले में सरकार सच छुपा रही : भाकपा माले

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने संभल में हुई हिंसा को राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित बताते हुए कहा है कि सरकार सच छुपा रही है। रविवार को संभल की शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे की शुरुआत में मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाए गए थे। मृतकों के परिजनों का स्पष्ट आरोप है कि लड़कों की मौत पुलिस की गोली से हुई है। घटना के वायरल हुए वीडियो प्रशासन के झूठ को उजागर करते हैं। पार्टी ने पांच मुस्लिम युवाओं की हत्या के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और भड़काऊ नारे लगाने वाले उकसावेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज जारी बयान में कहा कि मुस्लिमों सहित उनके उपासना स्थलों को एक-एक कर निशाना बनाया जा रहा है।

■ पांच हत्याओं के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो

संभल में सैंकड़ों वर्ष पुरानी मस्जिद के सर्वे की जो जल्दबाजी दिखाई गई, भड़काऊ नारे लगाए गए, पुलिस फायरिंग में युवाओं की जानें गई, कई घायल हुए और अब मुस्लिमों की धर-पकड़ हो रही है, यह सब कुछ गहरी साजिश का हिस्सा है। भाजपा और उसकी सरकार इसमें शामिल है। सत्ता का दुरुपयोग हुआ है।

माले नेता ने प्रशासन की लगातार उकसावे वाली कार्रवाइयों से स्थिति संभालने के बजाय बिगड़ रही है। मृतकों को पोस्टमार्टम के बाद आनन फानन में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मजिस्ट्रेटी जांच अपर्याप्त है। ऐसे में स्थिति को और भयावह होने से रोकने के लिए शीर्ष अदालत को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

# बिजली कंपनियों के घाटे के राज छेड़ने पर उपभोक्ता परिषद में बोला करारा हमला

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 1959 में गठित राज्य विद्युत परिषद जिसका कुल घाटा वर्ष 2000 में मात्र 10 हजार करोड़ पहुच जाने पर सरकार ने घाटे का वहन करते हुये राज्य विद्युत परिषद को बीस साल पहले 14 जनवरी को विघटित कर कई कम्पनियों में विभाजित कर दिया गया और बड़े-बड़े दावे किये गये कि अब बिजली कम्पनियों में व्यापक सुधार होगा। पावर कॉरपोरेशन ने एकाएक बिजली कंपनियों के घाटे की चर्चा शुरू कर दिया है इसके पीछे उसकी मनसा क्या है बहुत जल्द सामने आ जाएगा लेकिन कहीं ना कहीं मनसा बडे निजी घरानो को साथ लेने की है उपभोक्ता परिषद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व सरकार को बताना चाहता है की वर्ष 2000- 2001 में जो 77 करोड का घाटा था वह 24 साल में कैसे 1

■ उपभोक्ता परिषद के लडाई के बाद फैसला अंततः हुआ था वापस

लाख 10000 करोड पहुंच इसके लिए केंद्र सरकार की और प्रदेश सरकार की नीतियां भी जिम्मेदार है चाहे वह उदय की नाकामी रही हो पावर फॉरफुल की नाकामी रही हो एफआरपी की नाकामी रही सौभाग्य की नाकामी रही हो एम वो यू रूट के प्रोजेक्ट रहे हो महंगी बिजली खरीद का मामला रहा हो या सभी मुख्य कारण है। उपभोक्ता परिषद ने कहा पावर कॉरपोरेशन तैयार हो तो उपभोक्ता परिषद व प्लान देने के लिए तैयार है जिससे बिना उद्योगपतियों का सहयोग लिए भी घटा दूर हो जाएगा और बिजली कंपनियां आत्मनिर्भर हो जाएगी किसी भी स्तर पर बहस के लिए तैयार है उपभोक्ता परिषद।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सपा सरकार में अप्रैल 2013 में पांच शहरों गाजियाबाद वाराणसी मेरठ कानपुर को ट्रिपल पी मॉडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप )के तहत निजी क्षेत्र में देने की बात की गई थी अंततः सपा सरकार का यह निर्णय वापस हो गया था जब पीपीपी मॉडल का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग में याचिका लगाई थी। नियामक आयोग ने यह स्पष्ट किया था और लिखित आदेश जारी किया था कि बिजली कंपनियों द्वारा द्वारा जिन भी विद्युत क्षेत्र में निजीकरण व फ्रेंचाइजी करण की भावीकार्य योजना होगी भविष्य में उसे उपभोक्ताओं को क्या लाभ मिलेगा निजीकरण व फ्रेंचाइजी करण का आधार क्या होगा को स्पष्ट तौर पर विद्युत नियामक आयोग को बताना होगा।

# टीएमयू फिजियो ओलंपिक्स चैंपियनशिप पर फायर का कब्जा



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की ओर से फिट इंडिया वीक के तहत आयोजित फिजियो ओलंपिक्स में बीपीटी सेकेंड ईयर की टीम फायर ने कुल 50 मेडल्स के संग चैंपियन ट्राफी पर कब्जा किया, जबकि बीपीटी थर्ड ईयर की टीम वाटर 41 मेडल्स के संग सेकेंड स्थान पर रही। बीपीटी सेकेंड ईयर की टीम फायर ने महिला वर्ग की 100 मीटर, पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़, कबड्डी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। समापन समारोह में एल्युमिनाई रिलेशन सेल-एआरसी के ज्वाइंट डायरेक्टर प्रो. निखिल रस्तोगी ने बतौर मुख्य अतिथि खेल और फिटनेस के महत्व पर विचार साझा करते हुए विजेता टीम फायर को चैंपियन ट्रॉफी और प्रतिभागियों को मेडल्स वितरित किए। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपी की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम. कौल की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इससे पूर्व समापन समारोह एनसीसी कैडेट्स जतिन त्यागी और शुभी अग्रवाल के मार्च पास्ट के संग प्रारम्भ हुआ। स्टुडेंट्स साहिल एंड ग्रुप ने वाद्य यंत्र से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# टीएमयू नर्सिंग स्पोर्ट्स- ब्रह्मोत्सव का रंगारंग शंखनाद

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और अमरोहा के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की खेल प्रतियोगिता ब्रह्मोत्सव-2024 का कुलपति प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि शांतिदूत कबूतर और गुब्बारे उड़कार विधिवत शुभारम्भ किया। इस ब्रह्मोत्सव में आउटडोर एवम् इंडोर की 12 खेल प्रतियोगिताओं- कैरम, चेस, बास्केटबाल, वॉलीबाल, थ्रो बाल, क्रिकेट, टग ऑफ वार, कबड्डी, 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, जेवलिन थ्रो, शॉट पुट आदि में दोनों कॉलेजों के खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। इन कॉलेजों के खिलाड़ियों को चार टीमों- अग्नि, वायु, नीर और आकाश में विभाजित किया गया है। रंग-बिरंगी पोशाक में सजी टीमों ने



मार्च पास्ट किया।

कुलपति प्रो. वीके जैन ने मोटिवेट करते हुए कहा, एकेडमिक के संग-संग सर्वांगीण विकास के लिए स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ का होना भी जरूरी है। स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्द्धाओं की स्टुडेंट्स के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका है। इसीलिए अधिक से अधिक स्टुडेंट्स को स्पोट्स में प्रतिभाग करना चाहिए। मैं भी आपके स्पोर्ट्स का हिस्सा बनूंगा और आपके साथ क्रिकेट खेलूंगा। इस मौके पर डायरेक्टर गवर्नेंस, डेंटल कॉलेज डॉ. नीलिमा जैन, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, अमरोहा के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन, तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# बरेली पुल हादसा : पीडब्ल्यूडी के चार इंजीनियरों पर मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** बदायूं के दातागंज क्षेत्र में समरेर और फरीदपुर के बीच अधूरे पुल से कार गिरने से हुई तीन लोगों की मौत का मामला सोमवार को शासन तक पहुंच गया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रांतीय खंड के दो सहायक व दो अवर अभियंताओं के खिलाफ दातागंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही चारों अभियंताओं का निलंबन भी तय है।

बरेली के फरीदपुर में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे तीन युवकों की कार रविवार तड़के अधूरे पुल से करीब 20 फुट नीचे गिर गई थी। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। ये लोग गूगल मैप से रास्ता देखते हुए चल रहे थे। इसी दौरान बदायूं के समरेर को फरीदपुर से जोड़ने वाले रामगंगा पर बने अधूरे पुल पर चढ़ गए और हादसे का शिकार हो गए।

नायब तहसीलदार छविराम की तरफ से कहा गया है कि दातागंज तहसील के



■ गूगल मैप के क्षेत्रीय अफसर भी कार्रवाई की जद में

समरेर से बरेली जनपद के फरीदपुर को जाने के लिए एक रास्ता गया है। इसी रास्ते पर बने पुल की एप्रोच रोड पिछले एक साल से ज्यादा समय से कटी हुई है, जिससे पुल आधा बना खड़ा है। यह जानते हुए भी कि अगर इस पुल से कोई गुजरेगा तो हादसा हो जाएगा, इसके बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने यहां कोई सतर्कता नहीं बरती। पुल की सड़क के दोनों ओर मजबूत अवरोधक, बैरिकेडिंग, रिफलेक्टर बोर्ड व सड़क के कटे होने का कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगवाया। पुल के रास्ते को महज एक पतली दीवार से बंद कर दिया, जिसे अज्ञात लोगों ने पहले ही तोड़ दिया था। कोई अवरोधक न होने के कारण गूगल मैप भी रास्ते को सही दिखा रहा था। यही कारण था कि हादसा हो गया और तीन लोगों की जान चली गई। इस लापरवाही के लिए सहायक अभियंता मोहम्मद आरिफ व अभिषेक कुमार, अवर अभियंता अजय गंगवार, महाराज सिंह व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डॉल्फिन कंजर्वेशन व उनके पुनर्वास के संबंध में वृहद कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** वन विभाग के तत्वावधान में बांसडीह रेंज अंतर्गत दहताल रेवती के किनारे ग्राम बिशनपुरा ग्राम में खोड़ावीर बाबा मंदिर के प्रांगण में डॉल्फिन कंजर्वेशन और उनके पुनर्वास के संबंध में एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें में मुख्य अतिथि भगवान राय फाउंडर संस्थापक IBRAD कोलकाता आमंत्रित थे। कार्यशाला में उपस्थित विशिष्टजन द्वारा डॉल्फिन पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीवों के पुनर्वास के संबंध में विस्तार से अपने विचार रखे गए। इस मौके पर सत्येंद्र सिंह द्वारा विचार रखा गया एवं कौशल सिंह मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉल्फिन कंजर्वेशन के संबंध में अपने विचार रखे गए। इस दौरान विमल कुमार आनंद प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा कार्यशाला में उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया तथा डॉल्फिन, उसके रहन-सहन, उसके प्रकार और उससे होने वाले नदियों एवं मानव मात्र के लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। उनके द्वारा डॉल्फिन के रख-रखाव बचाव एवं उनके मानव से नजदीकी के संबंध में अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया की डॉल्फिन जिसे आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सोंस के नाम से जाना जाता है। वह उन स्थानों पर निवास करना पसंद करते हैं,जहां प्रदूषण की मात्रा नदियों में नहीं होती है। एक तरह से डॉल्फिन का निवास यह बताता है कि क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा नहीं है या कम है। उनके द्वारा मछुआरों से संवाद कर जागरूक किया गया कि मछलियों को पकड़ते समय कभी -कभी डॉल्फ़िन भी आपके जाल में आ जाती हैं। इस स्थिति में उन डॉल्फिन्स को पकड़े नहीं, वरन उन्हें उनके सुरक्षित प्राकृतवास में छोड़ दें। उन्हें कदापि कोई हानि न होने दिया जाए तथा उनके संरक्षण में योगदान देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवान राय फाउंडर IBRAD कोलकाता द्वारा विधिवत रूप से अपने विचार रखे गए। विद्यालय के बच्चों से संवाद किए गए। प्रकृति के संरक्षण और उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। उनके द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों, बच्चों से संवाद कर प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वचनबद्ध किया गया। प्रोफ़ेशर भगवान राय द्वारा भी उपस्थित मछुआरों से संवाद का जल जीवन के संरक्षण और रखरखाव के संबंध में चर्चा की गई तथा डॉल्फिन संरक्षण के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

# संजय तहसील अध्यक्ष व देवेन्द्र बने महामंत्री



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में महरौनी नगर के ब्लाक सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। संगठन की बैठक दिनेश विदुआ की अध्यक्षता एवं रविशंकर अगरिया व अजय प्रताप सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में उ.प्र.जर्नलिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने संगठन में ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार साथियों से जुड़ने का आह्वान किया। इसी क्रम में रविशंकर अरजरिया ने पत्रकारों के हित मे संगठन के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दौर पत्रकारों को संगठित रहने की मांग करता है। जिससे पत्रकारों पर आई विपत्ति का सामना हम सब मिलकर हल कर सकें। इस दौरान दिनेश विदुआ ने पत्रकारों के मान सम्मान की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस संगठन में पत्रकारों का सम्मान हो, पत्रकारों की आवाज बुलंद हो, पत्रकार पर आई विपत्ति में संगठन कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो, ऐसे उपजा संगठन में हम सभी पत्रकारों को जुडना चाहिए। तदोपरान्त महरौनी तहसील इकाई के गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जिसमें सर्वसम्मति से महरौनी तहसील अध्यक्ष संजय भोंडेले, महामंत्री पद पर देवेंद्र तिवारी का चयन किया गया। तो वहीं सदस्यता प्रभारी शैलेन्द्र नायक, आनंद त्रिपाठी, अजय राजा को एवं मीडिया प्रभारी निशु दुबे को चयनित किया गया। जिला कार्यकारिणी सहित समस्त पत्रकारों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## रेफर किये जाने के दो घंटे तक नहीं मिली एम्बुलेंस, तोड़ा दम

**मथुरा।** नौहझील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीणों द्वारा एक बुजुर्ग साधु को बीमारी के चलते उपचार के लिए भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद साधु को मथुरा रेफर कर दिया। रेफर करने के बाद भी दो घंटे तक एंबुलेंस नहीं मिली। इसी बीच साधु ने दम तोड दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय से एम्बुलेंस की सुविधा मिल जाती तो साधु की जान बच सकती थी। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर सूचना परिजनों को दी, परिजन शव को घर ले गये। 75 वर्षीय बुजुर्ग रामदास पुत्र हरीश निवासी पचहरा हाल पता बाजना साधु हैं। वह पिछले चार पांच दिन से नौहझील में घूम रहे थे और रविवार शाम कस्बा के एक शिव मंदिर पर पहुंचे और मंदिर के चबूतरे पर लेट गये। अचानक उनके सांस की समस्या हुई, ग्रामीण साधु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद साधु को मथुरा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दी,जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरीर पर तैनात थी। रेफर करने के दो घंटे बाद तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमराज सिंह ने बताया कि एंबुलेंस चालक की लापरवाही की शिकायत मिली है।

# भुने चने खाने से परिवार के चार लोगों की हालत बिगड़ी , दो की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बुलंदशहर।** नरसैना थाना क्षेत्र के गांव बरवाला में कलवा अपने परिवार के साथ रहता है। कलवा रविवार की शाम दौलतपुर की एक दुकान से भुने हुए चने खरीद कर आया था। देर रात भुने हुए चनों को परिवार के सभी सदस्यों ने खाया। चने खाते ही परिवार के सभी सदस्यों की तबियत बिगड़ने लगी। कलवा उनकी पुत्रवधु और पौता व पौती शिवानी को खून की उल्टियां होने लगी। चीख पुकार सुनकर मौहल्ले के लोग कलवा के घर पहुंचे और मदद में जुट गए। आनन फानन में लोग परिवार के बाकी तीन सदस्यों को अस्पताल ले गए। रास्ते में कलवा के 7 वर्षीय पौते गोलू की भी मौत हो गई। मृतक कलवा की पुत्रवधु जोगिन्द्री देवी और पौती शिवानी का कस्बे के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

एसडीएम स्याना गजेंद्र सिंह के मुताबिक अब तक दादा पौते की मौत हो चुकी है। परिवार के बाकी दो सदस्यों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नायब तहसीलदार और डीओ फ़ूड सेफ्टी की अगवाई में जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता लग पायेगा। मृतक के रिश्तेदारों के मुताबिक पीड़ित परिवार ने रात में भुने हुए चने का सेवन किया था।

सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी विभाग विनीत कुमार के मुताबिक सूचना के आधार पर मौके पर जांच के लिए टीम रवाना कर दी गई है। टीम में अन्य विभागों के अधिकारी और भी है। संयुक्त रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा की मौत कैसे हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष ने लगाया छवि धूमिल करने का आरोप



**ललितपुर।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष परवेज पठान ने सोमवार को क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय को शिकायती पत्र देते हुये सोशल मीडिया पर उनके नाम की फर्जी सदस्यता रसीद जारी किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने तालबेहट के ग्राम रामपुर निवासी एक युवक का नाम उजागर करते हुये बताया कि वह समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता और वर्तमान में समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष है। बताया कि कुछ लोगों द्वारा उसके नाम पर सत्ता दल की सदस्यता की रसीद बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है, जिससे उसकी छवि लगातर धूमिल हो रही है। उन्होंने तालबेहट के ग्राम रामपुर निवासी एक नामजद युवक पर फेसबुक एकाउण्ट से उनकी रसीद बनायी गयी है। परवेज पठान ने क्षेत्राधिकारी सदर से मामले की गहन जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### योगासन प्रतियोगिता कानपुर में ललितपुर ने तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीते




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश योगासन खेल संघ द्वारा आयोजित योगासन प्रतियोगिता कानपुर में 23- 24 नम्बर 2024 में राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भारत सेवा मंडल व्यायामशाला के होनहार छात्रों ने तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक को जीतकर अपने भारत सेवा मंडल और जनपद का नाम रोशन किया। ललितपुर के आदर्श लोधी (स्वर्ण पदक), अनामिका कुशवाहा (स्वर्ण पदक), विश्वादित्य प्रताप सिंह (स्वर्ण पदक), कशिश कुशवाहा (रजत पदक) विजेता रहे। नेशनल गेम के लिए चयनित हुए। शीघ्र ही नेशनल के लिए उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस उपलब्धि को लेकर श्रीभारत सेवा मंडल व्यायामशाला जगदीश मंदिर के संरक्षक पं.बृजेश चतुर्वेदी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### राखपंचमपुर माइनर को अविलम्ब चालू करने की मांग

**ललितपुर।** जाखलौन पंप कैनाल से निकली राखपंचमपुर माइनर को तत्काल खुलवाये जाने की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी व सिंचाई निर्माण खण्ड को भेजा है। ज्ञापन में ग्राम दैलवारा, जैरवारा, अंधियारी, बूचा, बख्तर, करगन व खुरा ब्लाक जखौरा के किसानों ने बताया कि अपने खेतों में खेती बाड़ी करने के लिए राख पंचमपुर माईनर से अपनी सिंचाई, ऐरावनी कर अपने अपने खेतों में फसल बोते है। किन्तु इस बार उक्त जाखलौन पंप से निकली राख पंचमपुर माईनर की अभी तक चालू नहीं किया गया है, जिस कारण किसानों के खेतों में ऐरावनी, फसल बुबाई नहीं कर पा रहे है। बताया कि किसानों के खेत अभी खाली पड़े हुये है चूंकि किसानों पास आय का साधन मात्र खेती है। इसके अलावा अन्य कोई साधन नहीं है यदि उक्त जाखलौन पंप कैनाल से निकली राखपंचमपुर माईनर को अविलंब चालू नहीं कराया जाता है तो यहां के किसान अपने-अपने खेतो में फसल बोने से वंचित हो जायेंगे, जिससे किसानों के परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेंगे। इसलिए अविलंब उक्त माईनर को चालू कराये जाने की आवश्यक पर बल दिया। ज्ञापन देते समय ब्लाक जखौरा के ग्राम दैलवारा, जैरवारा, अंधियारी, बूचा, बख्तर, करगन, खुरा के भरत सिंह, पर्वत लाल कुशवाहा, राकेश शर्मा, मंगल सिंह यादव, बिहारी लाल अहिरवार, भुवन के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

## युवा यहां कराएं पंजीकरण, प्रधानमंत्री से मिलने का मिल सकता है मौका

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए युवाओं का पंजीयन सोमवार से माय भारत पोर्टल पर प्रारंभ हो गया। देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं के भागीदारी बढ़ेगी । युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

उन्होंने बताया कि पहला चरण में विकसित भारत प्रश्नोत्तरी का होगा। जिसमें मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु की वह भाग लेंगे। दूसरा चरण में निबंध और ब्लॉक लेखन का होगा। तीसरा चरण में विकसित भारत विजन पिच डेस्क राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां होंगी। चौथे चरण में भारत मंडपम पर विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप की विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम का होगा। यह स्पर्धा 11 और 12 जनवरी को होगा। विजेता टीमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

# बाल शिक्षा प्रबंधक समिति के बाल मेला का समापन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बाल शिक्षा प्रबंधक समिति के बाल मेले का समापन चित्रकूट मसानी पर धूमधाम से हो गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पास नशे के सामान की बिक्री को रोकने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हमें सभी विद्यालयों के सहयोग की आवश्यकता है। मथुरा में बाल शिक्षा को सुचारू रूप से संचालन विद्यालय कर रहे हैं। इन विद्यालयों पर जिसके कारण विद्यालय परेशान हो रहे हैं। इस समस्या का निदान के लिए नगर आयुक्त से मिलकर इसका निस्तारण किया जाएगा। अतिथि के रूप में आए नगर शिक्षा अधिकारी बुद्ध सैया ने कहा बाल शिक्षा प्रबंधन समिति कार्य आयोजन नई ऊर्जा को प्रदान करता है कुछ नया करने का उत्साह उत्पन्न होता है इसलिए अगली क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने कहा काफी समय से मैं इस आयोजन में आता रहा हूं। सब विद्यालय वाले अपना सदस्य माने मैं सदैव विद्यालयों के कार्यों के लिए तत्पर रहूंगा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं अध्यक्ष विनीत मौर्य ने अपने उद्बबोदन मे कहा बाल मेले आयोजन करने का हमारा तात्पर्य है कि सभी विद्यालय एक छत के नीचे रहकर आपस में समन्वय स्थापित करें जिससे कि आपस में अच्छे सम्बन्ध स्थापित हो आगे कहा की यू डाइस छात्रों के आधार का होना महत्वपूर्ण है इसलिए विद्यालय अपने बच्चों के आधार बनवाएं इस बाल मेले के समापन में करीब 60 विद्यालयों ने अपनी सहभागिता दिखाइ इस बार मेले में रंगोली प्रतियोगिता, विज्ञान प्रोजेक्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

■ ई-रिक्शा की रूट तथा स्टॉपेज निर्धारित करने का निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कलेक्ट्रेट सभागार अंतर्गत शहर में यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने शहर में यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि कार्ययोजना बनाकर ई-रिक्शा की रूट तथा स्टॉपेज निर्धारित किया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित रूट पर ही ई-रिक्शा चले। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक व अधिशासी अधिकारी को टीम गठित कर अभियान चलाकर माल गोदाम रोड, चित्तू पाण्डेय चौराहा, रेलवे स्टेशन के बाहर एवं कदम चौराहा सहित आदि स्थानों पर सड़कों पर हुए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे ईंट एवं बालू रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सड़क पर वाहन खड़ी पाए जाने पर चालान किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे कहा जाए की वे सामान सड़क पर न लगाएं, अपने दुकान के अंदर ही रखें। सामान की लोडिंग व अनलोडिंग के लिए भी समय निर्धारित किया जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन अधीक्षक से वार्ता कर स्टेशन के बाहर यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को रेलवे स्टेशन के बाहर जल- जमाव को निस्तारित कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी को वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश दिए। कहा कि लोगों को जागरूक किया जाए कि वे सड़क पर अपने वाहन न खड़ा करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक कृपाशंकर, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर गौरव कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार राय, अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पत्नी ने घर के जेवर बेच कर दी पति की सुपारी

■ पुलिस ने युवक की हत्या में पत्नी सहित चार को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत नगला माना में 22 नवम्बर की रात को युवक की गोली मारकर हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी और तीन अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिल कर हत्या की योजना बनाई। हत्या के लिए 17 हजार रुपये घर के जेवर बेच कर सुपारी दी और हत्या के बाद आठ लाख रुपये और देने का वायदा किया था। इस संबंध में पुलिस थाना हाईवे पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अजय पुत्र मंगल सिंह निवासी मेघपुर थाना फरह हाल निवासी तारौली थाना छाता, पवन कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी तरौली सुमाली थाना छाता, कुनाल पुत्र देशराज सिंह निवासी हाथिया थाना बरसाना हाल निवासी कृष्णा आर्चिड थाना हाईवे जनपद मथुरा को इंडस्ट्रियल एरिया थाना हाईवे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जबावी पुलिस फायरिंग में अजय पुत्र मंगल सिंह निवासी मेघपुर थाना फरह जनपद मथुरा हाल निवासी तारौली थाना छाता जनपद मथुरा घायल हुआ व दो अन्य अभियुक्ति गिरफ्तार हुए तथा मृतक की पत्नी को नगला माना से गिरफ्तार किया गया है।

**पुलिस ने ये किया खुलासा**

मृतक उमेश की पत्नी के अपने पति से सम्बन्ध खराब होने एवं पत्नी के विवाह के बाद भी अन्यत्र सम्बन्ध होने के कारण दोनों में मारपीट, झगड़ा होता रहता था जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने अपने प्रेमी पवन से मिलकर अपने पति उमेश की हत्या की योजना बनाई। उमेश की हत्या की सुपारी दी गई तथा हत्या से पूर्व अपने घर से चांदी के जेवरात अजय को दिये। अजय ने चांदी के जेबरात को 17 हजार रुपये में बेच दिया तथा उमेश की मृत्यु के बाद पत्नी द्वारा जायदाद बेचकर सुपारी के आठ लाख रुपये अजय व उसके साथियों को देना बताया। सुपारी के पश्चात 18 नवम्बर को रेकी की और 22 नवम्बर की रात को हत्या की घटना को अंजाम दे दिया। इस बीच मृतक की पत्नी अपने भाई के फोन से पति की लगातार लोकेशन लेती रही।

# संभल की घटना पर कांग्रेसियों का मौन प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के द्वारा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संभल में हुई पुलिस फायरिंग और हिंसा में चार लोगों की मौत के विरोध में सिविल लाइन स्थित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष मौन रखकर प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की मोदी, योगी सरकार सांप्रदायिकता को बढ़ा रही है। अभियान चलाकर लोगों को टारगेट कर रही है। लगातार सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर भाई से भाई, जाति को जाति से लड़ाने का कार्य कर रही है। इसी की परिणति में प्रदेश के संभल जिले में हुई घटना इस बात का जीता जागता प्रमाण है। पुलिस की फायरिंग में मारे गए चार लोगों की घटना का हम विरोध करते हैं। वक्ताओं ने इस प्रकरण की जल्द से जल्द न्यायिक जांच कराने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तो हमेशा से सांप्रदायिकता की नीति रही है, सांप्रदायिक दंगे कराना और बवाल कर राजनीतिक रोटी सेकना ही इनका काम है। धरने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष जिला पदाधिकारियों के द्वारा दो मिनट का मौन रख मृत लोगों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# संभल हिंसा की आल इंडिया पसमांदा मुसिलम महाज ने की निंदा

अवधनामा संवाददाता

■ ऐसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक प्रक्रिया का निष्पक्ष होना जरूरी

**लखनऊ।** संभल में सदर शाही मस्जिद को हरिहर मंदिर घोषित करने और मुस्लिम पक्ष को बगैर सुने सर्वे प्रक्रिया किए जाने के कारण उत्पन्न विवाद में हुई हिंसा में तीन लोगों की मृत्यु और पुलिसकर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज इस घटना की घोर निंदा करता है और मृतकों के परिजनों व घायलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। साथ ही, महाज शांति, सौहार्द, और न्याय की अपील करता है।

ऐसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक प्रक्रिया का निष्पक्ष और पारदर्शी होना अति आवश्यक है। बिना सभी पक्षों को सुने किसी भी निर्णय पर पहुंचना न्याय और कानून के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। हालांकि, न्यायिक प्रक्रिया का विरोध संविधान सम्मत और शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए था। जो लोग हिंसा या उकसावे के लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, पुलिस को भी संयम और निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए था। महाज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान का समर्थन करता है, जिसमें उन्होंने कहा था, 'हर मस्जिद में शिवलिंग और मंदिर तलाशना उचित नहीं है।' ऐसे संतुलित और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण समाज में सौहार्द और संवाद को बढ़ावा देते हैं।

संगठन ने कहा हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। यह घटना उन तत्वों की साजिश हो सकती है, जो समाज में नफरत और विभाजन फैलाना चाहते हैं। महाज सभी समुदायों से संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील करता है। धार्मिक स्थलों से जुड़े विवादों के स्थायी समाधान के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाई जानी चाहिए, जो न्याय और पारदर्शिता पर आधारित हो। यह नीति देश में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द को बनाए रखने में सहायक होगी।

संगठन ने कहा घटना की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, जिससे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके चाहे वे किसी भी समुदाय से हों। साथ ही प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान की जाए।

सामाजिक संगठन और धार्मिक नेता सभी समुदायों के बीच संवाद स्थापित कर शांति और सहिष्णुता का संदेश फैलाएं ताकि समाज को विभाजित करने वाले तत्वों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हों।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का मानना है कि धर्म का असली उद्देश्य मानवता, एकता, और शांति को बढ़ावा देना है। संभल की घटना यह चेतावनी देती है कि समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसे विवादों के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। महाज सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे संयम बरतें और देश में शांति और सौहार्द बनाए रखने में अपना योगदान दें।

# नपा बालिका इण्टर कॉलेज में छात्राओं को बताए यातायात नियम



अवधनामा संवाददाता

■ नियमों का पालन करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : आलोक तिवारी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज रावरपुरा में छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। टीएसआई आलोक कुमार तिवारी ने छात्राओं से बताया कि 18 वर्ष पूर्ण होने पर पहले लाइसेंस बनवाना फिर वाहन चलाना, सड़क पर स्टंट न करना,सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना, डिजी लाकर ऐप में प्रपत्र रखना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अविलंब मदद करना, हिट एंड रन के मामले में मिलने वाली आर्थिक मदद, आदि के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जरूरतमंदों को हेलमेट और नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गए और प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए 226 वाहनों का, बिना सीट बेल्ट 16 वाहनों का, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए 11 वाहन, बिना बीमा के वाहन चलाते हुए 31 वाहनों का, नो पार्किंग के 33, मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठा कर चलने वाले 53 वाहनों का चालान करते हुए अन्य एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में 27 वाहनों का चालान किया गया।

# मौलाना मदनी द्वारा बुलाई गई रैली को पसमांदा मुसलमानों ने नकाराः बक्खो

■ सरकार वक्फ बोर्ड में पसमांदा मुसलमानों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करें : परवेज आलम अंसारी

अवधनामा संवाददाता




**पटना।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक फुलवारी शरीफ मिलकी मोहल्ला स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नसीम अनवर ने की तथा संचालन मोहम्मद शब्बीर अंसारी ने की।

सभा को संबोधित करते हुए बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली प्रभारी रियाजुद्दीन बक्खो ने कहा कि मौलाना अरशद मदनी द्वारा बुलाई गई रैली को पसमांदा मुसलमानों ने नकार दिया। करोड़ों रूपये खर्च करने और वक्फ एक्ट को धार्मिक मुद्दा बनाने के बाद भी रैली में भीड़ इकट्ठा न हो सकी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महाज स्वागत करता है कि इस रैली में न आकर आपने पसमांदा मुसलमानों का साथ दिया है तथा उप चुनाव में आपके नेतृत्व में चारों सीटों को जीतने पर बधाई एवं स्वागत करता है।

सभा को संबोधित करते हुए मो. परवेज आलम अंसारी ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड में पसमांदा मुसलमानों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करें ताकि उसकी आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार हो सके। वक्फ बोर्ड में आजादी के बाद से अभी तक अशराफ मुसलमानों का कब्जा रहा है। जबकि वक्फ बोर्ड का सिर्फ और सिर्फ पसमांदा, गरीब, मजलूम और बेवाओं का हक बनता है। सीवान से आये शमसुल हक अंसारी ने कहा कि महाज 2025 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी दिसम्बर माह से जन जागरण अभियान चलाकर पसमांदा मुसलमानों को अपने वोट के अधिकार को लेकर जागरूकता अभियान चलायेगा ताकि सामन्तीवादी मुसलमानों और अशराफ मुसलमानों के बहकावे में न आयें। सभा को संबोधित करने वालों में शमीम अख्तर, इकबाल कादरी, मोहम्मद रजा, मुजफ्फर हुसैन इत्यादी लोग थे।

# पर्थ टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दी 295 रनों से मात

टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाय को 295 रनों से हराकर 5 मैचों की सीरीज में शानदार शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले भारत को जिस तरह न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर हार का मुंह देखना पड़ा उसके बाद इस तरह का कमबैक भारत के लिए बेमिसाल है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरू होने से पहले ही टीम इंडिया को कई बुरी खबरें मिली थीं। जहां टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को भी वॉर्म अप मैच के दौरान चोट लग गई थी। अनुभवी तेज गेंदबाज शमी भी चोट के कारण दौरे के लिए नहीं चुने गए थे। तो प्लेइंग इलेवन में रविंद्र जडेजा और अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर भी नहीं थे। इसके बावजूद भारत ने पर्थ में



ऐतिहासिक जीता हासिल की।

वहीं टीम इंडिया के जीत में सबसे अहम भूमिका कप्तान जसप्रीत बुमराह ने निभाई। बुमराह ने 8 विकेट लेकर गेंदबाजी से तो कमाल किया ही साथ ही कप्तानी से भी जीत में अहम रोलि निभाया। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का उनका ही फैसला था जो कि सही साबित हुआ। उन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को रोटेट किया और सही समय पर दूसरा पारी घोषित की।

साथ ही इस मैच में टीम इंडिया की तरफ से युवा खिलाड़ियों ने बखूबी जिम्मेदारी निभाई। यशस्वी जायवाल ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए केएल राहुल के साथ टीम को मजबूत करने के लिए बेजोड़ पार्टनरशिप की। तो हर्षित राणा और नितीश रेड्डी को भी इस मैच के लिए डेब्यू का मौका मिला। जिन्होंने खुद को शानदार प्रदर्शन के बलबूते साबित किया।

हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी दोनों ही पहले टेस्ट में बेहद प्रभावी रहे। जहां हर्षित राणा ने ट्रेविस हेड जैसे बेहतरीन बल्लेबाज को पवेलियन भेज कर टीम इंडिया को मजबूती दिलाई। तो नीतीश रेड्डी ने अपे डेब्यू में पर्थ जैसे तेज और उछाल वाली विकेट पर गजब का जिगरा दिखाया।

इसके अलावा टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का फॉर्म में लौटना भी जीत का अहम कारण रहा। लंबे समय से शतक के लिए तरस रहे कोहली ने पर्थ में दूसरी पारी में शतक ठोक कर ना सिर्फ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई बल्कि उन्होंने अपने आलोचकों का भी मुंह बंद करने का काम किया।

# किशन को खरीदना हमारे लिए बड़ा करार लेकिन नटराजन की भरपाई नहीं को सकती : विटोरी

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी आईपीएल की बड़ी नीलामी के पहले दिन इशान किशन को अपने साथ जोड़कर सबसे ज्यादा उत्साहित थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि टी नटराजन का दिल्ली कैपिटल्स के पास जाना उनके लिए नुकसान था। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले किशन को रविवार को सनराइजर्स ने 11 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीदा। बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए यह साल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलने के बोर्ड के आदेश की अवहेलना करने के कारण भारतीय टीम में अपनी जगह के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का केंद्रीय अनुबंध भी खो दिया। हालांकि उनकी रणजी ट्रॉफी में वापसी हुई है।

सनराइजर्स ने नीलामी के पहले दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (10 करोड़ रुपये) और हर्षल पटेल (आठ करोड़ रुपये) सहित आठ खिलाड़ियों को खरीदा। हालांकि वे टी नटराजन को वापस नहीं खरीद पाए और विटोरी ने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के नुकसान की भरपाई कोई नहीं कर सकता। नीलामी से पहले सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और नितीश रेड्डी सहित पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया था।

विटोरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा नट्टू (नटराजन)



के जाने की भरपाई कोई नहीं कर सकता (मुस्कुराते हुए)। हर टीम इससे गुजरती है, चाहे आप खिलाड़ियों को जल्दी से जल्दी खोजने की कोशिश करें और मौकों पर झपटें या फिर आप आखिरी मौके का इंतजार करें। नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा। विटोरी ने कहा हमने आज मौका मिलने पर उसे अपने पक्ष में करने का फैसला किया और मोहम्मद शमी उनमें से एक थे और फिर हर्षल पटेल, वे दो ऐसे खिलाड़ी थे जिनके बारे में हमने सोचा भी नहीं था कि वे इन कीमतों (कम कीमत) पर बिकेंगे। उन्होंने कहा, और फिर इशान किशन हमारे लिए बहुत बड़ी डील थी। हम उसे अपने साथ जोड़ना चाहते थे और हमें लगा कि वह अधिक कीमत पर बिकेगा। इसलिए इन तीन खिलाड़ियों और बाकी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने की खुशी है। विटोरी भारत के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए कोचिंग की अपनी जिम्मेदारी से समय निकालकर नीलामी के लिए आए हैं। विटोरी ने कहा कि चुने गए खिलाड़ियों से कप्तान कमिंस सहमत हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर ने कहा, ''हां, हां (कमिंस से सुझाव) मिले थे। आज रात कप्तान दुखी था (पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के पीछे रहने का जिक्र करते हुए), उसके लिए एक कठिन दिन था। मैंने आज (रविवार) सुबह उससे बात की और उसने उन खिलाड़ियों के तर्क को समझा जिन्हें हमने चुना था और फिर उसके पास बाकी टीम को तैयार करने के लिए कुछ विचार थे।

# विराट-अनुष्का के लिए बीसीसीआई ने बदला था ये नियम, रवि शास्त्री ने किया बड़ा खुलासा

टीम इंडिया ने भले ही पर्थ टेस्ट जीत लिया है। लेकिन इस टेस्ट में कई कमाल देखने को मिले, इन्हें में से एक कमाल विराट कोहली द्वारा लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ना भी था। वहीं कोहली ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम पर शतक ठोका और फिर अपने पुराने अंदाज में बैट से फ्लाइंग किस किया। हालांकि, उनका ये फ्लाइंग किस 2014-15 के ऑस्ट्रेलिया दौरे से काफी अलग था। उस दौरान विराट ने अपनी सेंचुरी आक्रामकता के साथ सेलिब्रेट की थी। लेकिन अब वो परीपक्व हो गए हैं सेंचुरी लगाने के मामले में। भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कोहली को लेकर एक बड़ा खुलासा किया।



दरअसल, शास्त्री ने विराट के इस फ्लाइंग किस सेलिब्रेश को याद करते हुए 2015 के ऑस्ट्रेलिया दौरे का एक किस्सा सुनाया, जिसमें विराट ने अनुष्का को साथ आने की बात कही थी, लेकिन साथ ही बताया था कि बीसीसीआई सिर्फ बीवी को साथ ले जाने की अनुमति देता है।

रवि शास्त्री ने पर्थ टेस्ट के चौथे दिन कहा कि, मुझे याद है कि जब 2015 में कोच, विराट कोहली की तब शादी नहीं हुई थी, वह अनुष्का को उस दौरान डेट कर रहे थे। तब वह मेरे पास आए थे और कहा था कि सिर्फ बीवियों को साथ ले जाना अलाउड है, क्या मैं अपनी गर्लफ्रेंड को साथ ला सकता हूं? मैंने उनसे कहा हां क्यों नहीं। तो उन्होंने मुझसे कहा कि बोर्ड इसकी इजाजत नहीं दे रहा है। मैंने फिर फैसला लिया और वह (अनुष्का) साथ आई और वह कोहली से जुड़ीं और पहले ही मैच में जो बॉक्सिंग डे टेस्ट था, उसमें विराट ने 160 रन बनाए और तब ऐसा ही कुछ हुआ था, उसने बैट से फ्लाइंग किस दिया था। तो अनुष्का जो हैं वह विराट के लिए बुहत अच्छा सपोर्ट रही हैं।

# नितीश राणा आईपीएल नीलामी में हुआ नुकसान, राजस्थान रॉयल्स ने 4.20 करोड़ में खरीदा



आईपीएल 2025 ऑक्शन में स्टार ऑलराउंडर नितीश राणा को राजस्थान रॉयल्स ने 4.20 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। नीतीश राणा ओपनिंग और मिडिल ऑर्डर दोनों ही क्रम में बल्लेबाजी करने में माहिर हैं उन्हें खरीदने के लिए सबसे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने दिलचस्पी दिखाई। वहीं सीएसके के बाद राजस्थान रॉयल्स और आरीसीबी की टीम मुकाबले में उतरी। थोड़ी देर बाद सीएसके ने खुद को बोली से अलग कर लिया और फिर आखिर में अपनी टीम के साथ जोड़ लिया। बता दें कि नीतीश राणा ऑक्शन में 1.50 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ उतरे थे। फिलहाल, नीतीश के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्हें केकेआर के अलावा मुंबई इंडियंस के लिए भी खेलते हुए देखा गया है। उन्हें आईपीएल 2024 में सिर्फ 2 मैच ही खेलने का मौका मिला। अब तक उन्होंने 107 मैच खेले हैं इसमें 101 पारियों में 28.65 की औसत से 2,636 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 18 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 87 रन रहा है। नीतीश ने 135.04 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। आईपीएल 2025 में ये खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

# भुवनेश्वर कुमार के लिए भिड़ी तीन टीमें, अब विराट कोहली के साथ आरसीबी में खेलेंगे भुवी

आईपीएल मेगा ऑक्शन के दूसरे दिन गेंदबाजों की काफी डिमांड देखने को मिली। अनुभवी भारतीय गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आरसीबी ने 10.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। दरअसल, भुवी को लेकर तीन टीमों के बीच गहमा-गहमी देखने को मिली। उनके लिए तीन टीमों ने एक के बाद एक बोली लगाई और दो करोड़ की बेस प्राइस देखते ही देखते आठ करोड़ के ऊपर पहुंच गई। आखिर में आरसीबी को कामयाबी मिली और उन्होंने उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया।

भुवनेश्वर कुमार के लिए पहली बोली मुंबई इंडियंस ने लगाई। इसके तुरंत बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम भी



नीलामी में कूद पड़ी। लखनऊ सुपर जायंट्स टीम बोली को 10 करोड़ रुपये तक ले गई। इसके बाद मुंबई थोड़ी रुकी, हालांकि, उन्होंने बोली को बढ़ाकर 10.50 कर दिया। इसके बाद आरसीबी की टीम ने 10.75 करोड़ रुपये की बोली लगाई। यही भुवनेश्वर कुमार के लिए बोली रही और वह आरसीबी का हिस्सा बन गए।

भुवनेश्वर पिछले साल 2025 तक सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते थे। लेकिन इस बार हैदराबाद ने उन्हें रिलीज कर दिया। वहीं नीलामी में भी हैदराबाद ने उनमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसके बाद वह आरसीबी के खेमे में आ गए। हालांकि, भुवी के हैदराबाद से जाने के बाद के फैंस उन्हें काफी मिस कर रहे हैं।

# दिलजीत दोसांझ और शराब का सिलसिला जारी! महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने पुणे कॉन्सर्ट के लिए शराब परमिट रद्द किया

शराब की समस्या और दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट आजकल साथ-साथ चल रहे हैं। तेलंगाना सरकार के नोटिस के बाद अब महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने रविवार को पुणे के कोथरुड इलाके में अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में शराब परोसने का परमिट रद्द कर दिया। कोथरुड से हाल ही में चुने गए भाजपा विधायक चंद्रकांत पाटिल सहित कई स्रोतों से कार्यक्रम में शराब परोसने की योजना का विरोध होने के बाद विभाग ने परमिट रद्द कर दिया।

राज्य आबकारी आयुक्त सी राजपूत ने कहा, राज्य आबकारी विभाग ने कार्यक्रम के दौरान शराब परोसने की अनुमति रद्द कर दी है। विधायक पाटिल ने कोथरुड के काकड़े फार्म में उस शाम होने वाले कॉन्सर्ट पर आपत्ति जताई। एक बयान में, भाजपा नेता ने दावा किया कि इस तरह के प्रदर्शन शहर के लिए सामान्य नहीं हैं। इससे स्थानीय आबादी काफी परेशान होगी। कार्यक्रम के कारण यातायात में भी देरी होगी। इसलिए मैंने शहर के पुलिस आयुक्त से कार्यक्रम रद्द करने की अपील की है।

यह ध्यान देने वाली बात है कि दिलजीत दोसांझ, जो इस समय अपने दिल-लुमिनाती टूर के लिए



भारत में हैं, को शुक्रवार 15 नवंबर को हैदराबाद में होने वाले उनके कॉन्सर्ट से पहले तेलंगाना सरकार से नोटिस मिला है। नोटिस में पंजाबी गायक को ड्रग्स, शराब या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने न गाने के लिए कहा गया है। यह निर्देश चंडीगढ़ के पंडितराव धरेनावर के प्रतिनिधित्व के बाद दिया गया है, जिन्होंने हाल ही में दिलजीत द्वारा ड्रग्स, शराब और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने गाए जाने का वीडियो सबूत पेश किया था। नोटिस में उन्हें अपने शो के दौरान बच्चों का इस्तेमाल न करने की चेतावनी भी दी गई है। हैदराबाद और लखनऊ कॉन्सर्ट के दौरान दिलजीत ने शराब गाने के विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेता-गायक ने विदेशी बनाम भारतीय कलाकारों के साथ व्यवहार में दोहरे मानकों की ओर इशारा करते हुए कहा कोई बाहर से कलाकार आएगा वो जो मर्जी गा के जाए, जो मर्जी करे कोई टेंशन नहीं है। लेकिन अपना कलाकार घर आ रहा है, हमें त्वानु परेशानी, तांग अदानी है। पर मैं भी एक बात बता दूं, एह दोसांझ आला बुग्गे, एह नी चढ़ता।

# बिग बॉस फेम सना खान दूसरी बार बनने जा रहीं मां, पति अनस सैयद के साथ प्रेग्नेंसी की घोषणा की

बिग बॉस फेम और अभिनेत्री सना खान ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास वीडियो के साथ अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। अपने इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की, जिसमें लिखा था, अल्लाह की दुआ से, हमारा तीन लोगों का परिवार खुशी-खुशी चार हो गया है। अल्हम्दुलिल्लाह! एक छोटी सी दुआ आने वाली है। सैयद तारिक जमील बड़े भाई बनने के लिए उत्साहित हैं। प्यारे अल्लाह, हम अपने नए आशीर्वाद का स्वागत करने और उसे संजोने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। हमें अपनी दुआओं में शामिल रखें। अल्लाह हमारे लिए यह आसान बनाए।

वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, अल्हम्दुलिल्लाह। या अल्लाह, मुझे अपनी (शक्ति) से एक अच्छी संतान प्रदान करें। वास्तव में, आप ही प्रार्थना सुनने वाले हैं। हे मेरे अल्लाह हमें हमारे जीवनसाथी और हमारे बच्चों से आँखों को सुकून प्रदान करें और हमें ईश्वर से डरने वालों का मुखिया बनाएँ। केवल अल्लाह के पास ही ऐसा उपहार देने



की शक्ति है और वह ईमानदारी से की गई प्रार्थनाओं के प्रति अपनी जवाबदेही की पुष्टि करता है। हमें एक ऐसे परिवार का आशीर्वाद दें जो न केवल संख्या में बल्कि गुणों में भी प्रचुर हो। अल्लाह हमारी प्रार्थनाओं को स्वीकार करे और हम सभी के लिए इसे आसान बनाए।

अनजान लोगों के लिए, सना खान ने 2020 में एक निकाह समारोह में एक मुस्लिम विद्वान और व्यवसायी, अनस सैयद से शादी की। दंपति ने 2023 में अपने पहले बच्चे, एक लड़के का स्वागत किया और उसका नाम सैयद तारिक जमील रखा। अभिनेत्री ने अनस से शादी करने के तुरंत बाद शोबिज छोड़ दिया और अध्यात्म की राह पर चल पड़ीं।

# रणबीर कपूर ने राज कपूर फिल्म महोत्सव की घोषणा की



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर ने अपने दादा और दिग्गज फिल्म निर्माता राज कपूर की जन्मशताब्दी के मौके पर दिसंबर में देश भर में एक फिल्म महोत्सव आयोजित करने की रविवार को घोषणा की। इस फिल्म महोत्सव में राज कपूर की पुरानी हिट फिल्में दिखाई जाएंगी। रणबीर यहां 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में फिल्म निर्माता राहुल रवैल के साथ बातचीत कर रहे थे। यह महोत्सव 14 दिसंबर को राज कपूर की 100वीं जयंती से पहले उनके सम्मान में आयोजित किया गया था।

अभिनेता ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) और फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन (एफएचएफ) तथा उनके चाचा कुणाल कपूर ने राज कपूर की 10 फिल्मों को एचडी प्रारूप में परिवर्तित करना शुरू कर दिया गया है। रणबीर ने यहां कला अकादमी के खचाखच भरे सभागार में कहा, हम 13 से 15 दिसंबर तक पूरे भारत में राज कपूर फिल्म महोत्सव का आयोजन करने जा रहे हैं। हम राज कपूर की 10 फिल्मों का परिवर्तित संस्करण दिखाएंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप लोग भी आएंगे (फिल्म महोत्सव देखने के लिए)। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार आलिया से मिला था तो उसने मुझसे पूछा था 'किशोर कुमार कौन हैं?' यह जीवन का चक्र है, लोग भूल जाते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी जड़ों को याद रखें।

# नागा चैतन्य ने कम समय में इंडस्ट्री में बनाई पहचान, पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं अभिनेता

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस अभिनेता नागा चैतन्य आज यानी की 23 नवंबर को अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज ही के दिन यानी की 23 नवंबर 1986 को हैदराबाद में नागा चैतन्य का जन्म हुआ था। काफी कम समय में उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई और आज के समय में वह साउथ इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। नागा चैतन्य उन अभिनेताओं की लिस्ट में शामिल हैं, जिनके होने मात्र से ही फिल्म हिट हो जाती है। वहीं न सिर्फ अपनी प्रोफेशनल लाइफ बल्कि वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं, तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर अभिनेता नागा चैतन्य के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

बता दें कि नागा चैतन्य के फिल्मी करियर में ये माया चेसावे फिल्म बहुत बड़ी हिट रही थी। यह एक रोमांटिक





ड्रामा फिल्म थी। हालांकि नागा चैतन्य ने फिल्म जोश से इंडस्ट्री में एंट्री की थी। लेकिन उन्हें असली पहचान फिल्म ये माया चेसावे से मिली थी। इस फिल्म को गौतम वासुदेव ने निर्देशित किया था और इसमें अभिनेता के अपोजिट सामंथा रुथ प्रभु थीं। इसके अलावा अभिनेता ने सहसम स्वसगा सगीपो, लव स्टोरी, मनम, प्रमेम आदि फिल्मों में काम किया है।

अभिनेता की मुलाकात साल 2009 में आई फिल्म 'ये माया चेस्वे' के सेट पर सामंथा रुथ से हुई थी। इस दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने बहुत प्यार दिया था। लेकिन उस दौरान सामंथा और नागा किसी और को डेट कर रहे थे। लेकिन फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। इसके बाद साल 2014 में दोनों ने फिल्म सूर्या में काम किया था। इस दौरान दोनों की दोस्ती काफी बढ़ गई थी।

फिर साल 2016 में नागा चैतन्य और सामंथा रूथ प्रभु की बीच नजदीकियां और बढ़ गई। वहीं नागा ने सामंथा को वेकेशन पर प्रपोज कर दिया। सामंथा ने अभिनेता के प्रपोजल को स्वीकार कर लिया और रिश्ता आगे बढ़ गया। फिर साल 2017 में दोनों ने शादी कर ली और अपने रिश्ते को एक नया नाम दे दिया।ऑनलाइन फ़िल्म स्ट्रीमिंग सेवाएं नागा और सामंथा की जोड़ी को सभी काफी ज्यादा पसंद करते थे। लेकिन साल 2021 को इस जोड़ी को नजर लग गई और दोनों ने अलग होने का फैसला ले लिया। इनके अलग होने की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। वहीं नागा चैतन्य और सामंथा ने आपसी सहमति से 02 अक्तूबर 2021 को तलाक ले लिया।

# संभल हिंसाः कॉग्रेस कमेंटी ने किया प्र्रर्दशन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जनपद संभल मे हुई हिंसा जिसमे पुलिस की गोली लगने से कई लोगो की मौत हुई।जिसकी जिम्मेदारी सरकार की है इसके विरोध में आजमगढ़ कॉग्रेस द्वारा शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम के नेतृत्व में गांधी जी की प्रतिमा स्थल पर बैठ कर मौन धारण कर धरना दिया गया !ष्बटेंगे तो कटेंगे का निंदनीय नारा देने वाले आदित्यनाथ के राज्य में उत्तर प्रदेश का कोई नागरिक सेफ नहीं है कल संभल की बेहद संवेदनशील और गंभीर घटनाओं से पता चलता है संभल में जिस तरह से प्रदर्शनकारियों पर सीधे फायरिंग करने की वीडियो सामने आए हैं वह मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और भाजपा आरएसएस की सोची समझी साजिश का दुष्परिणाम है पश्चिमी उत्तर प्रदेश जो सालों से सद्भावना और सौहार्द का प्रतीक रहा है। वहां एक-एक षड्यंत्र के तहत तीन लोगों की जान ली गई और सैकड़ो लोग घायल हुए! हम पूरी जिम्मेदारी के साथ कहते हैं कि मृतकों की जान आदित्यनाथ प्रशासन ने ही ली है और संभल के भाईचारे को आग लगाने के लिए केवल भाजपा आरएसएस ही कसूरवार है अल्पसंख्यक समाज को दूसरे दर्जे के नागरिकों की तरह देखने वाली मोदी योगी की सरकार ने आनंन-फानन में कोर्ट में याचिका दाखिल कराई ये सार्वजनिक है कि प्रशासन की पूरी तैयारी थी कि किसी तरह संभल और संभल के जरिए उत्तर प्रदेश का माहौल खराब किया जा सके इससे पहले बहराइच में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान शहर को दंगाई तत्वों के हवाले कर दिया गया था। इस पूरे मामले में भाजपा ना तो सर्वे करवाना चाहती थी ना ही रोकना उसका उद्देश्य केवल भाईचारा खत्म करना था सर्वे टीम के साथ नारा लगाते हुए जाने वाले साम्प्रदायिक तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं करना यह स्पष्ट करता है। कि प्रदेश के उपचुनावों के बाद योगी सरकार ने हिंसा और घृणा की राजनीति को और तेज कर दिया है पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि इस हिंसा में कई निर्दोष लोगों का जान गई है और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। भाई भाई में दोष फैलाना और साम्प्रदायिक आग लगाना यह बीजेपी आरएसएस का डीएनए है उनके रग रग में बसा है एक ओर मोदी जी द्वारा खोखला नारा दिया जाता है एक है तो सेफहै दूसरी तरफएक समुदाय को दूसरे समुदाय के बीच धर्म को ढाल बनाकर दीवार खड़ा करना और लोगों की जान लेना कौन सी एकता का संदेश है उत्तर प्रदेश में लगातार धार्मिक आधार पर समाज को निशाना बनाया जाना केवल तुच्छ और ओछी राजनीति है नजम ने कहा कि संभल की घटना बेहद ही निंदनीय है पुलिस की गोली से मारे गए लोगों को हम सभी शहीद का दर्जा देते हैं और उन शहीदों को खिराजे अकीकत पेश करते हैं और उत्तर प्रदेश शासन से मांग करते हैं कि मृतकों के परिवार को मुआवजा दिया जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और 302 का मुकदमा दर्ज किया जाए और सर्वे टीम के साथ सांप्रदायिक नारा लगाते हुए जो लोग आए थे जिनकी वजह से माहौल खराब हुआ उन पर भी एफआईआर दर्ज कर एनएसए लगाया जाए।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरुक



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओंध्बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के दृष्टि आज जनपद आजमगढ़ के समस्त थानो में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीयध्राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/ चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं और छात्राओं को जागरुक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा आजमगढ़ के तत्वाधान में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय प्रतिभा निकेतन एटलस टैंक के सभागार में एक सरस कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ। कवि गोष्ठी का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित हरिहर पाठक ने किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर शशी भूषण प्रशांत तथा विशिष्ट अतिथि डॉ संजय कुमार पांडे मंडल संयोजक उत्तर प्रदेश साहित्य सभा थे। कार्यक्रम की आयोजिका डॉक्टर आशा सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश साहित्य सभा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव दानिश ने समस्त आगंतुकों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। तत्पश्चात काव्य गोष्ठी आरंभ हुई और करीब दो दर्जन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध रखा कार्यक्रम में विशेष रूप से रुद्रनाथ चौबे रुद्र, राजकुमार आशीर्वाद ,सुरेंद्र सिंह चांस, इंदु श्रीवास्तव ,मोनिका शर्मा, शालिनी राय, घनश्याम यादव ,आदित्य आदमी, संतोष कुमार पांडे, संदीप कुमार राय, शशि शर्मा ,सुशील कुमार चौबे, हर्षित उपाध्याय, रितेश पांडे की उपस्थित सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालक उत्तर प्रदेश साहित्य सभा आजमगढ के संयोजक विजयेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव ने किया।

### इकलौते पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**आजमगढ़।** जनपद के जहानागंज ब्लॉक के पूर्व प्रमुख व करऊत ग्राम सभा प्रधान हरिकृष्ण चौबे उर्फ बहादुर चौबे के इकलौते पुत्र 31 वर्षीय दीपक चौबे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह सोमवार की रात करीब एक बजे अपनी बेन्यू गाड़ी से घर जा रहे थे कि रामपुर चन्द्रशेखर स्मारक ट्रस्ट के पास गाड़ी के आमने अचानक एक पशु आ गया, जिसको बचाने के चक्कर में गाड़ी पेड़ से जा टकराई। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि दीपक चौबे घर के इकलौता पुत्र था, घटना से परिजनों को रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### निर्माणाधीन जिला कारागार हेतु गठित तकनीकी प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माणाधीन जिला कारागार हेतु गठित तकनीकी प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्माण में आ रही अवरोधको की समीक्षा की। अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड लो.नि.वि वाराणसी ने अवगत कराया कि निर्माण कार्यस्थल पर कुछ भागों पर पक्के मकान, कच्चे मकान, भमि मुआवजा, वृक्ष एवं विद्युत पोल अवरोधक बने है, जिसे कार्यस्थल से विस्थापित किए जाने की आवश्यकता है, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग, वन विभाग सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान,ज्वांइट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, उपजिलाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अभिनव मिश्र को एबीवीपी में मिली अहम जिम्मेदारी



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन, गोरखपुर में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र अभिनव मिश्र को अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद का सदस्य और केंद्रीय मीडिया टोली का सदस्य बनाया गया है। वर्तमान में अभिनव प्रांत मीडिया संयोजक, काशी प्रांत के दायित्व पर हैं साथ ही इस गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें यह दायित्व दिया गया है। एबीवीपी का यह राष्ट्रीय अधिवेशन 22 से 24 नवंबर को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था, जिसके अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अभिनव मूलतः कुण्डा, प्रतापगढ़ के निवासी हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### मुक्त विश्वविद्यालय में शिल्प प्रदर्शनी 28 को

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं 101 वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में 28 नवम्बर को प्रातः 10:00 बजे से 5:00 तक विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह के सामने प्रांगण में शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र के प्रभारी प्रोफेसर श्रुति ने बताया कि उक्त प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### मुविवि में संविधान दिवस पर होगा प्रोफेसर एम पी दुबे की पुस्तक का विमोचन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में मंगलवार 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान एवं दलित मुक्ति विषय पर व्याख्यान का आयोजन सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पूर्वाहन 11:30 बजे सुनिश्चित किया गया है। व्याख्यान के मुख्य अतिथि प्रख्यात संविधान विशेषज्ञ प्रोफेसर एम पी दुबे, पूर्व कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय होंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर दुबे कृत पुस्तक धर्मनिरपेक्ष भारतः आजादी से अमृत काल तक का विमोचन किया जाएगा। अध्यक्षता मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। व्याख्यान के संयोजक डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य वक्ता प्रोफेसर बद्री नारायण, निदेशक, गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, झूंसी,प्रयागराज ऑनलाइन व्याख्यान देंगे। आयोजन सचिव डॉक्टर त्रिविक्रम तिवारी ने बताया कि व्याख्यान का आनलाइन प्रसारण मुख्यालय सहित सभी 12 क्षेत्रीय केन्द्रों पर किया जाएगा।

### सगी बहनों ने शतक ठोंक प्रयाग गर्ल्स क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** हसी सिंह (149 रन नाबाद, 119 गेंद, 21 चौके) और खुशी सिंह (117 रन नाबाद, 123 गेंद, दस चौके एवं दो विकेट) ने अपने खेल से श्री सहायक क्लब को 144 रन से हराकर प्रयाग गर्ल्स क्लब को शशि द्विवेदी अंडर-14 क्रिकेट लीग में पूरे अंक दिलाये। डीएवी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर पहले खेलने उतरी प्रयाग गर्ल्स क्लब की पारी की शुरुआत शहर के पूर्व क्रिकेटर अनूप सिंह सीनियर की दोनों बेटियों ने की। इनकी पारी से प्रयाग गर्ल्स क्लब ने 40 ओवर में बिना विकेट खोए 287 रन बनाये। श्री सहायक क्लब ने अपने आठ गेंदबाजों का प्रयोग किया लेकिन इनकी साझेदारी को नहीं तोड़ पाया। जवाब श्री सहायक क्लब की पूरी टीम 26.4 ओवर में 143 रन (शिवा कुमार 49, काव्यांशु 28, खुशी सिंह 2/11, महरुन्निसा 2/26, राधा पांडेय 2/39) पर सिमट गई। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व राहुल सिंह अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

# प्रत्येक विद्यालय दो नये दलों का पंजीकरण करायें: डीआईओएस



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में डीआईओएस कार्यालय स्थित सभागार में जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त विकासखंड एवं तहसील स्तर पर बनाए गए नोडल अधिकारी, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन की बैठक आज हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 02 नये दलों का पंजीकरण, विद्यालय में पंजीकृत यूनिट का नवीनीकरण, प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 02 नये स्काउट- मास्टर, गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण, 10 प्रतिशत प्रादेशिक अंशदान शत प्रतिशत जमा करना, प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 01 नये आजीवन सदस्य जोड़ना, तृतीय सोपान के लिए प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 08-08 अर्ह स्काउट, सहित अन्य विषयों एवं प्रयागराज महाकुंभ के लिए विद्यालय स्तर से छात्रों की सूची उपलब्ध कराने पर विस्तृत समीक्षा हुई। बैठक में प्रत्येक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन से कार्य करने के लिए ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों को प्रेरित किया। जनपद प्रयागराज को प्रधानमंत्री अवार्ड, राज्यपाल पुरस्कार पर प्रमुख रूप से फोकस किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव / सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज कमलेश द्विवेदी ने किया। बैठक में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक आनंद गिरि , नोडल गाइड प्रयागराज डॉ आकांक्षा केसरी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, तीर्थराज पटेल, नामवर पांडे , देवराज सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह ,रेखा रानी, आरती शुक्ला, मीरा सिंह, सुनीता देवी, रकाकांत मिश्रा, निशा चौरासिया दर्शी, इरशाद अहमद, नूर सवा समन जहरा अशोक कुमार आदि स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन बैठक में उपस्थित रहे।

## सेवा निवृत्ति शिक्षक की मौत, भारी संख्या में लोग शव यात्रा में हुए शामिल

**जौनपुर (सुरेरी)** क्षेत्र के भदखिन गांव निवासी 75 वर्षीय चंद्रभूषण मिश्रा जो क्षेत्र के देहुआ गांव में स्थित हनुमंत लाल उच्तर माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी के शिक्षक थे विद्यालय से सेवानिवृत होने की बाद वे हमेशा समाज से जुड़े रहने व लोगों के सुख-दुख में शरीक होकर अपनेपन का अहसास दिलाते रहते थे। बीते एक सप्ताह से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था।उनका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई।जैसे ही उनके मौत हो जाने की सूचना उनके परिजनों द्वारा ग्रामीण व अन्य शुभचिंतकों को हुई तो लोग मौके पर पहुंचकर मृतक के शव यात्रा में शामिल हुए। रविवार की देर रात वाराणसी के मर्णीकर्णीका घाट पर दाह संस्कार किया गया मुखाग्नी उनके भतीजे सत्येंद्र मिश्रा उर्फ बबलू ने दिया मृतक शिक्षक की व्यवहार कुशलता से शव यात्रा में शामिल हुए लोगों की आंखें नम हो गयी। तथा उनके सरलता व एक दूसरे के प्रति लगाव कि लोग चर्चा करते रहे शव यात्रा में मुख्य रूप से देवी शंकर मिश्र, गुलाबचंद मिश्रा, लालजी मिश्र, रवि विश्वकर्मा, पवन चौबे, चंदन सिंह, प्रदीप मिश्रा रहे।

# सांप्रदायिक सौहार्द देश की एकता के लिए जरूरी : डॉ. अनुराग मिश्र

- राष्ट्रीय एकता एवं सांप्रदायिक सद्भावना पर जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में आयोजित सांप्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह का विधिवत समापन सोमवार को आई.बी.एम परिसर में हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना प्रतिष्ठान द्वारा संचालित था, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अनुराग मिश्र ने अपने उद्बोधन में सांप्रदायिक सद्भावना, सामाजिक सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित किया। उन्होंने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया और छात्रों को भविष्य में इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मिश्र ने कहा कि इस अभियान ने समाज में राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द देश की एकता के लिए ज़रूरी है। छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कार्यक्रम के सफल समापन पर डॉ. अनुराग मिश्र की सराहना करते हुए उन्हें आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

समापन कार्यक्रम में सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. परमेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. सुशील सिंह, डॉ. उद्देश्य सिंह और डॉ. शहाबुद्दीन ने अपने विचार साझा करते हुए राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक सहिष्णुता के महत्व पर जोर दिया।संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने छात्रों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अभियान को विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का औपचारिक समापन विभागाध्यक्ष डॉ. वनिता सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी की सराहना की।इस अवसर पर डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. राहुल राय, डॉ. रजित राम सोनकर, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. राजन तिवारी, प्रगति सिंह, जीशान अली और सूरज सोनकर सहित संस्थान के सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पशुगणना अभियान का झण्डी दिखाकर शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** भारत सरकार के द्वारा 21 वीं पशुगणना कार्यक्रम अन्तर्गत अभियान का शुभारम्भ 25 नवम्बर को जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र एवं मुख्य विकास अधिकारी साँई तेजा सीलम के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से यह अपील करते हुए कहा कि पशु हमारे ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा आर्थिक विकास का माध्यम है। ऐसी दशा में पशुओं की देखभाल व प्रबन्धन अच्छे ढंग से किया जाना अति आवश्यक है। 21 वीं पशुगणना के कार्य में जनपद के कुल 3444 राजस्व ग्रामों तथा 200 वार्ड जिसमें कुल 663513 परिवारों के पशुओं की गणना की जानी है। कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु 223 पशुगणना कर्ता तथा प्रत्येक 05 पशुगणनाकर्ता पर 01 सुपरवाईजर अर्थात कुल 45 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है। जनपद में पाये जाने वाले समस्त प्रकार के पशुओं यथा गोवंश, महिषवंश, भेड़, बकरी, सूकर, पक्षी प्रजाति एवं अश्व प्रजाति की गणना मोबाईल ऐप के माध्यम से मोबाईल द्वारा की जायेगी।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओम प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा यह बताया गया कि पशुगणना कार्य की मानिटरिंग हेतु जनपद स्तर पर डा. संजय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मुख्यालय को जनपदीय नोडल अधिकारी नामित किया गया हैं। जिनका मो. नं. 9918229696 है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान डा. संजय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी जौनपुर, डा. धर्मेन्द्र सिंह, डा. पवन कुमार, डा. अल्का मनीषा, एवं पशुधन प्रसार अधिकारी विजय सिंह, सुनील कुमार सिंह, मानवेन्द्र सिंह, राजकुमार, महिमा श्रीवास्तव, चन्द्रसेन यादव एवं पैरावेट्स कौशिक यादव, अवधेश यादव, सुर्यप्रकाश यादव, विपिन यादव, विजय मिश्रा तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

## बाइक से टक्कर होने पर छात्राएं जख्मी

**जौनपुर(खेतासराय)** स्थानीय नगर के बारा मोड़ के पास सोमवार को बाइक की टक्कर से दो छात्राएं घायल हो गई। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने पुलिस को सूचना देते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद बाइक सवार फरार हो गया। दोपहर में प्राथमिक विद्यालय से छुट्टी होने के बाद सभी छात्र घर जाने के लिए स्कूल से निकले। प्रधानाध्यापक सुधाकर सिंह ने अध्यापकों के साथ सभी छात्रों को सड़क पार कराया। सड़क की पटरी से छात्र अपने घर जा रहे थे। इस बीच बारा मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने दो छात्राओं को टक्कर मार दी। जोगियाना मोहल्ला निवासी कक्षा 4 की छात्रा फलक पुत्री नज्जन और कक्षा 3 की छात्रा तानिया पुत्री गुफरान घायल हो गई। पुलिस को सूचना देने के बाद तत्काल घायल छात्राओं को निकट के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर उनके परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

# नव दोहा कलश और ज़र्द मौसम का सफ़र पुस्तकों पर हुई परिचर्चा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सद्भावना मंच प्रयागराज के बैनर तले आज हिन्दुस्तानी अकादमी के गाँधी सभागार प्रयागराज में डा अजय मालवीय की पुस्तक जर्द मौसम का सफर और पंडित राकेश मालवीय मुस्कान की पुस्तक नव दोहा कलश का मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, अध्यक्ष रविनन्दन सिंह, विशिष्ट अतिथि जाहिद अबरोल, वीरेन्द्र पाठक, अजामिल व्यास तथा आयोजक योगेन्द्र कुमार मिश्र विश्वबंधु ने संयुक्त रूप से विमोचन किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में रविनन्दन सिंह ने कहा कि साहित्य का शिल्प और कार्यक्रम का शिल्प एक होना चाहिए। गजल कहना एक सलीका है। इसका पैटर्न समझना जरूरी है। राइटर्स बहुत हैं आर्टिस्ट कम। साहित्य की कोई सरहद नहीं होती। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि यह भारत भूमि चिन्तन की भूमि है। प्रयागराज से डॉक्टर अजय मालवीय बहार और राकेश मालवीय मुस्कान की पुस्तकें साहित्य परम्परा की एक कड़ी है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक कवि गोष्ठी में उमेश श्रीवास्तव, रचना सक्सेना, सुशान्त चट्टोपाध्याय, शम्भुनाथ श्रीवास्तव, डॉक्टर रामलखन चौरसिया, असलम आदिल, योगेन्द्र कुमार मिश्र विश्वबंधु, डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय, डॉक्टर अजय मालवीय बहार इलाहाबादी, पंडित राकेश मालवीय मुस्कान, मंजू प्रकाश, गीता सिंह, मिली श्रीवास्तव, विमला व्यास, इंदु जौनपुरी, कवि कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, आदि ने बहुत सुंदर काव्य पाठ के साथ मंच को रोमांचित किया। कार्यक्रम का संचालन एम एस खान ने किया।

# नीलम करवरिया क्रिकेट प्रतियोगिता के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अगले वर्ष अक्टूबर माह में प्रस्तावित नीलम करवरिया क्रिकेट प्रतियोगिता की आयोजन समिति की द्वितीय बैठक रविवार को सक्षम करवरिया की अध्यक्षता में पूर्व विधायक उदय भान करवरिया के कल्याणी देवी स्थित आवास पर हुई। बैठक में प्रथम स्वर्गीय नीलम करवरिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा अखिल भारतीय वशिष्ठ मुनि करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता की आयोजन समिति में जुड़े रहने वाले एवं अब दिवंगत हो चुके गोपाल जी भारतीय, इफ्तिखार अहमद पापू, अब्बास अली और नीलम करवरिया के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीसीए से शीघ्र ही प्रयागराज में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की मांग पर भी चर्चा की। नीलम करवरिया क्रिकेट प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी खुर्शीद अहमद राईन के अनुसार बैठक में बीके मिश्र, केबी काला, एलबी काला, देवेश मिश्र, परवेज आलम, मोहम्मद आसिफ, विवेक सिंह, पंकज टंडन, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, प्रशांत खरे, राकेश मिश्र, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## चलती होंडा सिटी कार में लगी आग, जलकर राख

**प्रयागराज।** शहर से लगभग 40 किमी. दूर नेशनल हाइवे पर सोमवार की सुबह चलती होंडा सिटी कार में अचानक भीषण आग लग गयी। इस दौरान हड़कंप मच गया। घटना के वक्त कार में रहे लोग कीसी तरह से अपनी जान बचाई। हालांकि आग से पूरी कार जलकर राख हो गई। घटना उतरांव थाना क्षेत्र के इनायत पट्टी का है।

फूलपुर थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव के रहने वाले अजय यादव अपनी होंडा सिटी कार से किसी काम को लेकर हंडिया गए थे। जाते समय कार इनायतपट्टी गांव के सामने हाईवे सर्विस पर पहुंची तभी अचानक कार में भीषण आग लग गई। घटना के वक्त कार में रहे अजय ने तत्काल कार रोकी और कार में रहे तीनों लोगो ने कूद कर अपनी जान बचाई। आग लगने के दौरान सड़क पर अफरा तफरी मची रही। सूचना पर उत्तरांव पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी कार जलकर राख हो चुकी थी।

# बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक विकास आवश्यकः डॉ. अजीत तिवारी

- जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल में कराटे चैंपियनशिप 2024 का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** उसकाई जौनपुर कराटे चैंपियनशिप 2024 का इंटर स्कूल चैंपियनशिप जे0पी0 इंटरनेशनल स्कूल,सुजानगंज में रविवार को आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ रिजेंसी हॉस्पिटल कानपुर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 अजीत तिवारी ने फीता काटकर किया। जिसमें जौनपुर से आर. एन. टैगोर स्कूल, वाराणसी से एस . बी. एस. सनशाइन स्कूल, भदोही से वुडवल्ड स्कूल के कुल 135 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभा किया। जिसमें प्रथम विजेता जे0पी0 इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज, द्वितीय विजेता एस.बी.एस. सनशाइन स्कूल वाराणसी, और तृतीय स्थान वुड वर्ल्ड स्कूल भदोही को प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त श्री गौरीशंकर सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जयप्रकाश तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि अवधेश मिश्रा, अंकित तिवारी तथा डॉ0 शारदा प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निर्देशक डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी ने किया। मुख्य रेफरी की भूमिका में अभिनव मोदनवाल, रजनीश चौबे, रणजीत, सरोज, शुभम गुप्ता, अपर्णा सिंह, विशाल पटेल, विशेष पांडेय, परमतोस विश्वकर्मा सी एल यादव रहे। आए हुए सभी अतिथियों का आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विवेक मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर पी सी मिश्रा, शालू सिंह, सचिन चौरसिया एवं बच्चों के साथ उनके अभिभावक

# उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक ने केएल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के पोस्टर का अनावरण किया



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ब्रिजेश पाठक ने आधिकारिक तौर पर केएल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (केएलईईई-2025) के लिए पोस्टर लॉन्च किया है। इंजीनियरिंग ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा जो केएल यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में 18 से 22 दिसंबर तक 5 दिनों तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री श्री बृजेश पाठक ने केएल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (केएलईईई-2025) का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया। इंजीनियरिंग ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा जो केएल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 18 से 22 दिसंबर तक 5 दिनों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सीएमओ सचिवालय में उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के साथ-साथ केएल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित पोस्टर का अनावरण भी किया गया। उपमुख्यमंत्री ने केएल विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने के इच्छुक मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना की जो अपने उच्च शैक्षणिक मानकों और उन्नत बुनियादी ढांचे के लिए जाना जाता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश से विश्वविद्यालय में शामिल होने वाले छात्रों को मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति और छात्रावास के मामले में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। डिप्टी सीएम ने मौजूदा शैक्षणिक वर्ष में कैंपस प्लेसमेंट में सर्वश्रेष्ठ वार्षिक पैकेज पाने वाले छात्रों को बधाई दी. केएल विश्वविद्यालय के प्रवेश निर्देशक डॉ. जे. श्रीनिवास राव ने कहा कि विजयवाड़ा, हैदराबाद परिसरों में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए देश भर में आयोजित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में बैठने वाले मेधावी छात्रों को हर साल 100 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रवेश परीक्षा में केएल रैंक, 10+2 अंक, जेईई प्रतिशत के आधार पर छात्रों के लिए योग्यता छात्रवृत्ति लागू की जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत कैम्पस प्लेसमेंट मिले, इसके लिए रचनात्मक योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा, हमारा विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से एनआईआरएफ और एनएएसी की ग्रेडिंग में शीर्ष पर रहा है। 2024 में NIRF रैंक 22 और NAAC A++ ग्रेड। यह यूजीसी नंबर-1 श्रेणी का विश्वविद्यालय है जहां 100% प्लेसमेंट प्रदान किया जा रहा है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में 4 हजार छात्रों को प्लेसमेंट मिला था और इस शैक्षणिक वर्ष में पहले ही हजार छात्रों को प्लेसमेंट मिल चुका है। इंजीनियरिंग सीएसई विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र को एक प्रमुख कॉर्पोरेट कंपनी से 58 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला। डॉ. जेएसआर ने केएल विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में जीते गए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों के बारे में बताया और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पाठ्यक्रम, उन्नत बुनियादी ढांचे और मुख्य विशेषताओं के बारे में भी बताया।

## रेड हेल्थ और मेदांता ने लखनऊ में आपातकालीन सुविधा को बेहतर बनाने के लिए यूपी की पहली 5त्व एम्बुलेंस लॉन्च की



लखनऊ। एशिया के एकमात्र JCI-मान्यता प्राप्त और भारत के सबसे बड़े आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया प्लेटफ़ॉर्म रेड हेल्थ RED.Health ने उत्तर प्रदेश की पहली 5त्व-सक्षम एम्बुलेंस लॉन्च करने के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। प्रीमियर तृतीयक देखभाल केंद्र की 5वीं वर्षगांठ पर की गई यह पहल उत्तर प्रदेश में आपातकालीन देखभाल वितरण को बदलने के लिए तैयार है, जिसमें हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी और वास्तविक समय डेटा ट्रांसफर सुविधाएँ है, जो पारगमन में भी सुपर-स्पेशलिस्ट सहायता सुनिश्चित करती हैं। इन अत्याधुनिक एम्बुलेंसों में प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर होते हैं जो पहली प्रतिक्रिया से ही गंभीर देखभाल प्रदान करते हैं, जिससे मरीजों के अस्पताल पहुंचने से पहले ही बेहतर आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित होती हैं। आपातकालीन सहायता के लिए कभी भी 1068 पर कॉल करके इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। इस सहयोग को 25 नवंबर 2024 को एक फ्लैग-ऑफ समारोह द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसकी अध्यक्षता मेदांता अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ राकेश कपूर और RED.Health के संस्थापक और सीईओ श्री प्रभदीप सिंह ने की थी। लखनऊ लंबे समय से अपने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में चुनौतियों से जूझ रहा है, बढ़ती जनसंख्या घनत्व उपलब्ध संसाधनों पर दबाव डाल रहा है। शहर को हृदय गति रुकने, आघात के मामलों, सड़क यातायात दुर्घटनाओं और अन्य चिकित्सा आपात स्थितियों सहित जीवन-घमकाने वाली स्थितियों से निपटने के लिए परिवहन के दौरान तेज़ प्रतिक्रिया समय और उन्नत देखभाल की महत्वपूर्ण आवश्यकता का सामना करना पड़ता है। RED.Health और मेदांता अस्पताल के बीच सहयोग इन अंतरालों को दूर करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जो क्षेत्र में आपातकालीन देखभाल को बदलने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सा सहायता को जोड़ता है। सहयोग के हिस्से के रूप में, लखनऊ में तैनात 5त्व एम्बुलेंस में कुशल पैरामेडिक्स होंगे और वे उन्नत जीवन रक्षक उपकरणों, वास्तविक समय रोगी निगरानी प्रणालियों और मेदांता के आपातकालीन विशेषज्ञों के साथ सीधे संचार लिंक से लैस होंगे। यह सहज एकीकरण तत्काल चिकित्सा हस्तक्षेप और स्थिरीकरण की अनुमति देता है।

## टाटा मोटर्स अपनी सीएसआर पहलों से वित्त वर्ष 24 में10 लाख लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया

मुंबई। भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने आज अपनी 10वीं वार्षिक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कंपनी के महत?वपूर्ण सामुदायिक कार्यों के सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि कंपनी के कल्याणकारी कार्यों से 10 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर स्थायी और सकारात?मक प्रभाव पड़ा है। %बिल्डिंग टुगेदर ए मिलियन ड्रीम्स % शीर्षक वाली यह प्रमुख रिपोर्ट इस दशक की कंपनी की यात्रा के दौरान साझेदारी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को समर्पित है। कंपनी के कल्याणकारी कामों के 40 फीसदी से ज्यादा लाभार्थी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों से संबंधित हैं। टाटा मोटर्स ने अपने सीएसआर कार्यों का दायरा अपने आसपास ही सीमित नहीं रखा है बल्कि इनका काफी विस्तार किया गया है। कंपनी की सीएसआर पहल का विस्तार 26 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 94 जिलों तक है। 10वीं वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट के लॉन्च पर के अवसर पर, टाटा मोटर्स में सीएसआर के प्रमुख विनोद कुलकर्णी ने कहा, ÷हमें अपने प्रतिबद्ध सीएसआर पहलों के माध्यम से दस लाख से अधिक लोगों के जीवन को बदलने में जो प्रगति हुई है, उस पर बेहद गर्व है। हमारी खास मोर फ़ॉर लेस फॉर मोर रणनीति ने हमें अपना कौशल बढ़ाने, टेक्नोलॉजी को अपनाने, संसाधनों का अनुकूल ढंग से उपयोग करने और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने, हमारी पहुंच को व्यापक बनाने और देश भर में हमारे प्रभाव को गहरा करने में सक्षम बनाया है। यह सफलता हमारे भागीदारों के अटूट समर्थन और हमारी सेवा प्राप्त करने वाले समुदायों के भरोसे का प्रमाण है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए समर्पित हैं। ÷पूरे वर्ष के दौरान, टाटा मोटर्स ने स्वास्थ्य (आरोग्य), शिक्षा (विद्याधनम), रोजगार (कौशल्य) और पर्यावरण (वसुंधरा) पर आधारित सामाजिक कार्यों को लागू करने के लिए सरकारी, गैर-सरकारी और निजी क्षेत्रों के प्रयासों को एकजुट करने पर जोर दिया है। इसमें जल संरक्षण और इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट पर विशेष जोर दिया गया है। वित्त वर्ष 24 की टाटा मोटर्स की सीएसआर रिपोर्ट की मुख्य बातें जल सुरक्षा को बढ़ावा देना नाम फाउंडेशन, एमजीएनआरईजीए विभाग और महाराष्ट्र सरकार के साथ साझेदारी के ज़रिए, टाटा मोटर्स ने भारत सरकार के अमृत सरोवर मिशन के तहत महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में 106 बॉटर बॉडीज का कायाकल्प और विकास किया है।

## तुषार गांधी ने सोनी लिव की फ्रीडम एट मिडनाइट को सराहा




लखनऊ । सोनी लिव का नया ऐतिहासिक ड्रामा फ्रीडम एट मिडनाइट अपनी दमदार कहानी और भारत की आजादी के संघर्ष के मार्मिक चित्रण से लोगों का दिल जीत रहा है। निर्देशक निखिल आडवाणी की सोच ने न केवल दर्शकों बल्कि इंडस्ट्री के दिग्गजों को भी प्रभावित किया है, जिनमें से कई ने अपने प्रशंसा संदेश भेजे हैं। महात्मा गांधी के प्रपौत्र (परपोते) तुषार गांधी ने फ्रीडम एट मिडनाइट की प्रशंसा करते हुए इसे देखने की सिफारिश की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सोनी लिव पर फ्रीडम एट मिडनाइट देखना शुरू किया। मुझे लगा था कि यह बापू और पंडित नेहरू पर आधारित कोई पक्षपाती कहानी होगी और आजादी का हिंदुत्व संस्करण पेश करेगी। लेकिन मैं गलत था। यह सिखाता है कि पूर्वाग्रह नहीं रखना चाहिए। हालांकि, इसमें और सुधार की गुंजाइश है, लेकिन इसे जरूर देखना चाहिए। तुषार गांधी के अलावा, मशहूर निर्देशक सुधीर मिश्रा, जो अपनी विचारोत्तेजक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और निखिल आडवाणी के मेंटर भी रहे हैं, ने भी निखिल की कड़ी मेहनत की सराहना की।'फ्रीडम एट मिडनाइट' डोमिनिक लेपिएर और लैरी कॉलिन्स की किताब पर आधारित है। इसमें कई बेहतरीन कलाकार अपने अभिनय का जलवा बिखेर रहे हैं, जिसमें सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा, राजेन्द्र चावला, आरिफ ज़कारिया, मलिश्का मेंडोन्सा, राजेश कुमार, केसी शंकर, ल्युक मैकगिबनी, कोर्डेलिया बगेजा, एलिस्टेयर फिनले, एंड्रू कुलम और रिचर्ड टेवरसन शामिल हैं।

## अपोलोमेडिक्स ने किया आयोजित लखनऊ का सबसे बड़ा वॉकथॉन, आओ चलें 3.0 में 4000 से अधिक लोगों ने लिया भाग



लखनऊ। अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित ÷आओ चलें 3.0 वॉकथॉन÷ में 4000 से अधिक लोग शामिल हुए, जो लखनऊ का अब तक का सबसे बड़ा वॉकथॉन आयोजन बन गया है। अपोलोमेडिक्स ने ÷आओ चलें 3.0 वॉकथॉन÷ के जरिए स्वास्थ्य और विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अनूठा प्रयास किया। सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रतिभागियों ने जुम्बा और वार्म-अप से दिन की शुरुआत की, जिसके बाद 2 किलोमीटर की वॉकथॉन में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। वॉकथॉन के बाद अवध हेरिटेज कार क्लब के सहयोग से विंटेज कार रैली का आयोजन हुआ, जिसने इस कार्यक्रम को और खास बना दिया। विंटेज कारों की भव्यता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और विरासत संरक्षण का संदेश दिया। विंटेज कार रैली अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल से शुरू होकर लोकबंधु चौराहा, पावरहाउस चौराहा, आशियाना, और पकड़ी के पुल से होते हुए वापस अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल पर समाप्त हुई। अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीईओ और एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, ÷अपोलोमेडिक्स द्वारा हर साल आयोजित होने वाला आओ चलें वॉकथॉन%अब राजधानी का सबसे बड़ा वॉकथॉन इवेंट बन चुका है, जिसमें शामिल होने वालों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। इस वर्ष चार हुआ से ज्यादा लोगों ने भाग लिया।

## टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने हासिल की 1 मिलियन ऐप डाउनलोड की उपलब्धि

मुंबई। भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने घोषणा की है कि उसके ग्राहक ऐप डाउनलोड ने 1 मिलियन (10 लाख) का स्तर पार कर लिया है। यह उपलब्धि, टाटा एआईए के ग्राहकों के अपने डिजिटल समाधानों पर बढ़ते भरोसे और निर्भरता का एक और प्रमाण है जिसमें मोबाइल ऐप, उपभोक्ता पोर्टल, व्हाट्सएप एनेबल्ड सेवा आदि शामिल हैं। ये समाधान टाटा एआईए उपभोक्ता को ब्रांड के साथ अपने जीवन बीमा यात्रा को प्रबंधित करने के सुविधाजनक और सहज तरीकों का अनुभव करने के लिए सशक्त बनाने वाले %डू-इट-योरसेल्फ% के विचार को प्रोत्साहित करते हैं। इस अत्याधुनिक ऐप के साथ, उपभोक्ता किसी भी समय कहीं से भी अपनी बीमा पॉलिसियों का प्रबंधन कर सकते हैं। उन्हें किसी शाखा में जाने या पॉलिसी दस्तावेज़ प्रिंट करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उन्हें जो कुछ भी चाहिए वह उनकी ऐप पर उपलब्ध है। ऐप पर चाबीसों घंटे 60 से ज़्यादा सेवाएं उपलब्ध है, जिसमें प्रीमियम भुगतान, क्लेम अनुरोधों को ट्रैक करना, पोर्टफोलियो अपडेट, बीमित राशि, फंड वैल्यू, एनएवी विवरण शामिल हैं। यह इंस्टेंट लोन जैसी सुविधाएं भी प्रदान करता है, जो उद्योग में पहली बार हो रहा है। ऐप, उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाता है और लेन-देन की आसानी को बढ़ाता है। इसमें एक और अपनी तरह की पहली सुविधा है जिसमें तत्काल ग्राहक सेवा शामिल है। इसके तहत लेन-देन वास्तविक समय में पूरा हो जाता है और उपभोक्ताओं को तुरंत सूचित किया जाता है।

## एसयूडी लाइफ ने विकसित भारत और न्यू इंडिया लीडर्स फंड के साथ पॉलिसीधारकों के लिए धन सृजन की नई पहल

लखनऊ। स्टार यूनियन डाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान प्रस्ताव के तहत दो नए फंड - विकसित भारत फंड और न्यू इंडिया लीडर्स फंड प्रमोचन किए हैं।विकसित भारत फंड उन व्यवसायों में निवेश करेगा जो आज के भारत को भविष्य के विकसित भारत में बदलने पर केंद्रित हैं। यह फंड मल्टी-कैप, सेक्टर-अज्ञेय पोर्टफोलियो होगा, जिसमें उभरते हुए और स्थापित दोनों प्रकार की कंपनियां शामिल होंगी, जो इकोसिस्टम में दीर्घकालिक विकास और मूल्य निर्माण को बढ़ावा दे रही हैं। दूसरी ओर, न्यू इंडिया लीडर्स फंड भारत से उभरते और नए व्यवसायों में निवेश करेगा, जो प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार और बदलाव पर केंद्रित होंगे, न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए। इस फंड के प्रमुख विषयों में ऊर्जा संक्रमण, डिजिटलाइजेशन, क्लाउड और एआई आधारित व्यवसाय, स्वास्थ्य और कल्याण, साथ ही प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद और सेवाएं शामिल होंगी, साथ ही अन्य उभरते विषय भी। एसयूडी लाइफ के मुख्य निवेश अधिकारी, प्रशांत शर्मा, ने कहा, ÷हम अपने पॉलिसीधारकों के लिए दो नए और अभिनव फंड - विकसित भारत फंड और न्यू इंडिया लीडर्स फंड पेश करके बेहद उत्साहित हैं। जहां दोनों फंड देश में हो रहे परिवर्तनकारी विकास से संपत्ति निर्माण का अवसर प्रदान करते हैं, वहीं इनके बीच का अंतर समझना महत्वपूर्ण है।

## शेयर बाजार के साथ गिर रहा सोने का भाव

नई दिल्ली। वेडिंग सीजन में सोने की डिमांड में तेजी आती है। ऐसे में इनके भाव भी बढ़ जाते हैं। लेकिन, इस साल इसका उल्टा हो रहा है। पिछले चार दिनों में सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार में जब भी गिरावट आती है तो सोने की कीमतों में तेजी आती है। लेकिन, अभी शेयर बाजार में गिरावट के साथ सोने की कीमतों में भी गिरावट आई है। पिछले कुछ समय से सोने की कीमतों में सर्राफा बाजार के साथ ग्लोबल मार्केट में नरमी देखने को मिली है।

पिछले चार सत्रों से सोने की कीमतों में गिरावट आ रही है। 24 कैरेट गोल्ड जिसे 99.9 फीसदी शुद्ध माना जाता है वह 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं 22 कैरेट गोल्ड 76,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई है। चांदी 2,310 रुपये की गिरावट के साथ 90,190 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। शेयर बाजार के साथ सोना और चांदी में आई गिरावट के कारण अब निवेशक भी चिंता में है। दरअसल, कुछ समय पहले माना जाता था कि शेयर बाजार में जब गिरावट आती है तो सोने की कीमतों में तेजी आती है। ऐसे में निवेशक बाजार से निकासी करके गोल्ड में निवेश करते थे। लेकिन , अब सोने की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों को असंजस में डाल दिया है। हम आपको बताएंगे कि आखिर सोने की कीमतों में गिरावट क्यों आ रही है।

### मजबूत हो रहा अमेरिकी डॉलर

मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार अमेरिकी चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप की जीत के बाद अमेरिकी मुद्रा डॉलर मजबूत हो रहा है। डॉलर इंडेक्स साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। आपको बता दें कि जब भी डॉलर मजबूत होता है तो कीमती धातु जैसे सोने और चांदी निवेशकों के लिए कम आकर्षक हो जाती है। इस स्थिति में बहुमूल्य धातुओं की डिमांड कम हो जाती है, जिस वजह से उनकी कीमतों में नरमी आती है।

## ओमेक्स इंफिनिटी एंड बियॉण्ड नाम से बाली, इंडोनेसिया में भव्य कार्यक्रम का आयोजन



रियल इस्टेट में अग्रणी कम्पनी ओमेक्स लिमिटेड ने अपने 500 शीर्ष चैनल पार्टनर्स के लिए ओमेक्स इंफिनिटी एंड बियॉण्ड नाम से बाली, इंडोनेसिया में एक पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। ये विशेष उत्सव रियल एस्टेट उद्योग में अपनी तरह का पहला उत्सव रहा। इस कार्यक्रम में कंपनी ने अपने सभी चैनल पार्टनर्स को उनके उत्कृष्ठ कार्य, समर्पण एवं योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

कंपनी ने अपने सभी 5000 चैनल पार्टनर्स में से लखनऊ, चंडीगढ़, लुधियाना, भटिंडा, प्रयागराज, वृन्दावन, गाजियाबाद, फरीदाबाद, नॉएडा, दिल्ली एवं इंदौर के 500 लोगो को इस कार्यक्रम के लिए चुना जिनका योगदान कंपनी के प्रति असाधारण था।

शानदार व्यवसाय करने के लिए लखनऊ के 50 चैनल पार्टनर्स को कम्पनी के लखनऊ के बिजनेस हेड श्री अंजनी कुमार पांडेय जी द्वारा सम्मानित किया गया। श्री पांडेय जी ने कहा कि चैनल पार्टनर्स कंपनी के स्तम्भ हैं और कंपनी के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। हमे हमेशा अपने चैनल पार्टनर्स से बहुत ही अच्छा समर्थन मिला है और हमने साथ मिलकर अतीत में कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने यह भी आस्वस्त किया कि भविष्य में ऐसे विदेश यात्रा का आयोजन किया जाता रहेगा ताकि कंपनी का अपने चैनल पार्टनर्स के साथ सम्बन्ध और भी प्रगाढ़ हो सके।

## ईकार्ट के प्रयासों ने पिछले 3 वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी 4पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन को मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98प्रतिशत भारतीय पोस्टल कोड तक फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बेड़े से ताकत मिलती है। ईकार्ट के चीफ बिजनेस ऑफिसर मणि भूषण ने कहा, 'हमारे विकास की कहानी सिर्फ आंकड़ों से संबंधित नहीं है, बल्कि यह उस मूल्य से भी संबंधित है, जो हम ब्रांड्स एवं अपने उपभोक्ताओं के लिए सृजित करते हैं। ईकार्ट की क्षमताएं भारत के लॉजिस्टिक्स उद्योग में विशाल संभावनाओं को दर्शाती हैं और हमें इस उद्योग के विकास में योगदान करने पर गर्व है। हम ड्राइविंग एफिशिएंसी व स्केलेबिलिटी पर ध्यान देते हुए इंडस्ट्री-फर्स्ट टेक्नोलॉजी विकसित करने और सप्लाई चेन इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि सप्लाई चेन को लेकर हमारी गहरी समझ और एफिशिएंसी की दिशा में हमारा सतत प्रयास न केवल हमारी सर्विस लेने वाले ब्रांड्स के लिए, बल्कि समग्रता में भारत के पूरे लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के लिए बदलाव का बड़ा कारक है। ईकार्ट उन ब्रांड्स के लिए एक विश्वसनीय विकल्प बन गया है।

## मैजेंटा मोबिलिटी ने उत्तर प्रदेश में अपने कमर्शियल ईवी सेवाओं का विस्तार किया



मुंबई। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन में अग्रणी मैजेंटा मोबिलिटी ने उत्तर प्रदेश में अपने विस्तार की घोषणा की है, नोएडा में ऑपरेशनल ने अब लखनऊ, आगरा, कानपुर और वाराणसी सहित राज्य भर के चार नए प्रमुख शहरों में लॉन्च किया है, और बाद में अन्य शहरों में विस्तार करने की योजना है। यह स्ट्रेटेजिक कदम भारत में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करता है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव को तेज करने के अपने मिशन के साथ संरेखित है।मैजेंटा मोबिलिटी का लक्ष्य 2025 तक उत्तर प्रदेश में 2,500 से अधिक इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (श्वङ्क) तैनात करना है, जिससे लास्ट-माइल डिलीवरी सेवाओं के लिए ग्रीन मोबिलिटी विकल्पों का विस्तार होगा। अपने परिचालन को सपोर्ट देने के लिए, मैजेंटा ने अपने खुदकी-ष्ट और ष्ष्ट चार्जिंग हब स्थापित किए हैं और आगे के नेटवर्क विस्तार के लिए प्रमुख चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटरों के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इसके अतिरिक्त, मैजेंटा ने अपने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए छ्वद्भश्-क्चक्क के साथ भागीदारी की है, जिससे श्वङ्क यूजर्स के लिए रिलायबल और तेज़ चार्जिंग समाधान की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। मैजेंटा मोबिलिटी के फाउंडर और CEO मैक्सन लुईस ने कहा, हम उत्तर प्रदेश में अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं, एक ऐसा राज्य जिसकी आगे की सोच वाली EV पॉलिसी हमारी विकास योजनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।

## लखनऊ में भारत के सबसे बड़े क्रिएटर फेस्ट स्नक्रह्लस्नद्गह्यह्ल2024 में 30,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया



लखनऊ। रविवारः उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भारत के बढ़ते इन्फ्लुएंसर इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभर रही है। अधिक से अधिक लोगों के इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों तक पहुँचने के साथ, शहर ने इस इंडस्ट्री में वृद्धि देखी है, विशेष रूप से मोबाइल गेमिंग और सामग्री निर्माण। अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और तेजी से बढ़ती आबादी के मिश्रण के कारण, उत्तर प्रदेश ने भारत में मोबाइल गेमिंग को अपनाया है। लखनऊ इसके शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक है, जो राज्य की गेमर आबादी का 36% है। उद्योग में लखनऊ की बढ़ती भूमिका इसे उन कार्यक्रमों के लिए एक हॉटस्पॉट बनाती है जो दर्शकों को उन लोगों से जोड़ते हैं जो उन्हें प्रभावित करते हैं। Active गेमिंग समुदाय और प्रतिभाशाली रचनाकारों के परिणामस्वरूप, भारत के अग्रणी निर्माता समुदाय प्लेटफार्मों में से एक, STAN ने 24 नवंबर को फीनिक्स पलासियो मॉल, लखनऊ में भारत के शीर्ष 200 + creators, 30,000 + उपस्थित लोगों, गेमिंग उत्साही लोगों और प्रशंसकों को एक साथ लाने के लिए भारत के सबसे बड़े क्रिएटर मीट इवेंट, STANFest 2024 का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में शीर्ष creators और उनके प्रशंसकों (स्टांस) ने एक उच्च नोट पर समापन किया और लखनऊ को निर्माता समुदाय में नया सितारा बनाया।

## नारायणपुर पंप नहर पर स्थापित हुआ अत्याधुनिक तकनीक किर्लोस्मार्ट

लखनऊ। एशिया की सबसे बड़ी पंप नहर के रूप में प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले की नारायणपुर पंप नहर अब किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेडकी उन्नत तकनीककिर्लोस्मार्ट की वजह से और अधिक सक्षम हो गई है। KBL ने नहर के लिए 14 किर्लोस्मार्ट उपकरणों की आपूर्ति कर उन्हें सफलतापूर्वक स्थापित किया है। इससे नहर संचालकों को पंपों की कार्यक्षमता बढ़ाने और 2,50,000 हेक्टेयर कृषि भूमि तक निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिली है।

यह उन्नत उपकरण पंपों में होने वाली खराबियों की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराता है, जिससे उनकी मरम्मत आसान हो जाती है। इस तकनीक के कारण पंपों के माध्यम से लगातार जल आपूर्ति बनाए रखना संभव होगा। किर्लोस्मार्ट इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

किर्लोस्मार्ट एक आधुनिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित उपकरण है, जो पंप संचालन और डाउनटाइम की वास्तविक समय में निगरानी करता है। इससे नहर के रखरखाव की लागत कम होती है, परिचालन दक्षता बढ़ती है, और लिफ्ट सिंचाई निर्माण विभाग की कार्यक्षमता में सुधार होता है। इसका सीधा लाभ उन किसानों को होता है, जिनकी आजीविका इस जल आपूर्ति पर निर्भर करती है।

किर्लोस्कर ब्रदर्स के इस योगदान से न केवल कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ है, बल्कि सिंचाई क्षेत्र में जल प्रबंधन के लिए नवाचारी समाधान का एक नया मानदंड स्थापित हुआ है। इस परियोजना ने मिर्जापुर जिले के हजारों किसानों को समृद्धि की दिशा में एक नई राह प्रदान की है।

किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड द्वारा दिखाई गई दूरदृष्टि और तकनीकी उत्कृष्टता क्षेत्रीय कृषि और जल प्रबंधन के लिए एक आशाजनक कदम साबित हो रही है।




## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



लखनऊ। मुलुक लोक कला एवं सांस्कृतिक संस्थान लखनऊ द्वारा गुरू शिष्य परम्परा रेपेटरी ग्रान्ट स्कीम के तहत वेवजह हाल खरगापुर गोमती नगर लखनऊ में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से गुरू अनीता मेहरा के निर्देशन मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डा0 विनीता प्रसाद अध्यक्ष स्वयं सहायता समुह एवं समाजसेवी विशिष्ट अतिथि श्रीमती राधा बोरा तथा ललिता अधिकारी दीपा मनराल अनीता मेहरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा श्रीमती अनीता मेहरा द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। तथा लोक नृत्य के लिए ललिता अधिकारी एवं दिप्ती बोरा को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरू अनीता मेहरा के ने निर्देशन में उत्तराखण्ड की आराध्य देवी मा भगवती नन्दा की वन्दना मा भगवती तु दैणी है जैये माध्यम से सभी लोगो का कल्याण करने के लिए विनती की गयी। उसके स्वर्ग तारा जुन्याली राता को सुड़लो तेरी-मेरी बाता में दिप्ती बोरा निशा बोरा किरन मनराल मानसी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तथा द्वाराहाट कौ लंहगा मेरी पिछौड़ी रंगीली में अनीता मेहरा तुलसी सुयाल ललिता अधिकारी दीपा मनराल नृत्यों की प्रस्तुति दी।

# जिला अस्पताल सहित विभिन्न विभागों का राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने पूर्वान्ह 11~30 बजे मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का निरीक्षण किया गया जहां पर उनके द्वारा पीकू वार्ड महिला वार्डो में इमरजेंसी वार्ड तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक द्वारा कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबन्धक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वन स्टाप सेन्टर भवन में ही संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जहां पर रोस्टर के अनुसार कर्मचारी उपस्थित मिले। कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों से बच्चों से संबंधित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।इसके बाद उपाध्यक्ष द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत भोयें विकास खण्ड जामों का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा धात्री महिलाओं की गोदभराई तथा सभी बच्चों को फल वितरण किया तथा केन्द्र पर उपस्थित्ति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उसी कम्पाउण्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय भोयें का भी निरीक्षण किया गया जहां पर बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। उपाध्यक्ष द्वारा बच्चों से राष्ट्रगान कराया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वा कर उनके ज्ञान स्तर का निरीक्षण किया गया तथा शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।प्राथमिक विद्यालय भोयें में एमडीएम में बने भोजन को चख कर निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात निरीक्षण भवन गौरीगंज में महिला जन सुनवाई की गयी तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी जिसमें उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल मौर्य व अजय कुमार बाल संरक्षण अधिकारी व महिला थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक की तथा प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया।

# यूपी-बिहार के माफियाओं पर शिकंजा कसेगी बिहार पुलिस

अवधनामा ब्यूरो



**एसपी का अल्टीमेटम, शराब माफियाओं की खैर नही**

**कुशीनगर।** पड़ोसी राज्य बिहार के गोपालगंज पुलिस ने शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए एक नई रणनीति बनाई है। इसमें न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर और देवरिया जनपद के शराब माफियाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है। इतना ही नही बिहार पुलिस ने फरार अपराधियों पर इनाम की घोषणा करते हुए उनकी पहचान सार्वजनिक कर दी है। माफियाओं के नाम पहचान सार्वजनिक करने के पीछे पुलिस का तर्क है कि इस कार्रवाई से आम जनमानस इन अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़वाने में पुलिस की मदद करें। मतलब साफ है अब शराब माफियाओं की खैर नहीं है। बता दें कि शराब माफिया अपनी गतिविधियों को नेपाल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में संचालित कर रहे हैं। बिहार पुलिस ने इन राज्यों में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी तेज कर दी है। सीमावर्ती इलाकों में समन्वय बनाकर कार्रवाई करने का दावा कर रही है, परिणामस्वरूप तमाम अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े है। गोपालगंज के पुलिस कप्तान अवधेश दीक्षित ने कहा कि शराब माफियाओं के खिलाफ यूपी और बिहार पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत देवरिया, कुशीनगर, भाटपाररानी आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस शराब तस्करों और अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की शुरू कर दी है और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए जेल से बाहर आने वाले अपराधियों की गतिविधियों पर भी नजर रख रही है। एसपी ने इस बात पर जोर दिया कि समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपराधियों को एक मौका दिया जा रहा है। साथ ही थानावार सूची बनाकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य है कि शराबबंदी कानून का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन हो और समाज अपराध मुक्त बने। गोपालगंज एसपी अवधेश दीक्षित ने कहा कि इनाम के साथ-साथ इन अपराधियों को सरेंडर करने का समय भी दिया गया है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो उनके खिलाफ कुर्की और जब्ती की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## संविधान दिवस पर आज होंगे विविध आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि उप्र शासन के निर्देश के क्रम में संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जनपद के समस्त सरकारी कार्यालयों नगरीय निकायों जिला पंचायतों क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में संविधान से सम्बन्धित वृत्त चित्र का आयोजन व स्वच्छता का विशेष अभियान भी चलाया जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सरकारी निजी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य व शिक्षक द्वारा संविधान की विशिष्टताओं एवं वर्णित मौलिक कर्तव्यों नागरिक कर्तव्यों पर वाद-विवाद निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले 03 छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाय ।इसके अतिरिक्त विभिन्न संगठनों की ओर से भी कार्यक्रम आयोजित होंगे ।मंगलवार को साधना फाउंडेशन की ओर से विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है।

## आवारा पशुओं की समस्या बरकरार, किसान परेशान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में आवारा पशुओं की समस्या अभी भी बरकरार है। जिसके कारण किसान परेशान हैं ।बड़ी मुश्किल से महंगे खाद बीज डालकर फसल तैयार कर रहे हैं उस पर आवारा पशु झुंड के झुंड घुसकर उसे चौपट कर रहे हैं। तमाम प्रयास के बावजूद भी शासन किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात नहीं दिला सका है ।किसान की मेहनत से तैयार हो रही फसल आवारा पशु नष्ट करने पर आमादा है वही रात में आवारा पशुओं का तांडव इन दिनों गांव में भी हो रहा है गांव में घुसकर किसानों की पशुशाला और घरों में आवारा पशु तांडव कर रहे हैं ।वहीं सड़कों पर भी झुंड के झुंड आवारा पशु टहलते नजर आते हैं जिससे आए दिन सड़क दुर्घटना का लोग शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण अंचल के अलावा नगरीय क्षेत्रों में भी आवारा पशुओं का कहर जारी है ।आम आदमी सरकार से लगातार आवारा पशुओं की समस्या से निजात पाने के लिए गुहार लगा रहा है लेकिन सरकार की ओर से तैयार किए गए पशु आश्रय स्थल इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी धरातल पर आवारा पशु की समस्या से निपटने जैसे मुद्दे पर कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रहे हैं।

## तेज गति से आ रही कार पेड़ से टकराई, चालक गंभीर

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पटहेरवा थाने क्षेत्र के अशोगवा गांव के सामने



तेज गति कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्थित पेड़ से टकरा गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाद के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पटहेरवा थाना क्षेत्र के देवरिया विशुनदयाल निवासी सज्जाद पुत्र अदालत उम्र 40 वर्ष सोमवार को शाम चार बजे किसी कार्य बस अपने कार से फाजिलनगर से बड़हरा के तरफ तरफ जा रहे थे। अभी वह अशोगवा गांव के सामने पहुंचे थे कि एक मोड़ पर उनकी कार अनियंत्रित होकर तेज गति से सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वह मौजूद लोगों ने उसे सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## रोटावेटर से कटे मासूम बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भलुही निवासी संतोष सिंह के 7 वर्षीय पुत्र काजू उर्फ सुजीत का मेडिकल कॉलेज में सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते रविवार को काजू उर्फ सुजीत खेत जुताई के दौरान रोटावेटर के चपेट में आ गया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा था। जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। वहीं इस हृदय विदारक घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

## 221 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 221 जोडों का विवाह हुआ। जिलाधिकारी ने नव वैवाहिक जोडों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में राही 30, दीनशागौरा 21, न0पा0 रायबरेली 11, अमावां 43, रोहनिया 09, डलमऊ 51, न0प0 डलमऊ 01, ऊंचाहार 30, जगतपुर 25 सहित कुल 221 जोडे का विवाह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, एसडीएम सदर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समझौते के बाद पुलिस ने शांति भंग में किया चालान

**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** देवरिया में शादी का झांसा देकर एक युवक युवती से संबंध बनाता रहा। इस बीच युवती गर्भवती हो गई, जिसके बाद प्रेमी शादी से इनकार करते हुए गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगा। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने सख्ती की। रविवार को घंटों चली पंचायत के बाद समझौता करते हुए दोनों पक्ष शादी को तैयार हो गए। जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सजातीय युवक से उसका एक वर्ष से प्रेम संबंध है। युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा। गर्भवती होने की जानकारी प्रेमी को दी तो उसने गर्भपात कराने के लिए दबाव बनाते हुए शादी से इनकार कर दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वहीं पुलिसिया दबाव बढ़ता देखकर युवक और उसके परिजन शादी के लिए तैयार हो गए और दोनों पक्षों में समझौता हो गया। थानाध्यक्ष तरकुलवा मृत्युंजय राय ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है। युवक का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

# नाला निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

## नगर पालिका कुशीनगर में नाला निर्माण में मानक की उड़ाई जा रही धज्जियां

अवधनामा ब्यूरो



नगर पालिका कुशीनगर में नाला निर्माण में अनियमितता

**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद् कुशीनगर के पडरौना रोड कसाडा चौक के समीप तक जल निकासी के लिए बनाए जा रहे नाला निर्माण के कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत सामने आ रही है। नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। यह नगर के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौरतलब हो कि 24 लाख, 50 हजार की लागत से बनने वाले इस नाला की दीवार की मोटाई व फिनिशिंग का कार्य सही ढंग से नहीं होने की बात बताई जा रही है। निर्माण में ठेकेदार शशांक मल्ल द्वारा घटिया सामग्री लगाए जाने की भी बात सामने आ रही है, जो नगर वासियों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। नगर पालिका के वार्ड नंबर-18 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (पडरौना रोड कसाडा चौक तक) 230 मीटर नाला का निर्माण होना है, जिसका कार्य वर्तमान में चल रहा है। इसी नाले में आधा मार्केट के घरों का पानी गिराना है। नाला निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद् कुशीनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 24 लाख, 50 हजार की स्वीकृति दी गई। लेकिन मानक स्तर का कार्य नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते इस नाला की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। जानकारों का कहना है कि स्वीकृति के 45 दिन के अंदर ही नाला का निर्माण हो जाना चाहिए, जबकि स्वीकृति नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में दी गई है धर्मेंद्र तिवारी, सोनू ओझा, देवाशीष कुशवाहा, अवधेश, सुशील, सोनू आदि लोगों ने बताया कि इस रोड में नाला का निर्माण कार्य अच्छी बात है। नाला नहीं होने से अक्सर इस सड़क में जलजमाव की समस्या बनी रहती है। नाला बनने लगा तो लोगों में खुशी देखी गई। लेकिन जब नाला का सही निर्माण कार्य नहीं हो रहा है तो लोगों में निराशा भी देखी जा रही है। इन लोगों ने बताया कि नाला निर्माण में मानक का खयाल नहीं रखा जा रहा है। इस संबंध में ईओ अंकिता शुक्ला ने बताया कि निर्माण में अनियमित की शिकायत को लेकर जांच कराई जाएगी, यदि ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत कोई कार्य कराया जा रहा है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नहरों की सफाई के मध्य नजर जिला प्रशासन गंभीर जांच के बाद होगा भुगतान

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जनपद में 2100 किमी नहरों के नेटवर्क की सिल्ट की सफाई होनी है इस पर इस साल 8 करोड रुपए खर्च होगा लेकिन अब सिंचाई विभाग बेलगाम हो गया है टेंडर ना निकाल कर चाहते ठेकेदारों को काम दिया गया है ठेकेदारों ने भी मनमानी शुरू कर दी है काम के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने और बंदरबाट की स्थिति बन गई है। हालांकि इन सब के बीच डीएम ने साफ कर दिया है जिन नहरों की सफाई की जा रही है पहले जांच होगी और उसके बाद भुगतान किया जाएगा। साथ ही बिना टेंडर के साफकराई जाने वाली नहरों की जांच के लिए जांच कमेटी गठित की जाएगी। जिलाधिकारी की सख्ती के बाद ठेकेदारों और अभियंताओं में हडकंप मचा हुआ है। सिंचाई विभाग ने हदे पार करते हुए 1 करोड का कार्य बिना टेंडर निकाले ही कर डाला था हालांकि इस मामले में अभी कोई बडी कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा नहीं की गई है और ना ही जांच कमेटी बनाई गई है। प्रदेश के ईमानदार और तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल कर रहे सिंचाई विभाग के अधिकारियों की करतूत निराली है दअरसल एनटीपीसी तक डलमऊ पंप नहर के जरिए पानी पहुंचाया जाता है इसमें अनुरक्षण कार्य कराया गया है लेकिन इसका टेंडर नहीं निकल गया मनमानी और गैर जिम्मेदार तरीके से किए गए इस कार्य के बाद अब सिंचाई विभाग एनटीपीसी से भुगतान भी कर लेना चाहता है उसकी पूरी तैयारी में है! एनटीपीसी करोड रुपए का बजट सिंचाई विभाग को देता है जिसके जरिए सफाई और मरम्मत कार्य कराया जाता है इसी वर्ष सितंबर और अक्टूबर में 1 करोड का काम कराया गया और वह भी सिर्फ खाना पूर्ति की गई। इस बडे मामले में अभी तक रायबरेली जिला प्रशासन के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही ना होने से कई सवाल खडे होते है। जिला प्रशासन के नेतृत्व को तत्काल सिंचाई विभाग की कार्यशैली पर गौर करने की जरूरत है।

## भाजपा सरकार द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्यवाही और पुलिस फायरिंग में चार लोगों के मारे जाने के विरोध

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भाजपा सरकार




द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्यवाही और पुलिस फायरिंग में चार लोगों के मारे जाने के विरोध में जिला एवं षहर कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथी पार्क स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर ''मौन धरना'' दिया गया ।इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि संभल में जिस तरह से प्रदर्शनकारियों पर सीधे फायरिंग करने के वीडियो सामने आये है, जो भाजपा-आर.एस.एस. की सोची समझी साजिश का दुष्परिणाम है, संभल के भाई चारे को आग लगाने के लिए भाजपा सरकार कसूरवार है, अल्पसंख्यक समाज को दूसरे दर्जे के नागरिकों की तरह देखने वाली मोदी-योगी की सरकार ने आनन-फानन में कोर्ट में याचिका दाखिल कराई, इस पूरे मामले में भाजपा न तो सर्वे कराना चाहती थी न ही रोकना, उसका उद्देश्य केवल भाई-चारा खत्म करना था। इस अवसर पर सरिता गुप्ता, रमेश शुक्ला, विजयषकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, प्रवक्ता महताब आलम, सईदुल हसन, हाजी इलियास, अजीत सिंह, अनवार खान, महेश प्रसाद शर्मा, अनिल मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, मोहित मौर्या, आयुष द्विवेदी, रोहित सिंह, राजकुमार दीक्षित, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, सर्वोत्तम मिश्रा, आशीष द्विवेदी, सूर्य कुमार बाजपेई, प्रमोद पाण्डेय, मनीष सोनकर, सुनील कुमार, मनोज मिश्रा, मो. अशरफ, साहबशरण पासी, मो.सरताज, अमित मिश्रा, सुनील कुमार, घनश्याम शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पोलू खान, सफ्फू खां सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## बंदियों के लिए चलाया गया बन्दी रेडियो का किया शुभारंभ

**रायबरेली।** जिला कारागार में बंदियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नाम बंदी रेडियो रखा गया। बंदी रेडियो की खास प्रस्तुति यह है कि इसके माध्यम से बंदियों को देश भक्ति गाने क्लासिकल सॉन्ग एवं तमाम ऐसी जानकारियां समय-समय पर उपलब्ध कराई जा सकती हैं।शासन के मनसा रूप जो भी निर्देश अनुसार कार्य किए जाएंगे या कार्यों को बताया जाएगा उन सभी बातों को अब बंदी रेडियो के माध्यम से प्रत्येक बंदी तक पहुंचाया जा सकता है। बंदी रेडियो बंदियों के लिए खास कार्यक्रम है ताकि बंदियों को देशभक्ति क्लासिकल सॉन्ग और भक्ति गानों पर विचार करेंगे ताकि उनका मन शांत रहे। बंदी रेडियो जेल के अंदर महिला अस्पताल एवं सभी बैरकों में लगाया जाएगा।जहां इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे सरेनी पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह। वही मौके पर उपस्थित थे जेल के समस्त अधिकारी और जेलर हिमांशु रौतेला जिनके माध्यम से आज फीता काट कर जेल में बंदी रेडियो का उद्घाटन किया गया।

# चित्रकला प्रतियोगिता में फैज प्रथम व कुंदन द्वितीय स्थान

अवधनामा संवाददाता




फैज को सम्मानित करते रोटरी अध्यक्ष व अन्य

**कसया, कुशीनगर।** विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को बुद्ध महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर परिसर में रोटरी क्लब कुशीनगर एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में बुद्ध इंटर कॉलेज, कुशीनगर के 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान फैज रजा, द्वितीय स्थान कुमारी कुंदन गौतम एवं तृतीय स्थान कुमारी तनु सिंह ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि जागृत करना एवं धरोहर संरक्षण का संदेश फैलाना था। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व नोटबुक देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, कला और धरोहर का संरक्षण हमारी संस्कृति की पहचान को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।÷ वहीं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण सहायक शादाब खान ने प्रतियोगिता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में रोटरी क्लब के सदस्यों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## आवारा सांड ने महिला आरक्षी समेत तीन लोगों पर हमला किया

**ऊंचाहार।** आवारा सांड ने महिला आरक्षी समेत तीन लोगों पर हमला कर दिया, घटना में महिला आरक्षी को मामूली चोटें आई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसमें बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। रविवार की शाम पीआरवी में तैनात महिला आरक्षी विजय लक्ष्मी कोतवाली परिसर में अपनी बच्ची को घुमा रही थी, तभी सांड ने उन पर हमला कर दिया, आरक्षी के शोर मचाने पर जब लोग पहुंचे तो सांड वहां से भाग गया। घटना में आरक्षी को मामूली चोटें आई। सोमवार की सुबह नगर के रामलीला मैदान के पास डलमऊ का रहने वाला विक्रम 8 वर्ष पुत्र सिकन्दर पर सांड ने हमला करके उसे घायल कर दिया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया।बताया जा रहा है कि विक्रम बददा मियां का पुरवा मजरे ऊंचाहार देहात गाँव में रविवार को बुआ के घर आया था, जहां से घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पर बैठने जा रहा था।

# युवा शक्ति की एकजुटता राष्ट्र के प्रति समर्पण ही विश्व में राष्ट्र का नाम ऊंचा करेगा: राघवेंद्र

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी देवरिया।** शासन के आदेश अनुसार मदन मोहन मालवीय महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं एनसीसी और एन एस एस की इकाई के सम्मिलित प्रयास से सांप्रदायिक सद्भाव कम्युनल हार्मनी साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज अंतिम दिवस पर प्राचार्य सतीश चन्द् गौड़ की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया एवं अपने विचार रखे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि जब-जब सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ा है तब तब देश पीछे गया है और इसका देश के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, राष्ट्रीय शक्ति क्षीण हुई है, हमें इतिहास से सीख लेनी होगी, जाति धर्म क्षेत्र संप्रदाय से ऊपर उठकर सर्व धर्म समभाव हेतु एकजुट होकर कार्य करना होगा, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त कर पाएगा और हम विश्व गुरु बन पाएंगे, पर यह तभी संभव है जब हमारे युवा एकजुट होकर पूरी ऊर्जा के साथ इसके लिए आगे आएंगे। प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सतीश चंद्र गौड़ ने कहा कि आज सांप्रदायिकता हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या है, विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है इसे हमें किसी भी कीमत पर हटाना होगा, इसका समाधान खोजना होगा। डॉ अभिमन्यु पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विभिन्नताओं से भरा है यहां अनेक जाति, संप्रदाय, पंथ ,धर्म के लोग निवास करते हैं और सभी धर्म मानव के कल्याणार्थ ही बने हैं, पर हम क्षुद्र और संकीर्ण विचारों के बहकावे में आकर आपसी सौहार्द बिगाड़ लेते हैं, जो राष्ट्र और मानव कल्याण के लिए ठीक नहीं है। डॉ मनोज गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक अतिवाद से हिंसा बढ़ रही इससे युवाओं को बचाना चाहिए, धार्मिक ग्रंथो, वेदों का अध्ययन कर उसके मूल भावना को समझ कर आचरण व्यवहार करना चाहिए। डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए सांप्रदायिक सद्भाव आवश्यक है बिना इसके समाधान के विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं।

# क्षेत्र के 80 गांवों में जर्जर विद्युत पोल और तार बदले जाएंगे

अवधनामा संवाददाता

**कसया कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने अधिक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड कसया कुशीनगर को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विधानसभा क्षेत्र के पांच

**विधायक पीएन पाठक ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को लिखा पत्र**

दर्जन गांवों से अधिक जर्जर बिजली पोल और तार बदलने के लिए मांग किया है। बता दें कि कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पीएन पाठक से क्षेत्रीय लोगों द्वारा विधुत समस्या को लेकर लिखित मांग किया था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक पीएन पाठक ने अधिक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड कसया कुशीनगर को विधानसभा क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक गांवों के जर्जर बिजली पोल और तार बदलने के लिए



विधायक पीएन पाठक

लिखा है अब बिजली की समस्या दूर होगी। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि पूरे विधान सभा क्षेत्र में सड़क बिजली पानी और स्वास्थ्य शिक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा हमारा प्रयास होगा कि पूरे विधान सभा क्षेत्र के सभी गांवों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# गनपत सहाय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** स्थानीय गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज सुल्तानपुर में अर्थशास्त्र विभाग और इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे एक राष्ट्रीय सेमिनार महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि और मुख्य वक्त और तीन बार के कुलपति रहे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो.एमएम गोयल, विशिष्ट अतिथि और रिसोर्स पर्सन के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के भूतपूर्व डीन और अर्थशास्त्र विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष प्रो प्रहलाद कुमार और पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण स्कूल सुल्तानपुर के आईपीएस अधिकारी बृजेश मिश्रा जी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मंचस्थ महानुभावों द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा द्वारा आए हुए अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो. गोयल द्वारा ÷ यूनियन बजट 2024-25 पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए और गीता के अध्याय 9 के श्लोक संख्या 22 से प्रेरित नीडोनॉमिक्स पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें उन्होंने कहा कि ईश्वर आपकी जरूरतों को पूरा करने और उन्हें संरक्षित करने का कार्य करते है, केवल आपको उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके बाद विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रहलाद कुमार ने वैदिक साहित्य में पर्यावरण- वर्तमान की चुनौतियां पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि अपने वेदों में पर्यावरण से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान है। इसके बाद विशिष्ट अतिथि बृजेश मिश्र द्वारा आध्यात्म से संबंधित बातों पर चर्चा की गई और वर्तमान में छात्र छात्राओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की और उनको जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ बजरंगी द्वारा अपने अध्यक्षीय संबोधन में वर्तमान में अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ स्वस्थ संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है,क्योंकि माता ही अपने बच्चों की प्रथम गुरु होती है और घर प्रथम विद्यालय है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन वाणिज्य विभाग के डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. मो. शाहिद, प्रो.राजीव श्रीवास्तव, प्रो नसरीन, प्रो.गीता त्रिपाठी, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो.अनुज कुमार पटेल, डॉ. शैलेंद्र, डॉ.शहनवाज आलम, डॉ.भूपेश, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. अजय मिश्र, डॉ.दिनेश चंद्र द्विवेदी, डॉ पवन पाण्डेय, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने घायल नंदी महाराज का कराया इलाज

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जाति धर्म व गौमाता माता के नाम पर मर मिटने का दम भरने वाले तो बहुतायत हैं। पर जब वहीं गौवंश कहीं घायल पड़े कराह रहे होते हैं,तो उनके दर्द को महसूस करने वाले बिरले ही मिलते हैं। कुछ ऐसा ही मामला कुड़वार विकास खंड क्षेत्र के भंडरा परशुरामपुर ग्राम सभा के चंद्रकला गांव में देखने को मिला,जहां एक नंदी महाराज घायलावस्था में दर्द से बीते कई दिनों से कराह रहे थे। उनके पीछे के एक पैर के निचले हिस्से में कसकर (क्लच वायर) तार बंधने की वजह से घाव हो गया था जिसके कारण खून निकल रहा था,घाव से तड़प रहे नंदी महाराज ज्यादा चल भी नहीं पा रहे थे। परन्तु उनके इलाज व देखभाल के लिए कोई आगे नहीं आया। गौरक्षा वाहिनी के कुड़वार ब्लाक प्रभारी उदय प्रकाश मिश्रा ने लिया संज्ञान

रविवार की सुबह नंदी महाराज के घायल होने की जानकारी राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ के कुड़वार ब्लाक प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार उदय प्रकाश मिश्रा को सूचना मिलते ही पशु चिकित्सक डॉ राहुल गुप्ता को सूचित करते हुए घायल नंदी महाराज का इलाज कराया।

जानकारी देते हुए गौरक्षा वाहिनी कुड़वार ब्लाक प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार उदय प्रकाश मिश्रा ने बताते हैं कि राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह के नेतृत्व में रविवार को भंडरा परशुरामपुर ग्राम सभा के चंद्रकला गांव निवासी सहदेव पाठक द्वारा सूचना दी गई थी कि एक नंदी महाराज के पिछले पैर में लोहिया (क्लच वायर) तार कसकर बंधा हुआ है। जिसके कारण घायल नंदी महाराज को ज्यादा चलने में दिक्कत हो रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने कुड़वार पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल गुप्ता को जानकारी दी। वहीं गांव के स्थानीय पशु प्रेमियों की मदद से नंदी महाराज को पकड़ कर पशु चिकित्सक की मदद से पैर में बंधे तार को काटकर निकला गया और इंजेक्शन,दवा पट्टी कराकर समुचित इलाज कराया गया।

## संविधान दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**बहराइच।** संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 को स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष-पर्यन्त विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। यी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 26 नवम्बर 2024 को जनपद मुख्यालय, समस्त नगर निकायों/ जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों/ ग्राम पंचायतों तथा शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में लोक भवन स्थित सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा।

जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी नगर निकाय, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त निकायों के अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं.) को उत्तर दायित्व सौंपा गया है।

# जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विशु राजा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नशा मुक्त अभियान की बैठक आयोजित की गयी, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन सामान्य को जागरूक करने का आवाहन किया, उन्होंने कहा कि इसके लिए स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के बच्चों में इस अभियान के प्रति जागरूकता तो फैलाई जाए साथ ही साथ मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म, प्रिन्ट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाए।

इसके अलावा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन-जन के मन में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं दुष्परिणामों को प्रदर्शित किया जाए, उन्होंने मद्यनिषेध अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के आसपास की दुकानों पर धुम्रपान, मदिरा एवं नशीली दवाओं आदि सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करें। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों में 100 मी0 क्षेत्र में नशे से सम्बन्धित कोई भी सामग्री बिकने नहीं पाए इस हेतु पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि पुलिस अभिसूचना

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया**

एवं अन्य माध्यमों से नशीले पदार्थो की तस्करी की जानकारी कर आवश्यक कार्यवाही करें।

साथ ही साथ नशा मुक्ति केन्द्रों एवं पुनर्वास केन्द्रो के क्रियाकलापों का समय-समय पर पर्यवेक्षण किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि आने वाली पीढ़ियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है, इसलिए जरूरी है कि हम इनके अन्दर इसके दुष्प्रभावों के प्रति चेतना एवं जागरूकता पैदा करें। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी सूर्य कुमार मिश्रा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्णमोहन सिंह, सी.एम.ओ. प्रतिनिधि डॉ0 जी.सी. पालीवॉल, स0म0नि0अधि0 विमल कुमार, सीडीपीओ अरविन्द कुमार, उप निरीक्षक धनपाल, सूचना विभाग से जीशान हुसैन, कोमल फाउण्डेशन अश्वनी कुमार राजौरिया, लायक सिंह अधीक्षक, लेखाकार रजनेश कुमार, व0सहा0 निरोत्तम सिंह उपस्थित रहें।

# स्मैकिए तबाह कर रहे युवाओं की जिंदगी

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** लखनऊ- वाराणसी फोरलेन का असरोगा टोल प्लाजा क्षेत्र अवैध कारोबार का गढ़ बन गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से दुकानें बना ली हैं। स्मैक, डीजल और कोयले के अवैध कारोबार से स्थानीय लोगों में गुस्सा व्याप्त है। समाजसेवियों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की मांग उठाई है। लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर असरोगा टोल प्लाजा के निकट दोनों पटरियों पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। कुड़वार थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के लोगों ने अधिकांश रूप में यह अवैध अतिक्रमण कर रखा है और यहां पर दुकान बना ली गई है। एनएचआई के अधिकारियों के साथ आपूर्ति विभाग के जिम्मेदार इंस्पेक्टर और प्रशासनिक अधिकारी इस अवैध कार्य के प्रति बेपरवाह बने हुए हैं। ना तो सप्लाई ऑफिस की तरफ से मिलावटी डीजल की जांच की जा रही है जो धड़ल्ले से वाहनों को सप्लाई किया जाता है। शाम ढलने के बाद अवैध कारोबारी सक्रिय हो जाते हैं। और ना ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से अवैध अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया जाता है। स्मैकिए भी यहां के युवाओं का जीवन तबाह करने के लिए लगे हुए हैं। शाम ढलने के साथ खुलेआम स्मैक पुड़िया के रूप में यहां बेचा जाता है। अधिवक्ता दीपक कुमार समेत जिम्मेदार नागरिकों ने इस बाबत जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को पत्र भेजा है। पत्र के जरिए इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने जांच करने और ठोस कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त करते हुए यहां रोजगार सृजन और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का मुद्दा उठाया गया है। डीजल, पेट्रोल, कोयला समेत स्मैकिए की सक्रियता को देखते हुए यहां के लोगों में काफी गुस्सा भी देखा जा रहा है।

## अवैध असलाह के एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर खंजापुर भट्टे के पास से अभियुक्त अर्जुन ठाकुर उर्फ अवधेश ठाकुर पुत्र धर्मेन्द्र ठाकुर निवासी अलानी नगर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद स्थायी पता बस स्टेण्ड के सामने वाली गली विरेन्द्र नगर थाना कोतवाली जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश उम्र करीब 21 वर्ष को अवैध एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध बरामदगी के आधारा पर मु0अ0सं0 413/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ0नि0 अमित आनन्द, का0 1169 रामगोपाल, का0 868 योगेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# उपकरण पाकर दिखी दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर मुस्कान

**उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र चित्तौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा पर दिव्यांग बच्चों का एक दिवसीय एलिम्को उपकरण वितरण कैंप का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बीएसए आशीष कुमार सिंह प्रतिनिधि सीएमओ जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी बृजेश सिंह और दिव्यांग कल्याण अधिकारी वीपी सत्यार्थी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा और संचालन राकेश कुमार मिश्रा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विकास खंड चित्तौरा पयागपुर विशेश्वर गंज नगर क्षेत्र हुजूरपुर विकास खंड से आए दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए गए।

आज शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 25 ट्राई साइकिल 17 व्हील चेयर 7 सीपी चेयर तथा अति गंभीर मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए 10 बैसाखी 6 रो लेटर 3 ब्रेल किट 2 सुगम्य केन033 हेयरिंग ऐड तथा 8 बच्चों को कैलीपर्स के साथ-साथ अन्य उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने दिव्यांग बच्चों को लेकर आने वाले अभिभावकों से कहा कि सरकार बच्चो के भविष्य के लिए सदैव चिंतन करती रहती है कि नौनिहालों का भविष्य उज्वल हो सके लेकिन सरकार का यह मिशन तभी पूरा होगा जब आप भी स्कूलों में बच्चों को भेजकर सहयोग करेंगे। इसी तरह स्वास्थ्य सूचना अधिकारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि सरकार ने बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड का तोहफा दिया है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है कि अधिक से अधिक लाभ सभी बुजुर्गों के कार्ड बन जाए। इस अवसर पर जयवीर सिंह महेंद्र सिंह गिरजेश पाण्डेय वेद प्रकाश यादव रंजना देवी आरती सिंह स्नेह लता पाण्डेय चंद्रभानु दिनेश कुमार राजेश पटेल साकेत मणि पाण्डेय पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वेदांता में इलाज के लिए भर्ती हुए थे इसौली सपा विधायक मो.ताहिर खां



**सुल्तानपुर/लखनऊ।** इसौली विधानसभा के एक मात्र सपा विधायक मो,ताहिर खां पिछले दिनों अस्वस्थ होने पर पी.जी.आई.में इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। जहां पर आराम न होने पर प्राइवेट अस्पताल चंदन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से वह डिस्चार्ज होके अपने घर आ गए थे। अचानक फिर से प्लेटलेट्स डाउन हो गई, जिससे उनके परिजनों ने उन्हें तत्काल वेदांता अस्पताल राजधानी लखनऊ में भर्ती कराया गया था। जहां पर विधायक मो, ताहिर खां का उपचार चल रहा है। ताहिर खां ने जानकारी देते हुए कहा कि हमे अपने जिले एवं क्षेत्र के लोगों की दुआओं का सबसे ज्यादा असर हुआ। मै अपने छेत्र एवं जिले वासियों के लोगो का शुक्रगुजार हू। मै सभी को तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं उन्हों ने बताया कि मै बहुत जल्द से जल्द अपने आवाम के बीच उपस्थित हूंगा।

### आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

**टूण्डला।** नगर के सागर आईटीआई आगरा मार्ग मोहम्मदाबाद में संविधान दिवस मंगलवार दोपहर 12 बजे से बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा यह जानकारी कार्यक्रम की व्यवस्थापक लाखन सिंह वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर संगोष्ठी के साथ साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है उन्होंने सभी अंबेडकर अनुआइयों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### मिशन शक्ति के तहत किया स्कूली बच्चों को जागरूक



**टूण्डला।** थाना नगला सिंघी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम पंचायत रसूलाबाद के गांव बालमपुर में स्कूली बच्चों के साथ महिला व पुरुषों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत महिलाओं पुरुषों तथा स्कूली बच्चों को बताया गया कि उनको झूठे मुकदमे साइबर क्राइम से बचना चाहिए। सोशल मीडिया का प्रयोग हमें बहुत ही सचेत होकर करना चाहिए। यातायात माह चल रहा है इसलिए सभी को यातायात नियमों की जानकारी होनी चाहिए जिससे हम दुर्घटना का शिकार न बन सके इस मौके एसआई खेमचंद संजीव कुमार प्रधान राजपाल सिंह हरविलास फूलवती मंजू देवी आदि उपस्थित रहे।

### एक दिन की प्रधानाध्यापक बनी ज्योति ने लगाई अध्यापकों की क्लास



**टूंडला।** कक्षा 8 की छात्रा ज्योति ने यू पी एस विद्यालय टूंडला पर एक दिन की प्रधानाध्यापक बन कार्यभार संभाला ज्योति ने सभी अध्यापकों की उपस्थिति चेक की उसके बाद क्लास में किस तरह छात्र-छात्राओं की क्लास चल रही है। यह भी निरीक्षण किया और सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी बनाने के लिए प्रेरित किया यह कार्य विनीता जिला गाइड कैप्टन मिशन शक्ति नोडल के द्वारा किया गया।प्रधानाध्यापक ज्योति द्वारा दिशा निर्देशों पर समस्त स्टाफ ने बहुत ही अच्छे से अपना कार्यभार पूर्ण किया ज्योति कक्षा 8 की छात्रा है इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार यादव मीनाक्षी वर्षा अनुपम प्रिया जैन रीता वर्मा सुनीता सिंह उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय समिति ने की जिले के लिए 125 परीक्षा केन्द्रों की संस्तुति

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु प्राप्त हुई आपत्तियों के निराकरण हेतु विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें तहसील स्तरीय समिति एवं जनपद स्तरीय समिति द्वारा आपत्तियों पर गहनता से परीक्षण किया गया। परीक्षोपरान्त मुख्यालय परिषद कार्यालय, प्रयागराज द्वारा जनपद बहराइच हेतु 93 परीक्षा केन्द्रों में 08 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों जहाँ पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न होने के कारण परीक्षा केन्द्र निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया तथा छात्र/छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत 40 अन्य विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर समिति द्वारा निर्णय लिया गया। इस प्रकार जनपद बहराइच हेतु जनपदीय समिति द्वारा कुल 125 परीक्षा केन्द्रों की संस्तुति की गयी, जो माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा 27 नवम्बर 2024 को विभागीय वेबसाईट यूीवएएसपी डाट ईडीयू डाट इन पर प्रदर्शित कर दी जायेगी।

बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा प्रमाणित/अपडेट करायी गयी विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की वर्ष-2025 की हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं हेतु निर्धारित आनलाइन प्रक्रिया के अन्तर्गत मुख्यालय परिषद कार्यालय, प्रयागराज द्वारा जनपद बहराइच हेतु 93 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण करते हुए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र एवं छात्र आवंटन सूची 10 नवम्बर 2024 को जारी की गयी थी। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा प्रस्तावित सूची पर जनपद बहराइच के समस्त शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त उ.मा.वि./इण्टर कालेजों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/छात्र/अभिभावकों से 14 नवम्बर 2024 तक युक्तियुक्त कारणों/साक्ष्यों सहित जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति के समक्ष परिषद द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रत्यावेदन ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल एवं कार्यालय के ई-मेल पर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। श्री अहिरवार ने बताया कि 14 नवम्बर 2024 तक कुल 93 आपत्तियां प्राप्त हुयी। जिनका जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में तहसील स्तरीय समिति के माध्यम से पुनः स्थलीय निरीक्षण कराया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी व तहसील स्तरीय समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कार्य योजना जारी

**मैनपुरी।** उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खरीफ व रबी मौसम हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कार्य योजना जारी की गयी है, योजना को जनपद में संचालित करने हेतु एच.डी.एफ.सी. एगो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमि. को नामित किया गया है, योजनान्तर्गत प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से अधिसूचित फसलों को क्षति होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति प्रदान किया जायेगा, जनपद में रबी मौसम हेतु अधिसूचित फसलें गेहूं, चना, मटर, सरसों, आलू है, प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से फसलों की बुवाई न कर पाना, असफल बुवाई, खड़ी फसलों को क्षति की स्थिति, फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसम वर्षा से नुकसान के जोखिम को कवर किया गया है।

## समितियों से खाद नदारद, परेशान हो रहे हैं किसान



**भदैया,सुल्तानपुर।** बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति कंधईपुर केंद्र पर फ़सल बुआई हेतु डीएपी खाद के लिए किसान काफ़ी परेशान नज़र आए।खाद पाने के लिए किसान तरह-तरह की सिफारिशें एवं जुगाड़ लगाते दिखे। स्थानीय होने के नाते समिति कर्मियों को भी चुनौती का सामना करना पड़ा। सब क्षेत्रीय होने के चलते किसको हां कहें, किसको कहें ना। बात बिगड़ ना जाय,इसके मद्देनज़र स्थानीय सुरक्षा कर्मी भी मौके पर तैनात रहे। भीड़ का आलम यह था कि मात्र 200 बोरी खाद के लिए चार गुना किसान सुबह चार बजे से लाइन लगाए खड़े थे। जिनमें अधिकतर किसानों को मायूसी हाथ लगी। भदैया विकास क्षेत्र के बहुउद्देशीय सहकारी समिति कंधईपुर का मामला बताया जा रहा है।

# निर्माणाधीन परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा में करें हेंडोवर

**निरंतर अनुपस्थित चल रहे छात्रों के अभिभावकों से संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में किया जाए जागरूक-राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण दिव्यांगजन सशक्तिकरण**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने भोगांव स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में रू. 728.89 लाख की लागत से निर्माणाधीन मनोरंजन कक्ष एवं छात्रावास का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था उ.प्र. राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि. प्रखण्ड (यू.पी.सी.एल.डी.एफ.) के अधिशाषी अभियंता को आदेशित करते हुए कहा कि लेबर बढ़ाकर अगले माह के अंत तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करें, कार्य में गुणवत्ता, मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने जानकारी करने पर पाया कि कार्य माह जून 2019 में प्रारंभ हुआ था, कार्य दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, धीमी कार्य प्रगति के कारण अब यह कार्य दिसम्बर 24 को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, निरीक्षण के दौरान मौके पर रंगाई-पुताई का कार्य संचालित पाया गया, मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता ने बताया कि स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अब तक रू. 692.45 लाख की धनराशि अवमुक्त हो चुकी है, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष रू. 589.24 लाख व्यय की जा चुकी है, परियोजना में भूतल 1034.15 वर्ग मीटर एरिया 05 नग डोरमैट्री, 01 नग डायनिंग हॉल, 01 नग किचन, 01 नग वार्डन रूम, 01 नग विजिट रूम, 02 नग शौचालय ब्लॉक, प्रथम तल 1019.27 वर्ग मीटर एरिया 08 नग डोरमैट्री, 01 नग मनोरंजन कक्ष, 01 नग सिक रूम, 02 नग शौचालय ब्लॉक, द्वितीय तल 1019.27 वर्ग मीटर एरिया 08 नग डोरमैट्री, 01 मल्टी परपस हॉल, 01 कॉमन रूम, 02 नग शौचालय ब्लॉक, मनोरंजन कक्ष 252.85 वर्ग मीटर एरिया, इंटरलॉकिंग, ड्रेन वर्क 250 रनिंग मीटर का कार्य सम्मलित था जो लगभग पूर्ण हो चुका है, फिनिशिंग, खिड़की, दरवाजे का कार्य शेष है।

प्रभारी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि धीमी कार्य प्रगति के कारण निर्माण कार्य समय से पूर्ण नहीं हो सका बावजूद इसके मौके पर किसी भी कार्य के लिए पर्याप्त मात्रा में लेबर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता से कहा कि टाइल्स, फर्नीचर, स्टील आदि के कार्य हेतु अलग-अलग टीमें लगाकर कार्य प्रत्येक दशा में दिसंबर माह के अंत तक पूर्ण कर संबंधित विभाग को हैंडोवर करें। उन्होंने विद्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया कि पंजीकृत 221 छात्रों के सापेक्ष आज मात्र 140 छात्र ही उपस्थित हुए, उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया कि विद्यालय से अधिकांश छात्र नियमित रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं, जिस पर उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि पंजीकृत छात्रों के अभिभावकों से संवाद कर उन्हें प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें, जिला समाज कल्याण अधिकारी पाक्षिक रूप से विद्यालय का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखें, छात्रों के अभिभावकों से वार्ता कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताएं, प्रदेश सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में कक्षा-06 से कक्षा-12 तक के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ निःशुल्क भोजन, रहने की व्यवस्था, ड्रेस, किताब-कॉपी भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, इसका लाभ पाने के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहकर छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करें।


**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस संख्या – GEM/2024/B/5608579 दिनांक: 25.11.2024

इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2024/B/5608579 | Fork Lifter Capacity 5 Ton with Accessories, as per attached Annexure. | 4 Nos. | 18.12.2024 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानि https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

3620/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दरगाह वारसी पर पेश की गई मौला अली की नज़र



अववधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कौमी एकता की प्रतीक दरगाह अबुल हसन शाह वाहसी कटरा शाहब खां में आयोजित तीन दिवसीय 100 वें उर्स की श्रंखला में दूसरे दिन उर्स का शुभारम्भ कुरआन ख्वानी के साथ हुआ। दरगाह अबुल हसन शाह वारसी पर उर्स के दूसरे दिन दोपहर को बाद नमाज़े जोहर हाजी सैयदना महमूद शाह वारसी के मजार पर गुस्ल हुआ जिसमे मुम्बई से आये पारसी परिवार के लोगों ने संदल व चादरें पेश की। शाम को अस्र की नमाज के बाद महफ़िले सिमा का आयोजन किया गया और मौलाए कायनात हजरत अली शेरे खुदा अस.की नज़र पेश की गई जिसमें कव्वालों ने मौला अली की शान में बेहतरीन कलाम पेश किये। रात को महफिले सिमा का आयोजन हुआ जिसमे बाहरी जनपद से आये कव्वालों ने बेहतरीन कलाम पेश कर समा बांध दिया। साथ ही हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी का कुल शरीफ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उर्स के दौरान बाहरी जनपदों सहित जनपद के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मन्नत-मुरादे मांगी। उर्स के दौरान जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। दरगाह वारसी के मुख्य गेट के बाहर अस्थाई पुलिस चौकी भी स्थापित की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य शिविर की भी व्यवस्था की गई है। उक्त जानकारी दरगाह शरीफ द्वारा मीडिया ग्रुप के माध्यम से दी गई।

# वीरांगना सम्मानः महिला हित के कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

वहाज अली निहाल



**इटावा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रेरणा सभागार विकास भवन इटावा में आयोजित वीरांगना सम्मान कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया एवं विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम के तहत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरूकता किया गया। महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों व महिला हिंसा से सम्बन्धित जानकारी दी गयी साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर-वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 तथा साइबर अपराधों के बारे में सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एवं प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ऑपरेशन गरुण चलाया जा रहा है। एसिड की अवैध बिक्री के विरुद्ध ऑपरेशन शील्डअभियान चलाया जा रहा है। अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये ऑपरेशन डेस्ट्रायचलाया जा रहा है। बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरुद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु ऑपरेशन बचपनचलाया जा रहा है। गुमशुदा बच्चों/ बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान ऑपरेशन खोज चलाया जा रहा है। महिला स्कूल/ कालेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स पर अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध ऑपरेशन मजनू चलाया जा रहा है। शराबी नशेड़ी एंव अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये ऑपरेशन नशा मुक्ती अभियान चलाया जा रहा है। मानव तस्करी कर लायी गयी महिलाओं बालिकाओं को रेस्क्यु करना एवं उन्हे पुनर्वासित करने के संबंध में विधिक कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन रक्षा चलाया जा रहा है।

# आढ़ती के बैग से अज्ञात टप्पेबाजों ने निकाले पांच लाख

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** बैंक से दस लाख की रकम निकालकर ई रिक्शा द्वारा गल्ला मंडी जा रहे आढ़ती के बैग से अज्ञात टप्पेबाजों ने 5.60 लाख रुपये निकाल लिए, जैसे ही गल्ला व्यापारी अपनी दुकान में पहुंचा तो व्यापारी के बेटे ने जब रकम की गणना की तो बैग में कुल 4.40 लाख रुपये ही मौजूद मिला। काफी देर खोजबीन करने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात टप्पेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने एवं उनसे पूरी रकम एकत्र करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव निवासी मुशीर अहमद पुत्र साहब खांन नवीन गल्ला मंडी में आढ़त व्यापार का काम बीते कई सालों से कर रहे हैं। उन्होंने तहरीर के माध्यम से बताया कि जब वह प्रतिदिन की भांति भारतीय स्टेट बैंक दोपहर में तकरीबन 1 बजे पहुंचे और काउंटर से 10 लाख रुपये निकाल बैग में डाले तथा ई रिक्शा में सवार होकर गल्ला मंडी की तरफ जाने लगा तो रास्ते में ही दो महिलाएं भी उसी रिक्शा में बैठ गई और भीड़ होने के बाद रिक्शा में काफी कसमकश के बीच गल्ला मंडी पहुंचा और अपनी दुकान गया तो वहां मौजूद मेरे पुत्र ने जब बैग खोलकर किसानों को पैसा देने के लिए रकम निकाली तो उसमें मात्र 4.40 लाख रुपये निकला जिसके बाद दोनों बाप-बेटे बैंक पहुंचे और वहां से जानकारी लेनी चाही लेकिन कुछ संतोषजनक जवाब नहीं मिला जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात टप्पेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने और टप्पेबाजों से पैसा वसूल करने की मांग की है।

बताते चलें कि क्षेत्र में पैर फैला चुके टप्पेबाज दिन प्रतिदिन ऐसी घटनाओं को घटित कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं लेकिन कोतवाली पुलिस ऐसी घटनाओं को नजरंदाज किये हुए है जो पुलिस प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है।

## अवैध खनन के खेल में पर्यावरण के साथ करोड़ों के राजस्व का लगा चूना

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में अवैध खनन का खेल बदस्तूर जारी है। अवैध खनन के इस खेल में ज़िम्मेदार अधिकारियों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। जबकि खनिज विभाग उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सीएम आदित्यनाथ योगी के पास है। इसके बाद भी जमकर अवैध खनन का खेल खेला जा रहा है। जिससे अत्याधिक पर्यावरणीय छति को सरअंजाम दिया जा रहा है।जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। इसपर समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता विनय श्रीवास्तव ने आवाज़ बुलंद करते हुए तत्काल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर विराम लगाने की जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है। विनय श्रीवास्तव का कहना है कि

अवैध खनन में लिप्त पट्टाधारकों ने अवैध खनन के सापेक्ष लगे शमन शुल्क को तो जमा कर दिया पर पर्यावरणीय छतिपूर्ती न जमा कर प्रशासन को अपने मन मुताबिक प्रभावित करने का कुचक्र रचा जा रहा है। जिससे राजस्व की भारी छति कारित होने की प्रबल संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश शासन के सोनभद्र दौरे के दौरान विनय श्रीवास्तव ने मिलकर अवैध खनन कर राजस्व एवं पर्यावरण की छति करने वाले पट्टा धारकों के खिलाफ विधिक कारवाई करते हुए शासनादेशनुसार उनसे पर्यावरणीय छति पूर्ति वसूल कराए जाने के सम्बंध में शिकायती पत्र सौंपा। वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने आश्वासन दिया की नियमानुसार बकाया पर्यावरणीय छतिपूर्ति शुल्क जमा कराया जाएगा। ग्राम बिल्ली मारकुंडी तहसील ओबरा जनपद सोनभद्र में आराजी संख्या 7536 ग खण्ड नम्बर एक में स्वीकृत खनन पट्टा मेसर्स साई राम इंटरप्राइजेज के नाम से डोलो स्टोन की खनन लीज स्वीकृत है। इसके साथ ही आराजी नम्बर 4478 छ में सचिन अग्रवाल के नाम से मेसर्स ओमेक्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड व राजीव कुमार शर्मा की मेसर्स बाबा खाटू इंडस्ट्रीज़ आराजी नम्बर 5593 क, खण्ड नम्बर 8 में साथ ही मनीष खुसलानी के नाम से मेसर्स के डी रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड व आराजी नम्बर 7407 में सुरेश चंद्र गिरी के नाम से डोलो स्टोन का खनन लीज पट्टा स्वीकृत है।

# बाल श्रम उन्मूलन व बंधुआ श्रम उन्मूलन समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपदीय बाल श्रम उन्मूलन समिति, बंधुआ श्रम उन्मूलन सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बंधुआ मजदूरी , बाल श्रम आदि नहीं होना चाहिए इसपर नियमित रूप से प्रवर्तनीय कार्यवाही की जाय। नियमित रूप से निजी व्यावसायिक संस्थानों ,दुकानों आदि में छापेमारी की जाय। कहा कि बाल श्रम आदि से संलग्न बच्चों को गोद लेकर उन्हें शिक्षा से जोड़ा जाए तथा उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि से लाभान्वित कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए। ऐसे बच्चों को शिक्षा एवं कौशल विकास से जोड़कर तथा अप्रेंटिशिप आदि से जोड़कर उन्हें मुख्य धारा में लाया जाए। निर्माण श्रमिकों का श्रम विभाग में शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए। जनपद में श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन बढ़ाने हेतु श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के मध्य योजना का प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए तथा कैंप लगाकर जन जागरूकता किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना में श्रमिकों को जोड़ने हेतु कार्यदायी विभागों से श्रमिकों का डाटा ले लिया जाय तथा उसी के अनुसार संबंधित विभागों को लक्ष्य दिया जाए। इस संबंध में ठेकेदारों के साथ भी बैठक कर लिया जाए। ज्ञात हो कि श्रम योगी मानधन योजना में 18 से 60 वर्ष के पंजीकृत श्रमिक पात्र हैं। जिन्हें 60 वर्ष के बाद ?3000 से 6000 तक की मासिक नियमित पेंशन प्राप्त होगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, पीडी साधना दीक्षित, बीएसए आलोक सिंह , श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिदोखर में अघोषित विद्युत कटौती से नहीं हो पा रहा पलेवा

अवधनामा संवाददाता

**किसानो ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार**

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न मिल पाने के कारण क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान खेतों में पलेवा नहीं कर पा रहे हैं, जिससे रबी की फसल की बुआई में देरी हो रही है।

ग्राम बिदोखर के किसान प्रभुपाल, रमेश, अखिलेश, वीरेंद्र, परशुराम यादव, अनूप कुमार, आदि ने बताया कि दिन में मुश्किल से चार घंटे ही बिजली मिलती है। यह समय भी इतना कम होता है कि आधा बीघा खेत की सिंचाई पूरी नहीं हो पाती। किसानों ने शिकायत की है कि बिदोखर से मवईजार वाली लाइन में खंभे लगाने का काम जारी है, जिसके चलते दिन में मनचाही बिजली कटौती हो रही है। वहीं, रात में बिजली आपूर्ति लगभग बंद रहती है, जिससे पलेवा का काम ठप पड़ा हुआ है। बिजली संकट के कारण किसानों को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है। रबी की फसल बोने का समय तेजी से बीत रहा है, लेकिन सिंचाई न होने के कारण किसान अपने खेतों में बुआई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए ताकि किसान अपनी फसलें समय पर बो सकें और कृषि कार्यों में हो रही बाधा दूर हो सके। किसानों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो उनकी रबी की फसल पर भारी असर पड़ेगा, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन स्थलों की रूचि व्यक्त करने के लिए चला कैम्पेन



**हमीरपुर।** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार एवं उप्र पर्यटन द्वारा देखो अपना देश-पीपुल्स च्वाइस के अन्तर्गत पर्यटन स्थलों की रूचि व्यक्त करने के लिए कैम्पेन चलाया गया, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश एवं प्रदेश के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देखो अपना देश-पीपुल्स च्वाइस चलाया गया है, इस कैम्पेन के माध्यम से आम जनमानस द्वारा पोर्टल पर अपने पसंदीदा गंतव्यों क़ी महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए प्रचार-प्रसार किया जा सके तथा प्रदेश के ऐसे गन्तव्य - पर्यटन स्थलों हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर उनके विकास को गति प्रदान की जा सके, इस दौरान अपने मोबाइल से पोर्टल पर जनपद जिलाधिकारी घनश्याम मीना, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डा नागेन्द्र नाथ यादव सहित जनपद के विद्यार्थियों, अधिकारियों शिक्षको इत्यादि ने अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल के लिए पोर्टल पर अपनी अभिरुचि दी, पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन सूचना अधिकारी डा चित्रगुप्त उपस्थित रहे।

### हेल्थ कैंप का आयोजन



**सोनभद्र/डाला।** ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में डाला नगर पंचायत के धउता टोले में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, और कुल 105 लोगों को की जांच कर दवा का वितरण किया गया, इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह, चन्द्रभान यादव,गुड़िया देबी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### टेस्टी इनोवेशन प्रतियोगिता का किया आयोजन




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब मे कोर वैल्यू उत्सव के अंतर्गत दिनांक 23 नवम्बर 2024 को ÷टेस्टी इनोवेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नवाचार और अध्ययन को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता ने एक शानदार मिश्रण प्रस्तुत किया, जिसमें न केवल स्वादिष्ट व्यंजन थे, बल्कि उनकी कलात्मक प्रस्तुति भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। प्रतियोगिता में कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रचनात्मकता से व्यंजनों को नया रूप दिया। इस प्रतियोगिता में मिस विंध्या किचेन क्विनका खिताब राश्मी ने जीता, जबकि प्रथम उपविजेता प्रियंका पांडे और द्वितीय उपविजेता रीता कुमारी रही। साथ ही सुमति सरोज प्रसाद, सुमति अंजू देवी और सुमति अनुपम कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

# बुवाई करने जा रहा ट्रैक्टर पलटा युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता



**राठ,हमीरपुर।** राठ तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के चंडौत गांव में रविवार शाम को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर खाई में पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक अपने खेत की बुवाई के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, चंडौत गांव के निवासी 35 वर्षीय विमल कुमार, जो कि सीताराम राजपूत का ट्रैक्टर लेकर अपने साथी जयपाल के साथ खेत की बुवाई के लिए जा रहा था, अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चला रहे विमल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। विमल कुमार अपने परिवार का पालन पोषण अपने पिता की 10 बीघा कृषि भूमि पर खेती करके करता था। उसके परिवार में पत्नी पिंकी देवी, मां भाग्यवती, और दो बेटियां व दो बेटे हैं, जिनमें सबसे बड़ा बेटा 12 वर्षीय राखी, 7 वर्षीय रिकी और 4 वर्षीय ऋतिक है। परिवार के इस काले दिन पर उनके घर में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# एनसीएल ब्लॉक-बी में संपन्न हुई अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/सिंगरौली।** रविवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना में अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। 19 नवंबर से 24 नवंबर 2024 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 मैच खेले गए। समापन समारोह के दौरान प्रोजेक्ट ऑफिसर (ब्लॉक-बी) समीर कुमार कुंडु मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। इस दौरान अपने अपने उद्बोधन में उन्होनें विजेता टीम को बधाई देते हुए उपस्थित सभी को मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेल-कूद में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर कंपनी स्तरीय जेसीसी सदस्य, ब्लॉक-बी परियोजना से जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्षगण, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयंत एवं सीडबल्यूएस की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान जयंत टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सीडबल्यूएस टीम को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान संतोष कुमार (सीडबल्यूएस ) बेस्ट डिफंडर, चंद्रमोहन मुरमु (सीडबल्यूएस) बेस्ट स्कोरर एवं यश वर्मा (मुख्यालय) बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट के रूप में चुने गए। समापन समारोह के दौरान मोहम्मद फहद , स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु रेफरी एवं सभी टीम के खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञपित किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु ऐसी अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

अववधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' के अन्तर्गत जिले के चारों तहसीलों में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत असहाय व गरीब परिवार के पात्र युवक-युवतियों की शादी करायी गयी, इसी क्रम में आज राबर्ट्सगंज ब्लाक के डायट परिसर उरमौरा में धूम-धाम व धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विधायक सदर भूपेश चैबे, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, ब्लाक प्रमुख नगवां आलोक सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहीं और शादी समारोह को भव्य तरीके से सम्पन्न कराया गया। इसी प्रकार से रेलवे फूटबाल मैदान चोपन में राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, ब्लाक प्रमुख चोपन लीला गौंड़, पूर्व राज्यसभा सांसद रामसकल ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिये। इसी प्रकार से घोरावल ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय देवली मय केवली में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में ब्लाक प्रमुख दीपक पटेल, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या उपस्थित रहकर वर-वधू को आशीर्वाद दियें, इसी प्रकार से भाऊराव पी.जी. कालेज दुद्धी में ब्लाक प्रमुख दुद्धी, रामनरेश पासवान, श्रवण कुमार गौंड़, विधायक दुद्धी के प्रतिनिधि अवध नारायण यादव उपस्थित रहें और वर-वधू को अपना आशीर्वाद दियें। दुद्धी ब्लाक में 183, राबर्ट्सगंज ब्लाक के डायट परिसर में 85, घोरावल ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय देवली मय केवली में 89 व चोपन ब्लाक के रेलवे फूटबाल मैदान चोपन में 86 जोड़ों की शादी सम्पन्न करायी गयी, जनपद के चारों तहसीलों में प्रदेश की लोकप्रिय सरकार के मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री सामूहिक सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सोनभद्र जिले में 443 जोड़ों की शादी सम्पन्न करायी गयी, जिसमें से कुल 5 जोड़ों को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुरूप निकाह कराया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजीव कुमार गौंड़, विधायक सदर भूपेश चैबे, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी व कार्मिकगण, धार्मिक पूजा, जयमाल, सिन्दूरदान, शादी के सात फेरे कराकर शादी सम्पन्न कराये, शादी समारोह में भोज का भी आयोजन किया गया।

# डॉ राकेश रंजन पुनः बने लायंस क्लब ऑफ रेणुकूट के अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** लायंस क्लब ऑफ रेणुकूट द्वारा हिंडाल्को प्रेक्षागृह में 54वें पदारोहण सामारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रथम जिला गवर्नर डॉक्टर अर्पण धर दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा संचालक रवि शंकर तिवारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन डॉक्टर राकेश रंजन, सचिव लायन सुभाष राय कोषाध्यक्ष लायन राजीव रंजन को मंच पर आमंत्रित किया। अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित जिले के अन्य क्लब से आए हुए पदाधिकारी तथा क्लब सदस्यों को अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। विगत सत्र में क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों का विवरण सचिव लायन सुभाष राय ने प्रस्तुत किया। इंडक्शन ऑफिसर लायन उदय चांदनी ने नये सदस्यों को क्लब की शपथ दिलवाई। इंस्टॉलेशन अफसर लायन बीरेंद्र गोयल ने अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित क्लब के अन्य पदाधिकारीयों को अपने-अपने कार्यों का दायित्व बोध कराया। मुख्य अतिथि ने वरिष्ठ सदस्य लायन एल. पी. गुप्ता सहित लायन शैलेंद्र पांडे, संजय अमिष्ट, संजय कुमार, मुकुल श्रीवास्तव, मनोज सिंह, दिलीप दुबे, बृजेश जायसवाल, सतिन परवाल, संजय जयसवाल, विष्णु मोदी, सुनील अग्रवाल को इंटरनेशनल पिन से सम्मानित किया। कार्यक्रम में लायंस विद्यालय के बच्चों ने गणेश वंदना और विभिन्न राज्यों के लोक संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति कर प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया?। अंत में कार्यक्रम संयोजक लायन संजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित कर उपस्थित सभी सदस्यों, अतिथियों और बच्चों को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया।

# सहोदय इटावा सीबीएसई स्कूल संगठन द्वारा गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सहोदय इटावा सीबीएसई स्कूल संगठन के तत्वावधान में गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ.कैलाश चंद्र यादव (डीटीसी, सीबीएसई एवं प्रधानाचार्य, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि आशीष पटेल भी उपस्थित रहे। डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। मैचों का संचालन आब्जर्वर अवलेंद्र (प्रधानाचार्य, डिवाइन लाइट)की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता में सहोदय संगठन से जुड़े प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, जिनमें एस.एन. यादव, अभिषेक सक्सेना, फादर शिजु, धर्मेंद्र शर्मा, बृजभूषण शर्मा, अनूप मिश्रा, भास्कर शर्मा और एच.एन.पांडेय प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्रबंधक पवन कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 22 टीमों के खिलाड़ियों, उनके कोचों और स्कूल प्रधानाचार्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन के लिए समर्पित प्रयासों हेतु देवेंद्र पाल जी का धन्यवाद किया। मैच रेफरी की भूमिका इंद्रपाल सिंह, भोला सिंह, लाल सिंह, नरदेव सिंह, संजय सिंह एवं भानु प्रताप सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता सेंट मेरी एवं विवेकानंद की टीमें रहीं। टीमों को मेडल, सर्टिफिकेट और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन खेलकूद के क्षेत्र में छात्राओं की प्रतिभा को निखारने और उनकी खेल भावना को बढ़ावा देने का बेहतरीन उदाहरण है।

# जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाये जवाबदेही

## हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदानः केशव प्रसाद मौर्य

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन में लगभग 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के जिला अधिकारियो, वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाये।

# पाकिस्तान के पाराचिनार में शिया मुसलमानों के कत्लेआम पर प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** पाकिस्तान में लगातार शिया समुदाय पर अत्याचार थम नहीं रहा, बीती 21 नवंबर को पाराचिनार पकिस्तान में आतंकवादी हमले में 110 बेक़सूर शिया मुसलमानो की टारगेट किलिंग की गयी जिनमे औरतें और बच्चे थे और उनमे एक 6 महीने का बच्चा भी शामिल था। इसके खिलाफ छोटा इमामबाड़ा , हुसैनाबाद लखनऊ में एक एहतिजाजी जलसे का आयोजन किया गया जिसमे शहीद हुए लोगो को श्रद्धांजिली दी गयी और साथ ही साथ पाकिस्तान के खिलाफ जम कर नारेबाजी हुई। इस जलसे को खिताब करते हुए मौलाना रज़ा हैदर साहब ने कहा के ऐसे हादसे बिना सरकार के मिलीभगत के नहीं होते और पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा है जहाँ कोई भी महफूज़ नहीं। जुल्म जुल्म होता है और पाराचिनार का जुल्म ग़ज़ा में हो रहे जुल्म की एक कड़ी है और ये एक अंतर्राष्ट्रीय साज़िश का एक हिस्सा है। और जो लोग चुप हैं वो भी इस जुल्म के बराबर के शरीक हैं। मौलाना अख्तर अब्बास जॉन साहब ने इस सभा को सम्भोधित करते हुए कहा के दुनिया में जुल्म का सिलसिला नहीं रुक रहा जिसकी वजह से दुनिया वर्ल्ड वॉर 3 की तरफ जा रही है और लगातार पाराचिनार में लोगों की क़त्ल की खबरें आती हैं और इस बार जुल्म की इन्तहा हो गयी, सफर करते हुए छोटे छोटे बच्चे और बेगुनाह लोगों को इस बेदर्दी से रोड पर क़त्ल करना हुकूमत की नाकामी है और इसका हम सख्ती से खंडन करते हैं। इस मौके पर मौके पर मौलाना हसनैन बाक़री साहब ने मजलिस को ख़िताब किया और पाकिस्तान सरकार की कड़ी निंदा की और कहा के ऐसे मौके पर हर धर्म के लोगों और बुध्जीविओं को जुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाना चाहिए और कहा की पाकिस्तान नहीं ये पापिस्तान है। इस मौके पर मौलाना इस्तेफा रज़ा , मौलाना मंज़र सादिक़ , मौलाना सक़लैन बाक़री , मौलाना ग़ज़नफ़र नवाब , मौलाना मुशाहिद आलम , मौलाना कमरुल हसन , मौलाना साबिर अली इमरानी और अन्य मौजूद रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 27 नवम्बर से

अवधनामा ब्यूरो

- पुनरीक्षण अवधि में 30 नवम्बर तथा 08 दिसम्बर, 2024 को विशेष अभियान तिथियां
- पुनरीक्षण कार्य से जुड़े कार्मिकों के स्थानान्तरण पर रोक

**लखनऊ।** उ0प्र0 के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 के आधार पर प्रदेश के 09 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। 16-मीरापुर, 29-कुन्दरकी, 86-गाजियाबाद, 71-खैर (अ0जा0), 110-करहल, 213-सीसामऊ, 256-फूलपुर, 277-कटेहरी तथा 397-मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27 नवम्बर, 2024 को आलेख प्रकाशन किया जायेगा।

27 नवम्बर से 12 दिसम्बर, 2024 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गयी है। इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में 30 नवम्बर तथा 08 दिसम्बर, 2024 को विशेष अभियान तिथियां हैं। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी, 2025 को किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से संबंद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि 27 नवम्बर, 2024 से 06 जनवरी, 2025 तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगाई गयी है।

# इजराइल भेजे जाने वाले श्रमिकों के स्किल टेस्ट की तैयारियां पूर्ण

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज लखनऊ में श्रमिकों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया के अंतर्गत स्किल टेस्ट की तैयारियों का सोमवार को निदेशक नेहा प्रकाश (आईएएस) ने निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक व्यावसायिक शिक्षा, अपर निदेशक सेवायोजन और संयुक्त निदेशक लखनऊ मंडल भी मौजूद रहे। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।

इजराइल में रोजगार के लिए जाने वाले श्रमिक 26 नवंबर, 2024 से अपना एडमिट कार्ड लेकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज में स्किल टेस्ट में भाग ले सकते हैं। यह प्रक्रिया सभी श्रमिकों की योग्यता और कौशल का आकलन सुनिश्चित करेगी।

# गांवों में निर्मित अमृत सरोवरों पर मनाया जाएगा संविधान दिवस

- अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष आयोजन करने के दिये गये निर्देश
- अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान की प्रस्तावना का होगा पाठ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर 2024 को प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। संविधान दिवस के अवसर पर गांवों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद कर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा। ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त जनपदों को संविधान दिवस मनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं। मुख्यालय से जारी पत्र में सभी जनपदों से कहा गया कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर 26 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे जनभागीदारी कराते हुए संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया जाए। पत्र में कहा गया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, सरकारी अधिकारी /कर्मचारी एवं स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन को हम हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। संविधान दिवस एक राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने वाले पर्व है, भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। प्रत्येक पृष्ठभूमि के लोगों तक इस आवश्यक ज्ञान की पहुँच हो, इसलिए विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में निर्मित किये गये अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

- प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के फेकेल्टी सदस्यों को दिया गया

**लखनऊ।** प्रदेश में नवजात शिशु मृत्युदर को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार पूर्णतः प्रतिवद्ध है और इसके लिए विभिन्न स्तरों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 29 फेकेल्टी सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टी.ओ.टी.) का आयोजन लखनऊ में किया गया। उक्त प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ पार्थ सारथी सेनशर्मा, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा उ.प्र. शासन द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्थ सारथी सेनशर्मा ने प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने व स्वास्थ्य सूचकांकों में आशातीत सकारात्मक परिवर्तन हेतु स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी दिशा में आज मेडिकल कॉलेज के फेकेल्टी सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। आज प्रशिक्षित किये जा रहे प्रशिक्षकों द्वारा शीघ्र ही प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा इकाइयों के सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट (एस.एन.सी.यू.) में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों के कौशल एवं क्षमता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। यह प्रयास प्रदेश में नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में नींव का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर महानिदेशक, परिवार कल्याण डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने कहा कि प्रशिक्षार्थियों से आशा है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल से नवजात शिशु देखभाल व उपचार कर रहे विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में तैनात चिकित्सा अधिकारी आम जन को लाभान्वित करेंगे।

## आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन 30 नवंबर को

**लखनऊ।** लखनऊ के विकासखण्ड मलिहाबाद स्थित ग्राम-महमूदनगर ढाल में जिलाधिकारी लखनऊ की अध्यक्षता में 30 नवम्बर, 2024 को प्रातः 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पं0 दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला /शिविर (मण्डल स्तर पर) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद के पशुपालकों को विभाग द्वारा विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पशु आरोग्य मेले/शिविर में रोगी पशुओं का अति विशिष्ट उपचार एवं औषधि वितरण, रोग ग्रस्त पशुओं की अल्ट्रासाउण्ड मशीन द्वारा जांच, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं बांझपन समस्या का निवारण, पशुओं की लघु शल्य चिकित्सा, निःशुल्क पशु टीकाकरण, पशुपालकों को पशुओं के पशुधन बीमा की सुविधा, पशुपालकों को पशुओं की उन्नत तकनीक की वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जायेगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में अनिल सिंह के भतीजे के विवाहोपरान्त आयोजित समारोह के अवसर पर

# लखनऊ से दुधवा के बीच हेली सर्विस शुरू

अवधनामा ब्यूरो




- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ
- हेली सर्विस से राज्य में इको-टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, बेहतर कनेक्टिविटी पर्यटकों के लिए सौगात : जयवीर सिंह
- अयोध्या से प्रयागराज और नैमिषारण्य को जोड़ने वाली उड़ानों की योजना : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा वन पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरूण कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ से दुधवा के बीच हेली सर्विस का शुभारंभ किया। इस वायुयान सेवा से राज्य के इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यटकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। दोनो मंत्रियों ने आज प्रातः चौधरी चरण सिंह अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से पहली उड़ान से लखीमपुर के पलिया हवाई पट्टी के लिए रवाना हुए।

लखनऊ से पलिया तक हवाई सेवा के शुभारंभ के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकृति के साथ तारतम्य बैठाते हुए एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया है। इसी को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार द्वारा इको-टूरिज्म बोर्ड का गठन किया गया है, जो प्रदेश के टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क के आस-पास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। दुधवा नेशनल पार्क, चूका बीच, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा अन्य पर्यटन स्थलों तक सुविधाजनक यात्रा के लिए सड़क, रेल और हवाई संपर्क में लगातार सुधार किया जा रहा है। इको-टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पर्यटको को दर्शनीय स्थलों तक कम समय में जाने के लिए हेली सेवायें प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। उत्तर प्रदेश जैसे प्राकृतिक विविधता पूर्ण प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने में यह सेवा मील का पत्थर साबित होगी। इसको सुचारू तथा निरंतर कार्यरत बनाने के लिए मेसर्स जेटसर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया गया था। उन्होंने कहा कि पहले लखनऊ से दुधवा तक सड़क मार्ग से यात्रा करने में साढ़े चार घंटे से अधिक का समय लगता था। अब यह दूरी हेली सर्विस के माध्यम से एक घंटे में तय की जा सकती है।

# नवजात एवं बाल स्वास्थ्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

अवधनामा ब्यूरो



- किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय(केजीएमयू) के पीडीऐट्रिक विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बनाया गया है ब्रिज कोर्स

**लखनऊ।** प्रदेश में नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एमबीबीस चिकित्सा अधिकारियों के क्षमता वर्धन हेतु 'ब्रिज कोर्स' का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से सोमवार को किया गया। कोर्स के शुभारंभ के साथ प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का भी आयोजन सोमवार को किया गया। ब्रिज कोर्स किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडीऐट्रिक विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बनाया गया है। प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए, प्रमुख सचिव स्वास्थ एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। एमबीबीएस स्वास्थ्य अधिकारियों के क्षमता वर्धन हेतु ब्रिज कॉर्से की परिकल्पना हुई। कोर्स का उद्देश्य एसएनसीयू में तैनात एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारियों को नवजात एवं बाल चिकित्सा एवं बेहतर देखभाक हेतु प्रशिक्षित करना है। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 101 एसएनसीयू हैं। ब्रिज कॉर्से की अवधि 12 हफ्ते ही होगी जिसमें 8 हफ्ते नूबॉर्न केयर (नवजात) और 4 हफ्ते पीडीऐट्रिक केयर (बाल चिकित्सा) के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सोमवार को आयोजित प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रदेश के 10 मेडिकल कॉलेज के व्याख्याताओं ने प्रतिभाग किया जो एमबीबीएस स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रशिक्षण करेंगे। महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ रतन पाल सिंह सुमन ने कहा, ब्रिज कोर्स एसएनसीयू में तैनात एमबीबीएस स्वास्थ अधिकारियों को नवजात की स्थिति के सही मूल्यांकन एवं उपचार हेतु प्रशिक्षित करेगा। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश प्रमुख के ओआईसी एवं कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अमित मेहरोत्रा, ने सामुदायिक रेफरल को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित किया और कहा की एसएनसीयू के विषय में लोगों की जागरूकता से शिशुओं को सही समय से भर्ती कर उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा एसएनसीयू में प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपस्थिति से नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार होगा एवं सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति को भी गति मिलेगी। कजीएमयू के पीडीऐट्रिक विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ माला कुमार ने बताया की ब्रिज कॉर्से वास्तविक जीवन की क्लीनिकल स्थितियों पर आधारित है। उन्होंने प्रशिक्षकों से कोर्स मॉड्यूल पर प्रतिक्रिया देने को कहा।

यूनिसेफ की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ कनुप्रिया सिंघल ने राज्य में नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए गत वर्षो में शुरू की गई प्रमुख पहलों पर भी चर्चा की जिसमें पारिवारिक भागीदारी /विकासात्मक सहायक देखभाल की शुरुआत, एसएनसीयू मेंटरिंग को मजबूत करना आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया जिनमें डॉ. शारदा चौधरी, अतिरिक्त निदेशक, डॉ. नीना वर्मा, संयुक्त निदेशक, डॉ. सूर्यांशु ओझा, जीएम-बाल स्वास्थ्य, एनएचएम, यूपी सरकार एवं यूनिसेफ और यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि शामिल थे।

## ट्रैक मैन बनेगा जे. ई. सुपरवाइजर, लोको पायलट

**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के निरंतर प्रयास और संघर्ष से ट्रैक पर कार्य करने वाले ग्रूप डी के ट्रैकमैन कर्मचारियों के लिये सुनहरा अवसर आगया है GDCE जनरल डिपार्टमेंटनल एग्जाम के माध्यम से अब ट्रैकमैंन लोको पायलट, सुपरवाइजर बनेगा। इस बात की जानकारी एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आर. एन गर्ग ने यूनियन के प्रचार करते समय ट्रैकमैनो को जानकारी दी, और चुनाव जीतने के बाद एन ई रेलवे मजदूर यूनियन दो साल मे GDCE निकलवाने कार्य किया जायेगा, जिससे इंजिनियरिंग विभाग के ग्रुप डी के कर्मचारियों क़ो प्रमोशन और अन्य विभागों मे जाने के सुनहरे अवसर मिलेंगे GDCE के माध्यम से 221 पोस्ट निकलवाने का कार्य एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के द्वारा किया गया है। मंडल मंत्री आर. एन गर्ग ने ट्रैकमैणो क़ो सम्बोधित करते हुए कहा की साथियो की अगर कोई असली हितैषी यूनियन है तो वो एन ई रेलवे मजदूर यूनियन है अन्य यूनियन ने सिर्फ ट्रैक मैनो से चन्द लेने और धोखा देने का कार्य किया है।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में निकाली गई रैली

अवधनामा ब्यूरो




- संविधान को जन जन तक पहुंचाने के प्रयास से ही अधिकारों की रक्षा संभव : प्रो. सुदर्शन वर्मा
- संविधान दिवस पर शहर के गणमान्य लोगों सहित रैली में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने दिखाई अपनी सहभागिता
- संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थियों ने जीते कई पुरस्कार

**लखनऊ।** 75वें संविधान दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से कैंपस में 25 नवंबर को संविधान रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली विधि विभाग से शुरू होकर गौतबुद्ध सेंट्रल लाइब्रेरी होते हुए बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 सुदर्शन वर्मा, प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष, विधि विभाग ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए बताया कि संविधान को जन जन तक पहुंचाने से ही सभी के अधिकारों की रक्षा हो सकती है। इसलिए सभी को संविधान का सम्मान और रक्षा करनी होगी, हर एक कि अधिकार संविधान में ही निहित है। आगे उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने संविधान दिवस को पूरे देश में मनाने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ0 सुफिया, एसोसिएट प्रोफेसर, विधि विभाग ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संविधान प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा की भारत के संविधान से ही देश की एकता और अखंडता बनी हुई है। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री जय सिंह ने सभी अतिथियों व् संविधान प्रेमियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन दिया और कहा कि संविधान के प्रति अपना सम्मान कि भावना को मन में रखते हुए सभी को संविधान की रक्षा करना है। इस कार्यक्रम में संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजयी प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को विभाग की तरफ से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।